RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 306
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 14 सितंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




मैं बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग दोनों के लिए तैयार था

स्पोर्ट्स-12

# इंडिया गठबंधन की बैठक में सीट बंटवारे पर नहीं हुई चर्चा

- अक्टूबर के पहले सप्ताह में भोपाल मे पहली सभा के बाद देशभर में चलेगा अभियान
- समन्वय समिति की बैठक में टकराव और मतभेद से बचने का प्रयास

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली

**लोकसभा** 2024 चुनाव में मोदी रथ रोकने के लिए बुधवार को तीन महीने पुराने विपक्षी दलों के गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) ने बुधवार को अपनी पहली समन्वय बैठक की। बैठक में किसी भी टकराव और किसी भी मतभेद से बचने के लिए गठबंधन ने सीट बंटवारे पर चर्चा करने से पूरी तरह से परहेज किया गया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि इंडिया गठबंधन की पहली जनसभा मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में अक्टूबर के पहले सप्ताह में होगी। इसके साथ ही देश के विभिन्न हिस्सों में विपक्षी दलों के गठबंधन की संयुक्त जनसभाएं शुरू होंगी। सूत्रों ने कहा कि आपसी हित के चलते



राजधानी दिल्ली में एनसीपी प्रमुख शरद पवार के आवास पर आयोजित इंडिया गठबंधन समन्वय समिति की पहली बैठक में विपक्षी दलों के प्रमुख नेता।

इंडिया गठबंधन को बातचीत में चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। जहां महाराष्ट्र में राकांपा, शिव सेना और कांग्रेस साझेदार है, तमिलनाडु में द्रमुक और कांग्रेस साझेदार हैं और बिहार में जदयू, राजद, कांग्रेस और वाम दलों का गठबंधन है, वहीं दिल्ली, पंजाब में आप और कांग्रेस हित टकरा रहे हैं जहां आप सत्ता में है। जबकि पश्चिम बंगाल में टीएमसी, कांग्रेस और वामपंथी हितधारक हैं।

सूत्रों ने कहा कि कई विपक्षी दलों के नेताओं ने जल्द सीट-बंटवारे का फॉर्मूला तैयार करने की मांग की है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि लोकसभा सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों के खिलाफ संयुक्त विपक्ष का उम्मीदवार खड़ा किया जाए। हालाँकि, कई नेताओं ने कहा कि पार्टियों को इस तरह के फॉर्मूले पर पहुंचने के लिए उन्हें 'अपने अहंकार' और 'निहित स्वार्थों' को छोड़ना होगा। बैठक से पहले एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार ने कहा कि यह समझना स्वाभाविक है कि सीट बंटवारे पर समन्वय सदस्यों की बैठक में चर्चा नहीं की जा सकती है और यह पार्टी प्रमुखों और शीर्ष नेताओं के बीच होनी चाहिए। हालांकि, समन्वय समिति ने अक्टूबर के पहले सप्ताह में चुनावी राज्य मध्य प्रदेश के भोपाल में अपनी पहली संयुक्त सार्वजनिक बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया, जहां गठबंधन के शीर्ष नेताओं द्वारा बढ़ती कीमतों, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और जाति जनगणना से संबंधित मुद्दों को उठाया जाएगा। सूत्रों ने कहा कि सीट बंटवारे के संवेदनशील विषय को न छूने का एक कारण यह था कि मुख्य घटक दल में से एक टीएमसी सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी यूरोप की आधिकारिक यात्रा पर हैं। कांग्रेस के संगठन महासचिव और इस समन्वय समिति के सदस्य केसी वेणुगोपाल ने बताया कि विपक्षी गठबंधन ने कुछ समाचार चैनल के एंकरों के कार्यक्रमों के बहिष्कार पर भी सहमति जताई है और इस बारे में इंडिया गठबंधन का मीडिया पैनल फैसला करेगा। वे किन एंकरों के कार्यक्रम में विपक्षी गठबंधन के घटक दलों के प्रतिनिधि शामिल नहीं होंगे।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार के नई दिल्ली स्थित आवास पर यह बैठक हुई। बैठक में शरद पवार के अलावा, कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल, द्रमुक के टीआर बालू, राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव, जनता दल (यूनाइटेड) के संजय झा, आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा, शिवसेना (यूबीटी) के संजय राउत, नेशनल कॉन्फ्रेंस के उमर अब्दुल्ला, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की महबूबा मुफ्ती, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के डी. राजा, और समाजवादी पार्टी के जावेद अली खान शामिल हुए। बैठक शुरू होने के काफी देर (शेष पेज 9)

# सनातन विरोधी है इंडिया गठबंधनः भाजपा

- विपक्षी नेता सनातन धर्म पर हमला करने की योजना पर काम कर रहे हैं और अपमानजनक टिप्पणियां कर रहे हैं: पात्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**द्रविड़** मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) के नेताओं की ओर से की जा रही सनातन धर्म विरोधी टिप्पणियों के मद्देनजर विपक्ष पर हमला जारी रखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को विपक्षी दलों के गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस यानी इंडिया की समन्वय समिति को हिंदू विरोधी समन्वय समिति करार दिया।

सत्ताधारी पार्टी के नेता ने कहा अब यह स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है कि चाहे तमिलनाडु हो, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र हो या बिहार, विपक्षी नेता सनातन धर्म पर हमला करने की योजना पर काम कर रहे हैं और लगातार इसके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि इन सभी विपक्षी दलों के नेता भ्रष्टाचार के मामलों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने सनातन धर्म विरोधी टिप्पणियों पर




चुप्पी साधने के लिए सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर भी हमला बोला। इस बीच, भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने आरोप लगाया कि इंडिया का एजेंडा सनातन धर्म को खत्म करना है। राष्ट्रीय राजधानी में विपक्षी गठबंधन की समन्वय समिति की पहली बैठक के बारे में पात्रा ने कहा कि इसका स्पष्ट एजेंडा पार्टियों के बीच सीट बंटवारे को लेकर हो सकता है लेकिन वास्तव में वे इस बात पर चर्चा करेंगे कि सनातन धर्म को कैसे खत्म किया जाए।

इंडिया पर निशाना साधते हुए ठाकुर ने मीडिया से बातचीत में कहा, इंडिया गठबंधन के कई नेता भ्रष्टाचार और घोटाले के आरोपों का सामना कर रहे हैं। कोई जमानत पर है तो कोई जेल जा चुका है। लोग उन सभी को जानते हैं। नाम बदलने से मदद नहीं मिलेगी। बाबा साहेब आंबेडकर का कांग्रेस पार्टी से ज्यादा अपमान किसी ने नहीं किया। संविधान किसी को भी किसी की (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### आजम खां के खिलाफ कर चोरी के मामले में आयकर विभाग ने मारे छापे

**लखनऊ।** आयकर विभाग ने बुधवार को समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री आजम खान और उनसे जुड़े लोगों के खिलाफ कर चोरी की जांच के तहत उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में 30 से अधिक स्थानों पर छापा मारा। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यह छापेमारी उत्तर प्रदेश के रामपुर, सहारनपुर, लखनऊ, गाजियाबाद और मेरठ के अलावा पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश के कुछ परिसरों मे की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई सपा नेता आजम खान और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा संचालित कुछ ट्रस्ट और संगठनों से संबंधित है। सपा ने इस छापेमारी की कार्रवाई पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। पार्टी ने आजम और उनसे जुड़े लोगों के खिलाफ आयकर विभाग की छापेमारी को तानाशाही और केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करार दिया तथा यह भी कहा कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव मे जनता इसका जवाब देगी। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भी बिना किसी का जिक्र किए छापेमारी को लेकर सरकार पर हमला किया। यादव ने एक्स पर लिखा, सरकार जितनी कमजोर होगी, विपक्ष पर छापे उतने ही बढ़ेंगे।


# भाजपा मुख्यालय में मोदी का शानदार स्वागत

- जी20 की कामयाबी पर पार्टी ने मनाया जश्न

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**जी-20** शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन के बाद पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को भाजपा मुख्यालय पहुंचे जहां कार्यकर्ताओं ने उन पर फूलों की बारिश की और मोदी-मोदी के नारे लगाए। प्रधानमंत्री ने भी कार्यकर्ताओं और पार्टियों नेताओं का अभिवादन किया। यहां पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उनका स्वागत किया।

जी-20 की सफलता के बाद से पीएम मोदी को देश दुनिया दुनिया भर से बधाई मिल रही है। भाजपा मुख्यालय पहुंचने पर वहां बड़ी संख्या में मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री पर फूलों की वर्षा की। इससे पहले, भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी मुख्यालय पहुंचने पर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। भाजपा अक्सर अपने राजनीतिक संवाद में मोदी के नेतृत्व की वैश्विक मान्यता



जी 20 के सफल आयोजन के बाद भाजपा मुख्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पुष्प वर्षा कर स्वागत करते कार्यकर्ता

और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के बढ़े हुए कद को प्रमुखता से उठाती रही है। यह एक ऐसा मुद्दा है जो जी20 की बैठक के बाद पार्टी नेताओं की ओर से और भी प्रमुखता से उठाया जा सकता है। सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि जी-20 में प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के सर्वमान्य नेता के रूप में उभरे हैं। सोलर एलायंस के बाद जी-20 बैठक के दौरान घोषित बायोफ्यूल एलायंस और मिशन लाइफ (लाइफ स्टाइल फार इंवारमेंट) का हवाला देते हुए ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी एक मैन आफ ग्लोबल एलायंस के रूप में विश्व पटल पर उभरे हैं। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक आगामी विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के उम्मीदवारों के नामों पर विचार-विमर्श करने के लिए होगी।

मोदी के अलावा केंद्रीय मंत्री अमित शाह और राजनाथ सिंह सहित अन्य वरिष्ठ नेता व सीईसी के सदस्य इस बैठक में शामिल होने के लिए पार्टी मुख्यालय पहुंचे। सूत्रों का कहना है कि सीईसी में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा हो सकती है। बहुत संभावना है कि मध्य प्रदेश की कुछ सीटों पर उम्मीदवार तय किए जा सकते हैं। सीईसी ने पिछले महीने बैठक की थी और मध्य प्रदेश में 39 सीटों और छत्तीसगढ़ के लिए 21 (शेष पेज 9)

# सरकार ने 17 को बुलाई सर्वदलीय बैठक

- संसद सत्र से पहले एजेंडे व सदन को सुचारू रूप से चलाने पर चर्चा की संभावना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**संसद** के पांच दिवसीय विशेष सत्र से एक दिन पहले केंद्र सरकार ने 17 सितंबर को सभी राजनीतिक दलों के नेताओं की सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस बैठक में एजेंडे और सदन को सुचारू रूप से चलाने पर चर्चा होने की संभावना है। संसद का विशेष सत्र अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले हो रहा है।

संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने 18 सितंबर से 22 सितंबर तक आने वाले विशेष सत्र में क्या होगा, इस बारे में कोई जानकारी साझा नहीं की है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया, बैठक का निमंत्रण सभी संबंधित नेताओं को ई-मेल के माध्यम से भेजा गया है। गत 31 अगस्त को, जोशी ने 18 सितंबर से पांच दिनों के लिए संसद के विशेष सत्र बुलाने की घोषणा की थी, लेकिन इसके लिए कोई विशिष्ट एजेंडा नहीं बताया था। जोशी ने एक्स कहा कि अमृत काल के बीच, संसद में सार्थक चर्चा और बहस की उम्मीद है। विशेष सत्र 18 सितंबर को पुराने भवन में शुरू होगा। इसके अगले दिन यानी 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी के दिन नए संसद भवन में स्थानांतरित किया जाएगा। इस सत्र में एक राष्ट, एक चुनाव, देश का नाम इंडिया से बदलकर भारत करने, महिला आरक्षण का मुद्दा, समान नागरिक संहिता या लोकसभा चुनावों समेत कई बड़े मुद्दों परचर्चा होने की अटकलें लगाई जा रही हैं।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पहले आशंका जताई थीं कि सरकार लोकसभा चुनाव पहले करा सकती है या फिर मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के साथ कराया जा सकता है। एक राष्ट्र-एक चुनाव पर सरकार ने पहले ही पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है। संसद के विशेष सत्र के दौरान एजेंडा क्या होने वाला है इसकी जानकारी नहीं देने को लेकर कांग्रेस ने बुधवार को एक बार फिर सवाल उठाया और कहा कि सत्र शुरू होने में मात्र पांच दिन शेष है, लेकिन शायद दो व्यक्ति को छोड़कर एजेंडे के बारे में किसी के पास कोई जानकारी नहीं है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोमशल मीडिय एक्स पर अतीत में बुलाई गई संसद की कुछ विशेष बैठकों का जिक्र करते हुए कहा विशेष बैठकों से पहले कार्यसूची की जानकारी उपलब्ध होती थी।

उन्होंने कहा, 26 नवंबर, 2019 को संविधान की 70वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सेंट्रल हॉल में एक विशेष बैठक आयोजित की गई थी। इससे पहले जीएसटी को लागू करने के लिए 30 जून, 2017 की आधी रात को सेंट्रल हॉल में एक संयुक्त विशेष सत्र आयोजित किया गया था। रमेश ने बताया कि 26 और 27 नवंबर, 2015 को संविधान दिवस मनाने के लिए एक विशेष बैठक आयोजित की गई थी। 13 मई, 2012 में राज्यसभा और लोकसभा की पहली बैठक की 60वीं वर्षगांठ मनाने के लिए विशेष बैठक। 22 (शेष पेज 9)

# आतंकियों से मुठभेड़ में कर्नल, मेजर और पुलिस उपाधीक्षक बलिदान

- राजौरी में सुरक्षा बलों ने दूसरे आतंकवादी को भी मार गिराया

**भाषा।** श्रीनगर

**जम्मू-कश्मीर** के अनंतनाग जिले के कोकेरनाग के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सेना के एक कर्नल, एक मेजर और जम्मू कश्मीर पुलिस के एक उपाधीक्षक बलिदान हो गए। वहीं जम्मू कश्मीर के राजौरी के एक सुदूरवर्ती गांव में एक मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबलों ने दूसरे आतंकी को भी मार गिराया। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार सुबह अनंतनाग जिले के गारोल इलाके में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में 19 राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष



मुठभेड़ के बारे में पत्रकारों को जानकारी देते सेना के वरिष्ठ अधिकारी

धोनैक और पुलिस उपाधीक्षक हुमायूं भट गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्होंने बताया कि इलाज के दौरान इन अधिकारियों की मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि दो महीने की बेटी के पिता एवं जम्मू कश्मीर पुलिस के सेवानिवृत्त महानिरीक्षक गुलाम हसन भट के बेटे भट की काफी रक्तस्राव होने के कारण मृत्यु हो गई। आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के छद्म समूह प्रतिबंधित रेजिस्टेंस फ्रंट ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। अधिकारियों का मानना है कि ए उन्हीं आतंकवादियों का समूह है, जिन्होंने चार (शेष पेज 9)

# देशभर में 62 नए हाथी गलियारों की हुई पहचान

- केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट में दी गई जानकारी
- पश्चिम बंगाल 26 गलियारों के साथ सूची में सबसे आगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** में 62 नए हाथी गलियारों के साथ 15 रेंज-राज्यों में 150 हाथी गलियारों की पहचान की गई है। इसमें पश्चिम बंगाल 26 ऐसे गलियारों के साथ सूची में शीर्ष पर है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है।

केंद्र सरकार की वर्ष 2010 की हाथी कार्य बल रिपोर्ट (गजः रिपोर्ट) में देश में विशालकाय हाथियों के



प्रतीकात्मक चित्र

लिए ऐसे 88 गलियारे सूचीबद्ध किए गए थे। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि यह प्रगति राज्य वन विभागों और हाथी परियोजना के बीच सहयोगात्मक प्रयास है, जो मानव-हाथी संघर्ष को रोकने के लिए विशालकाय जीव के लिए सुरक्षित प्रवासी मार्गों पर काम करने की आवश्यकता को रेखांकित करती है।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय की भारत के हाथी गलियारे शीर्षक से ताजा रिपोर्ट सामने आई है। इसमें जिक्र किया गया है कि 69 गलियारों में हाथियों की गतिविधियां बढ़ी हैं, 29 गलियारों में स्थिर रही और 29 अन्य गलियारों में हाथियों की गतिविधियों में कमी आई है। कुल गलियारों में से 15 को क्षति पहुंची है और उनकी कार्यक्षमता बहाल करने के लिए पुर्नस्थापन प्रयासों की आवश्यकता है। हाथियों द्वारा 18 गलियारों के वर्तमान में उपयोग के संबंध में जानकारी उपलब्ध नहीं थी। भारत में, प्रति वर्ष मानव-पशु संघर्ष में लगभग 400 लोगों की और 100 विशालकाय जीव मर जाते हैं। जिसे हर दिन बढ़ने का खतरा है। तेजी से शहरीकरण, राजमार्गों, या खनन जैसे औद्योगिक विकास के कारण हाथियों का प्राकृतिक आवास तेजी से खंडित हो रहा है।

जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान की अधिकता और मौसम में बदलाव ने पहले ही संसाधनों और चारे की कमी के चलते उनकी परेशानियों को बढ़ा दिया है। भारत में हाथियों के निवास वाले चार क्षेत्रों में से, पूर्व-मध्य क्षेत्र में 52 हाथी गलियारों की संख्या सबसे अधिक है, इसके बाद पूर्वोत्तर क्षेत्र में 48 और दक्षिणी क्षेत्र में 32 हाथी गलियारें हैं। उत्तरी क्षेत्र में हाथी गलियारों की संख्या सबसे कम 18 है। हाथी गलियारा एक (शेष पेज 9)

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 14 सितंबर, 2023



# गाजियाबाद-नोएडा में डेंगू से 4 दिन में 3 मौतें

## बुखार वाले मरीजों की कराई जा रही है जांच, 17 लोगों में डेन-2 स्ट्रेन मिला

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा/ गाजियाबाद


नोएडा के सरकारी अस्पताल में उमड़ी मरीजों और तिमारदारों की भीड़।

गाजियाबाद-नोएडा में तेजी से डेंगू फैल रहा है। यहां 4 दिन में 3 लोगों की मौत हुई है। नोएडा में 50 में से 17 मरीजों में डेन-2 स्ट्रेन मिला है। पूरे प्रदेश की बात करें, तो 5 महीने में 3400 डेंगू के मरीज सामने आ चुके हैं। इस दौरान गाजियाबाद-नोएडा में 755 केस मिले हैं। दोनों जिलों में ओपीडी मरीजों से फुल है।

स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि बुखार के जितने भी मरीज आ रहे हैं, उन सबकी डेंगू की जांच कराई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, गाजियाबाद में 12 सितंबर को डेंगू के 10 नए केस मिले।

यहां अब तक 432 केस मिल चुके हैं। हेल्थ टीमों ने 7449 घरों के सर्वे किया है। इस दौरान 141 घर ऐसे मिले, जहां एडीज लार्वा मिला है। 31 अगस्त को एक युवा कारोबारी की डेंगू से मौत हुई थी। 2 दिन पहले एक और महिला की मौत हुई। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग ने जांच के बाद ये दावा किया कि महिला की मौत डेंगू नहीं, किसी अन्य बीमारी की वजह से हुई थी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर भवतोष शंखधर ने बताया, एमएमजी और संयुक्त जिला चिकित्सालय सहित सभी सीएचसी और पीएचसी में डेंगू वार्ड पहले से बने हुए हैं। अस्पतालों की ओपीडी में जितने भी बुखार पीड़ित आ रहे हैं, उनकी दो स्तर पर डेंगू जांच कराई जा रही है। जांच में यदि डेंगू की पुष्टि हो जाती है तो संबंधित मरीज के घर पर टीम भेजकर फॉगिंग कराई जाती है और उसके सारे फैमिली मेंबर्स को जरूरत की मेडिसिन दी जाती हैं। फिलहाल गाजियाबाद में घबराने जैसी कोई बात नहीं है।

नोएडा में मई से लेकर अब तक डेंगू के 323 मरीज मिल चुके हैं। यहां 3 सितंबर को होम्योपैथी डॉ 28 वर्षीय अक्षिता सिंह की मौत हो गई थी। पहले इनकी एलाइजा रिपोर्ट पॉजिटिव आई। फिर रैपिड टेस्ट में डेंगू रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इससे 3 दिन पहले नोएडा के हर्ष गर्ग उर्फ गुल्लू की गुरुग्राम के आर्टेमिस अस्पताल में डेंगू से मौत हो गई थी।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट की हाईराइज सोसाइटीज में भी डेंगू के केस लगातार मिल रहे हैं। करीब 15 सोसाइटी में 80 से ज्यादा केस निकल चुके हैं। अजनारा होम्स और पंचशील हाइनिश सोसाइटी में 20.20 केस डेंगू के हैं। नोएडा के जिला मलेरिया अधिकारी डॉक्टर राजेश शर्मा ने बताया, डी.स्ट्रेन के मरीजों में प्लेटलेट्स की भारी कमी होती है।

शरीर पर लाल चकते बनने शुरू हो जाते हैं और ब्लीडिंग भी होती है। यानी ये डेन-2 डेंगू मरीजों के लिए ज्यादा घातक साबित होता है। उन्होंने बताया, डेंगू जांच के लिए एलाइजा रिपोर्ट अहम है।

रैपिड कार्ड के जरिए जो टेस्ट हो रहे हैं, उनमें बिना लक्षण वाले मरीजों में भी डेंगू पाया जा रहा है। लेकिन एलाइजा रिपोर्ट में वही मरीज नेगेटिव आ रहे हैं। इसलिए हम उन्हीं मरीजों को डेंगू मान रहे हैं, जिनकी एलाइजा रिपोर्ट भी पॉजिटिव आ रही है।

## सुपरटेक-जेपी एसोसिएट का ऑफिस सील

**नोएडा।** 70 करोड़ का बकाया नहीं देने पर जिला प्रशासन ने सुपरटेक लिमिटेड और जेपी एसोसिएट दोनों बिल्डरों के सेल ऑफिस सील कर दिए है। इन दोनों पर 35.35 करोड़ बकाया है। रेरा ने आरसी जारी कर जिला प्रशासन को कार्रवाई के लिए कहा था। जिसके बाद जिला प्रशासन ने दोनों के कार्यालय को सील किया।

एसडीएम दादरी आलोक गुप्ता ने बताया, दोनों ही बिल्डरों को कई बार नोटिस जारी किया गया था। इसका न तो जवाब दिया गया और न पैसे जमा किए गए। इसके बाद प्रशासन की टीम ने एक्शन लेते हुए सेक्टर-96 स्थित सुपरटेक और सेक्टर-128 स्थित जेपी के कार्यालय पहुंची और दोनों ऑफिस सील कर दिया। वहीं, एसडीएम ने बताया कि वेव ग्रुप पर भी 50 करोड़ रुपए से अधिक का बकाया है। ग्रुप की 38 दुकानों की दो बार नीलामी आयोजित की गई, पर कोई बोली दाता नहीं आया। इस संबंध में प्रशासन ने रेरा और डीएम को रिपोर्ट भेजकर मार्गदर्शन मांगा है।

## संक्षिप्त समाचार


सीओ लोकेश एम ने निर्माणधीन अंतरराष्ट्रीय गोल्फ कोर्स का निरीक्षण किया।

### ग्रेटर नोएडा आएंगे मुख्य सचिव व डीजीपी

**नोएडा।** आगामी 21 से 25 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के परिसर में आयोजित होने जा रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो एवं बुद्ध इंटरनेशनल स्पोर्ट सिटी ग्रेटर नोएडा में होने वाले मोटो जीपी कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक, प्राधिकरण एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी अपनी-अपनी तैयारी को अंतिम रूप प्रदान कर रहे हैं, ताकि उक्त दोनों कार्यक्रमों को जनपद में सकुशल भव्यता के साथ संपन्न कराया जा सके। जिला प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों का जायजा लेने कल ग्रेटर नोएडा में मुख्य सचिव और डीजीपी आयेंगे। इस दौरान वे मोटो जीपी कार्यक्रम स्थल एवं इंडिया एक्सपो मार्ट ग्रेटर नोएडा में पहुंचकर तैयारियों का जायजा लेंगे।

### ग्रेटर नोएडा में नाले में मिला शव

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में कासना क्षेत्र के अंतर्गत सिरसा गोल चक्कर के पास बुधवार को एक नाले की सफाई के दौरान आंशिक रूप से क्षत-विक्षत शव मिला, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने कहा, सुबह ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के कर्मचारी सिरसा चौराहे के पास एक नाले की सफाई कर रहे थे, तभी उन्होंने वहां एक शव देखा और पुलिस को इस बारे में सूचित किया। कासना के थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार शुक्ला ने कहा, प्रतीत होता है कि शव कई महीने पुराना है। इसकी पहचान सुनिश्चित करने के प्रयास जारी हैं।

### गन्ना भुगतान की मांग को लेकर भाकियू का प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में गन्ना भुगतान व अन्य मांगों को लेकर भाकियू अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने मोदीनगर तहसील पर प्रदर्शन कर जमकर हंगामा किया। गन्ना विभाग व मिल प्रबंधन की और से कोई अधिकारी ना आने पर तहसीलदार को चार घंटे तक धरना स्थल पर ही बैठाकर रखा। लिखित आश्वासन के बाद ही किसान ने प्रशासन को दो दिन का समय दिया है। भाकियू अराजनैतिक के प्रदेश उपाध्यक्ष राजवीरके नेतृत्व में सैकड़ों किसान एकत्र होकर मोदीनगर तहसील पहुंचे। प्रदर्शन कर जमकर हंगामा किया। किसान उपजिलाधिकारी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए।

### ग्रेनो में अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में वकीलों ने बुधवार को जमकर प्रदर्शन किया। अधिवक्ता इकट्ठा होकर सूरजपुर परी चौक मार्ग पर पहुंच गए और उन्होंने रोड पर जाम लगा दिया। हिपुड़ में वकीलों पर किए गए लाठी चार्ज को लेकर इन लोगों के द्वारा यह प्रदर्शन किया गया था। हापुड़ में पिछले महीने 29 अगस्त को प्रदर्शन कर रहे वकीलों पर पुलिस के द्वारा लाठीचार्ज किया गया था। इसी मामले में वकील लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं।

## भारत सिटी की लिफ्ट में 15 मिनट फंसे रहे बच्चे

- सोसाइटी के लोग बोले- एक महीने के भीतर तीसरी बार अटकी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद की भारत सिटी सोसाइटी में लिफ्ट अटकने से दो बच्चे करीब 15 मिनट तक फंसे रहे। वे रोते रहे और शोर मचाते रहे। मैनुअल तरीके से लिफ्ट को खोलकर दोनों बच्चों को बाहर निकाला गया था।

एक दिन पहले भी दूसरी सोसाइटी में लिफ्ट अटकने से बीजेपी पार्षद की पत्नी 15-20 मिनट तक फंसी रही थीं। लगातार ऐसी घटनाओं से रेजिडेंट्स जहां गुस्से में हैं, वहीं अब वे लिफ्ट का प्रयोग करने से डर भी रहे हैं। भारत सिटी सोसाइटी गाजियाबाद के टीला मोड़ इलाके में है। यहां दो बच्चे खेलने के बाद आठवीं मंजिल पर जाने के लिए जी.2 टॉवर की लिफ्ट में सवार हुए। ये लिफ्ट पहली और दूसरी मंजिल के बीच में ही अटक गई। इससे बच्चे घबरा गए और रोने लगे। बच्चों के रोने की आवाज सुनकर कुछ रेजिडेंट्स ने सिक्योरिटी गार्ड को बुलाया, लेकिन उसको लिफ्ट के बारे में कोई जानकारी नहीं दी।

इसके बाद मेंटिनेंस टीम को फोन करके बुलाया गया। मेंटिनेंस कर्मचारी ने पहुंचकर लिफ्ट को मैनुअली खोला और दोनों बच्चों को बाहर निकाला। इस पूरे घटनाक्रम में करीब 15 मिनट लग गए।

## नगर आयुक्त ने जांच कमेटी से बाहर किए आउटसोर्स कर्मी

**गाजियाबाद।** कॉल सेंटर का रखरखाव करने वाली कंपनी की जांच कमेटी में एक आउट सोर्स कर्मचारी को शामिल करने के बाद उठे सवाल के बाद नगर आयुक्त ने जांच टीम में संशोधन कर दिया।

अब जांच टीम में आउट सोर्स कर्मचारी मुबारक हुसैनके स्थान पर जीएम जल आनंद त्रिपाठी को शामिल किया गया है। दरअसल नगर आयुक्त विक्रमादित्य की ओर से जांच टीम का गठन किया गया था। जांच टीम में पहले नगर निगम की ओर से निगम के चीफ इंजीनियर एनके चौधरी और मुख्य लेखा परीक्षक विवेक सिंह के अलावा आउट सोर्स कर्मचारी मुबारक को भी शामिल किया गया था। इसको लेकर मीडिया में सवाल उठ रहे थे। सवाल था कि आउट सोर्स कर्मचारी को कैसे कमेटी में शामिल किया जा सकता है।

## बॉलीवुड कलाकार अलीशा खान की मां ने फर्जीवाड़ा कर बेची सेना की जमीन, गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



गाजियाबाद में सेना की करोड़ों रुपए की जमीन फर्जीवाड़े से बेचने के आरोप में पुलिस ने बॉलीवुड एक्ट्रेस अलीशा खान की मां परवीन बेगम को गिरफ्तार किया है।

पुलिस का दावा है कि सेना की जमीन करीब 10 करोड़ रुपए में बेची गई थी। इसमें से 47 लाख रुपए परवीन बेगम के बैंक खाते में आए थे। सब रजिस्ट्रार ने इस केस में 28 जून को थाना सिहानी गेट में एफ आईआर कराई थी। सब रजिस्ट्रार के अनुसार, विजयनगर थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव में खसरा नंबर-529 सेना की जमीन है। 18710 वर्गमीटर जमीन साढ़े 10 करोड़ रुपए में मजीद नामक शख्स ने समीर मलिक को बेच दी। ये रजिस्ट्री 17 अगस्त 2022 को हुई। इस बैनामे में जमीन को खाली दिखाया गया। जबकि इस जमीन पर घनी आबादी बसी हुई है।

पुलिस ने एफआईआर में मजीद, समीर मलिक, रजिस्ट्री के गवाह ओमपाल और नीरज को आरोपी बनाया था। मजीद को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। रितेश त्रिपाठी ने बताया कि मंगलवार को इस केस में फिरदौस बिल्डिंग में रहने वाली परवीन बेगम को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस जमीन के दस्तावेज परवीन बेगम के पास थे। इन दस्तावेजों में खसरा नंबर-529 को वक्फबोर्ड की जमीन दर्शाया गया है। इसलिए परवीन उसको बेच नहीं सकती थी। ऐसे में परवीन ने नई प्लानिंग बनाई। उसने एक पट्टा मजीद के नाम कर दिया। मजीद ने इसी पट्टे को आधार बनाकर ये जमीन अन्य लोगों को बेच दी। पुलिस के मुताबिक, परवीन बेगम के खाते में 47 लाख रुपए आए थे। बैंक से इसकी पुष्टि हुई है। महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस अलीशा खान गाजिबाद की रहने वाली हैं। वे गाजियाबाद को बसाने वाले गाजीउद्दीन की वंशज होने का दावा करती हैं।

**ADMISSION NOTICE**

एस.सी.ई.आर.टी के संबंद्ध संस्थान के लिए डीपीएसई (2023-25) के तहत प्रबंधन कोटा के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।

आवेदन की अंतिम तारीख: 27.09.2023

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें।

**Satyam International Polytechnic**
GD Block, Near Pitampura Metro Station, Pitampura, Delhi-110088 Ph: 9711396842

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our Client that Mrs. Kiran Bhatia and Mrs. Sudha Gulati are joint owners of Entire Ground Floor without terrace roof rights of Property bearing No. 19/21, area measuring 88.1 sq. yards, Situated at Old Rajinder Nagar, New Delhi. " the said property" by virtue of Relinquishment Deed dt. 02.06.2003/03.06.2003, (for ½ undivided share in the name of Mrs. Kiran Bhatia), & Sale deed dt. 14.09.2011 /16.09.2011 (for remaining ½ undivided share in the name of Mrs. Sudha Gulati), All persons including other legal heirs if any are hereby informed that above mentioned owners want to sell the said floor to someone who is taking Home Loan facility for purchase the said floor from our client, if anybody has any objection/s upon the ownership of Mrs. Kiran Bhatia & Mrs. Sudha Gulati in respect of the said floor its Sale /Mortgage/Litigation, & any kind of objection kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 legal@knalegal.com

**सार्वजनिक सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री चन्दर बहन कालरा पुत्र श्री नवनीत बहन कालरा, Plot Bearing No. 156/A, area bearing 134.11 Sq. Yards, situated in the layout plan of The Dera Ismail Khan Co- operative House Building Society Ltd., in the area of Village-Rajpur, Chaonni, & Malikpur Chaonni, now known as Derewal Nagar, Delhi., के त्याग विलेख दिनांक 23.04.2007 क्रमांक संख्या 4850 द्वारा मालिक हैं। उपरोक्त संपत्ति पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा बंधक प्रस्तावित है। उपरोक्त संपत्ति के स्वामित्व सम्बंधित मूल दस्तावेज़ Conveyance Deed (Freehold Transfer Deed) दिनांक 20.06.2005 क्रमांक संख्या 1183 पुराना और लेमिनेटेड है और अब इसे डी-लेमिनेट करना मुश्किल है।यदि किसी व्यक्ति (ओं) को इस संपत्ति में कोई आपत्ति या दवा हैं, तो हमे इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें! अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा की किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है!

**राघव तिवारी, अधिवक्ता**
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली 110001
Mob.:+91-8076188328

## आजम खान की करीबी एकता कौशिक के घर पर गाजियाबाद पुलिस की छापेमारी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



आयकर विभाग ने गाजियाबाद में एकता कौशिक के घर पर छापेमारी की है। ये छानबीन गाजियाबाद के राजनगर स्थित आवास पर बुधवार सुबह से चल रही है। घर के गेट बंद हैं। किसी को अंदर आने या बाहर जाने की परमिशन नहीं है।

एकता की गिनती आजम खान फैमिली के करीबियों में होती है और वही जौहर अली ट्रस्ट का ज्यादातर कामकाज संभालती हैं। सूत्रों के मुताबिक, एकता कौशिक ने आजम खान के बेटे अदीब के साथ पढ़ाई की है। वो अदीब की बेहद अच्छी दोस्त हैं। इसी नाते वो आजम खान के परिवार के साथ घुल मिल गईं।

एकता की गिनती अब आजम फैमिली की करीबियों में होती है। एकता न केवल आजम खान की करीबी हैं, बल्कि बेटे अदीब और उनकी पत्नी तन्जीन की भी अच्छी दोस्त हैं। आजम खां की मई-2022 में ज्यादा तबियत बिगड़ गई थी। तब उन्हें दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एक जून 2022 को पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव उनसे मिलने के लिए दिल्ली पहुंचे थे। उस वक्त एकता कौशिक की तस्वीर सामने आई थी, जब वो अस्पताल में बेड के किनारे खड़ी हुई हैं। कहा जाता है कि आजम खान के जेल में रहने के दौरान जौहर अली ट्रस्ट का सारा कामकाज एकता ही संभालती रही हैं। एकता कौशिक, आजम खान को पिता की तरह मानती हैं। फादर्स-डे पर भी उन्होंने आजम खान के लिए एक पोस्ट लिखी थी।

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

**जबकि**

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ('प्रतिभूत लेनदार', जिसमें इसके उत्तराधिकारी और वारिस शामिल होंगे) और निम्नलिखित कर्ज़दार और सह-कर्ज़दार ['कर्ज़दार/रों', जिसमें उसकी/ उसके/ उनके सबंधित (उत्तराधिकारी, उत्तरापेक्षी, वारिस) शामिल होंगे], के बीच एक ऋण समझौते के अनुसार आवास ऋण सुविधा दी गई थी। अधोहस्ताक्षरी ('प्राधिकृत अधिकारी') ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ('अधिनियम') के अंतर्गत सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 ('नियमावली') के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत नीचे वर्णित कर्ज़दारों/ सह-कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें ऋण समझौते के अनुसार बकाया राशि का भुगतान करने के लिए और जैसा कि विशेष रूप से उक्त संबधित माँग सूचनाओं में उल्लिखित है, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा उक्त अधिनियम धारा 13(4) के साथ पठित नियमावली के नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग करते हुए संपत्ति का सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है। सपंत्ति के सांकेतिक कब्ज़े की तारीख सहित विवरण नीचे वर्णित है :

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पवन कुमार माहेश्वरी/ संतोष माहेश्वरी/ LBDEL00001131229 | प्लॉट नंबर ए- 83, एमजी2 (एमआईजी) सदाशिव अपार्टमेंट्स, शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-2, साहिबाबाद, गाजियाबाद/ सितंबर 11, 2023 | अप्रैल 25, 2023 रु. 4,67,248/- | दिल्ली/ एनसीआर, रेवाड़ी |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/ ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: सुरक्षित ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के अंतर्गत है।

**दिनांक : सितंबर 14, 2023**
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**प्रतिभूत लेनदार**

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ओम प्रकाश कुकरेजा/ पुष्पा रानी कुकरेजा/ LBFDB00001309421 | स्थान संख्या- जी-7, पीडब्ल्यू-2, ग्राउंड फ्लोर, एज़, वैशाली प्लॉट नंबर-डब्ल्यू-2, सेक्टर-1, वैशाली, गाजियाबाद/ सितंबर 11, 2023 | जनवरी 30, 2020 रु. 42,79,455/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | अनुज शर्मा/ राजेश्वरी शर्मा/ LBDEL00003782523/ LBDEL00006085066/ LBDEL00006086913 | फ्लैट नंबर- 1004, टॉवर-सी, 10वीं मंजिल, बिल्डिंग का नाम ''स्टार रामेश्वरम'', एनएच-58, राज नगर एक्सटेंशन, गाज़ियाबाद/ सितंबर 11, 2023 | अप्रैल 15, 2023 रु. 20,42,762/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | भूषण/ सोमपाल सिंह/ LBGHZ00005136561/ LBGHZ00004418607 | फ्लैट नंबर 1107, टाइप-डी, 11वीं मंजिल, टावर-7, ब्लॉक नंबर 1, बिना छत अधिकार के, वीवीआईपी पते खसरा नंबर-1119, 1120, 1125, 1126, 1146, 1147, और 1117 गांव नूर नगर, राज नगर एक्सटेंशन, एनएच 58, गाजियाबाद/ सितंबर 11, 2023 | अप्रैल 15, 2023 रु. 18,57,350/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | शबीना परवेज/ मोहम्मद साजिद अहमद/ LBNOD00005172616 | दुकान नंबर 135, पहली मंजिल जीवाईसी रनवे सुइट्स, प्लॉट नंबर एमपीसी 01 गौड़ यमुआना सिटी पॉकेट 3, मिर्ज़ापुर साइट (एलएफडी-3), सेक्टर 19, येइडा दुकानें/ स्टूडियो नोएडा/ सितंबर 11, 2023 | जुलाई 06, 2021 रु. 9,46,852/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | धर्मेंद्र कुमार सिंह/ अमरावती/ LBNOD00004944086/ LBNOD00004979183 | फ्लैट नंबर- 1206, 12वीं मंजिल, ''मिगसन विलासा'', ब्लॉक सन 3, प्लॉट नंबर जीएच 1बी(2), सेक्टर एटा-2, नोएडा/ सितंबर 11, 2023 | अप्रैल 19, 2023 रु. 14,63,887/- | दिल्ली/ एनसीआर झारखंड/ मिर्जापुर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : सितंबर 14, 2023**
**स्थान : दिल्ली/एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर - 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

सार्वजनिक सूचना:
बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि दिलीप कुमार चूरनिया/पूनम चूरनिया/अक्षज ज्वैल्स प्राइवेट लिमिटेड (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीजीयूआर00001877256 एवं एलबीडीईएल00001879848 तथा पता फ्लैट नंबर एमसी-12ए01, मून कोर्ट, टावर-5, जेपी ग्रीन्स, ग्रेटर नोएडा-201307 के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 05 सितम्बर, 2023 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि जय प्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।

कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 14 सितम्बर, 2023 — वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर — हस्ता./-

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर - 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

सार्वजनिक सूचना:
बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि सजीत नाथ मेनन/स्वाति मेनन (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीएनओडी00002426943 तथा पता फ्लैट नंबर जी03, रेसीजोन टावर-ई, रेसीजोन रेजीडेंसी, मयूर विहार, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून-248001 के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 28 अप्रैल, 2023 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि रेसीजोन बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।

कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 14 सितम्बर, 2023 — वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर — हस्ता./-

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर - 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

सार्वजनिक सूचना:
बिल्डर निरसन

आपको सूचना दी जाती है कि स्निग्धा झुनझुनवाला/प्रशांत झुनझुनवाला/पसिफिक पेपर प्रोडक्ट्स (कर्जदार/रों) ने सुविधा अनुबंध संख्या एलबीडीईएल00001944604 तथा पता यूनिट नंबर एसटीआर-401, चतुर्थ तल, बिल्डिंग नंबर टी4 वन स्टार कोर्ट अपार्टमेंट, जेपी ग्रीन्स, ग्रेटर नोएडा-201307 के माध्यम से आवास ऋण सुविधा प्राप्त की है। कर्जदार अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार बिल्डर को संविदात्मक राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं।

बैंक उसकी सूचना कर्जदार को पत्र दिनांकित 05 सितम्बर, 2023 के माध्यम से दे चुका है, जिसमें सूचित किया गया है कि जय प्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड ने उपरिवर्णित सम्पत्ति का आबंटन निरस्त कर दिया है। अतएव आपसे अनुरोध किया जाता है कि बिल्डर के साथ यह मामला इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के भीतर सुलझा लें।

कृपया आगे सूचित हों कि उक्त सम्पत्ति का आबंटन निरस्त होने के बाद आईसीआईसीआई बैंक बिल्डर द्वारा किसी अन्य आबंटन के लिए बाध्य तथा/अथवा जिम्मेदार नहीं होगा।

दिनांकित : 14 सितम्बर, 2023 — वास्ते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान : दिल्ली/एनसीआर — हस्ता./-

## नगर निगम में 18 को होगी बोर्ड बैठक, हंगामे की आशंका

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

नए बोर्ड का गठन होने के चार महीने बाद भी निगम बोर्ड बैठक नहीं होने पर सवाल उठ रहे थे। मेयर सुनीता दयाल ने अब 18 सितंबर को बोर्ड की बैठक बुलाने का फैसला लिया है।

दरअसल नगर निगम के नए बोर्ड का गठन होने के बाद से निगम कार्यकारिणी की बैठक दो बार हो चुकी है। मगर बोर्ड की अभी तक एक भी बैठक नहीं हो पाने के कारण यह चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि इस मामले में कोई भी निगम बोर्ड सदस्य जुबान नहीं खोल रहा है। पूर्व पार्षद मनोज चौधरी ने ही इसको लेकर बयान जारी किया था। इसके बाद ही माना जा रहा है कि मेयर सुनीता दयाल ने बोर्ड बैठक बुलाने का बड़ा फैसला लिया है। बोर्ड की 18 को होने जा रही बैठक में हंगामे के भी आसार है। दरअसल पिछले चार महीने से शहर में बोर्ड फंड से विकास कार्य नहीं हो रहे है। पिछले बोर्ड से प्रत्येक वार्ड में 60.60 लाख रुपये के विकास कार्य कराने की घोषण हुई थी। वह कार्य भी फंड की कमी से नहीं हो पाए थे।

## हाईराइज सोसाइटी की 7वें फ्लोर पर लगी आग

**गाजियाबाद।** कौशांबी क्षेत्र स्थित हाईराइज सोसाइटी के सातवें फ्लोर पर एक फ्लैट में देर रात आग लग गई। इसमें फ्लैट के अंदर रखा काफी सामान जलकर राख हो गया।

आग का धुआं कई और फ्लैट्स में भर गया। फायर फाइटर्स ने तत्काल पहुंचकर सभी फैमिली मेंबर्स को सुरक्षित रेस्क्यू करके नीचे उतारा और आग को बुझा लिया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया ये आग कौशांबी के एक्सप्रेशन टॉवर में फ्लैट नंबर-709 में लगी हुई थी। काला धुआं फ्लैट से बाहर निकल रहा था।

## पुलिस ने तमंचा फैक्ट्री का किया भंडाफोड़

- मामले में एक गिरफ्तार, घर तक सप्लाई करने की देता था सुविधा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

गाजियाबाद में लोनी के आसियाना सिटी में पुलिस ने अवैध तमंचा बनाने की फैक्टरी पकड़ी है। फैक्ट्री में तमंचा तैयार पर मुजफ्फरनगर सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सप्लाई किए जाते थे। पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार कर मौके से चार तमंचे व तमंचे बनाने का सामान बरामद किया है। ऑन डिमांड तमंचा बनाकर होम डिलीवरी की सुविधा दी जाती थी।

डीसीपी ग्रामीण विवेक चंद्र यादव ने बताया कि लोनी पुलिस को सूचना मिली कि आसियाना सिटी कॉलोनी में तमंचा फैक्ट्री का संचालन हो रहा है। तमंचा फैक्ट्री पकड़ने के लिए पुलिस की कई टीम का गठन किया गया। पुलिस ने अशोक विहार कॉलोनी से एक बदमाश को गिरफ्तार किया। जब उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि वह आसियाना सिटी कॉलोनी में एक मकान में अपने साथी के साथ मिलकर तमंचा फैक्ट्री का संचालन कर रहा है।

पूछताछ में उसने अपना नाम राजू निवासी गांव कुटवा थाना शाहपुर जिला मुजफ्फरनगर बताया। बदमाश ने बताया कि वह मूल रुप से मुजफ्फरनगर का रहने वाला है। अपने साथी शुहैब के साथ मिलकर तमंचा बनाने का काम कर रहा है। उसने बताया कि वह तमंचा बनाता है और शुहैब बेचने का काम करता है। बदमाश राजू ने बताया कि आर्डर आने पर ही तमंचा का बनाया जाता है। जो व्यक्ति तमंचा आर्डर पर मंगवाता है, उसे उसके बताए गए स्थान पर ही डिलिवरी दी जाती है। लोनी में बनाए गए तमंचे मुजफ्फरनगर व आसपास के क्षेत्र में सस्ते दाम पर बेचे जाते हैं।

डीसीपी ग्रामीण ने बताया कि बदमाश के पास से 4 तमंचे, 2 अधबने तमंचे व भारी मात्रा में तमंचा बनाने का सामान बरामद किया है। फरार बदमाश शुहैब की तलाश के लिए कई टीमों का गठन किया गया है।

# दिल्ली पुलिस के जवानों के संग डिनर करेंगे पीएम मोदी

## जी- 20 सुरक्षा में योगदान देने वालों का सम्मान भारत मंडपम में होगा, पुलिस आयुक्त ने हर जिले के कांस्टेबलों और इंस्पेक्टर्स की मांगी सूची



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में जी-20 शिखर सम्मेलन की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाने में अहम योगदान देने वाली दिल्ली पुलिस के जवानों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत मंडपम में इसी सप्ताह रात्रि भोज कर सकते हैं।

दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने इस संबंध में हर जिले के कांस्टेबलों और इंस्पेक्टर्स की सूची मांगी है। जिन्होंने जी-20 को सफल बनाने में योगदान दिया है। जानकारी के मुताबिक, यह डिनर भारत मंडपम में होगा। जिसमें दिल्ली पुलिस के 450 जवानों के अलावा पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा भी मौजूद रहेंगे।



यह पहला मौका नहीं है कि जब पीएम मोदी किसी बड़े इवेंट को सफल बनाने वाले लोगों से मिलकर उन्हें सम्मानित करेंगे। मई 2023 में पीएम मोदी ने नए संसद भवन के उद्घाटन से पहले इसे बनाने वाले मजदूरों को सम्मानित किया था। उधर, दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने जी20 शिखर सम्मेलन में उनके योगदान के लिए पुलिसकर्मियों को सर्टिफिकेट दिया था। भारत की अध्यक्षता में 9 और 10 सितंबर को नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन का सफल आयोजन हुआ। इस सम्मेलन में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, कनाडा, इटली, सऊदी अरब, अर्जेंटीना सहित दुनिया के कई देशों के राष्ट्र प्रमुखों अ प्रमुख और इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन के चीफ ने हिस्सा लिया। ज्ञात रहे कि राजधानी में 20 आर्थिक महाशक्तियों के सफल सम्मेलन के धमाकेदार आयोजन ने पूरी दुनिया में भारतीय मेजबानी की धूम है। दिल्ली पुलिस के उन जवानों को भी याद किया जा रहा है, जिन्होंने सुरक्षा व्यवस्था संभालने से लेकर दिल्ली के ट्रैफिक तक को मैनेज करने में अहम भूमिका निभाकर आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई है। इस सप्ताह की शुरुआत में पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा को भी पुलिस कमिश्नर स्पेशल कमांडेशन डिस्क से सम्मानित किया गया था।

जी-20 शिखर सम्मेलन में योगदान देने के लिए कुछ अन्य पुलिस अधिकारियों को भी सर्टिफिकेट दिए गए थे। दिल्ली पुलिस के जवानों के पीएम मोदी के साथ डिनर के लिए 11 सितंबर को निर्देश जारी किया। जी-20 अरेंजमेंट्स का सुचारू, पेशेवर और सटीक तरीके से कार्यान्वन किया गया, यह दिल्ली पुलिस की पूरी रैंक की भागीदारी, प्रतिबद्धता और योगदान से ही संभव हो सका है।

दिल्ली पुलिस जिम्मेदारी सम्मेलन से पहले ही शुरू होकर उसके खत्म होने के बाद भी तब तक जारी रही, जब तक सभी विदेशी मेहमान वापस नहीं लौट गए। विदेशी मेहमानों की सुरक्षा और गोपनीयता का सबसे उच्च स्तर सुनिश्चित करने के लिए एसपीजी और दिल्ली पुलिस के जवानों ने उन होटलों के लिए कोड वर्ड्स का यूज किया, जिनमें वैश्विक नेता और उनके प्रतिनिधिमंडलों के ठहरने की व्यवस्था की गई थी।

### पुलिसकर्मियों को दावत और दो दिन का अवकाश

आयुक्त की ओर से उनके ओएसडी डीसीपी मनीषी चंद्रा ने सभी 15 जिलों व यूनिटों के डीसीपी को पत्र जारी कर कहा है कि वे अपनी-अपनी सुविधा अनुसार जगह व तारीख तय कर अपने-अपने कर्मियों को बड़ा खाना (दावत) दें। पुलिस आयुक्त की ओर से धन्यवाद के प्रतीक के रूप में दावत का आयोजन किया जाएगा। जिले व यूनिटों के डीसीपी को जारी दूसरे पत्र में मनीषी चंद्रा ने कहा है कि जी-20 की सुरक्षा में शामिल सभी कर्मियों को वे दो-दो दिन का अवकाश दें। हर दिन करीब 10 प्रतिशत कर्मियों को अवकाश दें, ताकि अगले 10 दिनों में सभी को यह सुविधा मिल सके।

# पटाखों पर प्रतिबंध लगाने संबंधी आदेश पर हस्तक्षेप से इनकार

● उच्चतम न्यायाल ने कहा कि लोगों का स्वास्थ्य महत्वपूर्ण



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी में पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री और फोड़ने पर व्यापक प्रतिबंध लगाने संबंधी दिल्ली सरकार के आदेश पर हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया।

भारतीय जनता पार्टी के सांसद मनोज तिवारी ने न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना और न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश की पीठ को बताया कि अदालत द्वारा हरित पटाखे फोड़े जाने की अनुमति देने के बावजूद पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।

पीठ ने तिवारी के अधिवक्ता से कहा, नहीं, हम हस्तक्षेप नहीं करेंगे। सरकार ने जहां पटाखों पर प्रतिबंध लगाया है, इसका मतलब पूर्ण प्रतिबंध है। लोगों का स्वास्थ्य महत्वपूर्ण है। यदि आपको पटाखे जलाने हैं तो उन राज्यों में जाएं जहां कोई प्रतिबंध नहीं है।

वकील ने कहा कि सांसद होने के नाते उनका मुवक्किल अपने मतदाताओं के प्रति जिम्मेदार है और अदालत ने स्वयं ही हरित पटाखे फोड़ने की अनुमति दी है। सांसद तिवारी से कहा, आप लोगों को समझाएं कि वे पटाखे न जलाएं। यहां तक कि चुनाव के बाद विजय जुलूस के दौरान भी पटाखे नहीं फोड़ने चाहिए।

# मुफ्त योजनाओं ने महंगाई से राहत दिलाई : केजरीवाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को दावा किया कि राष्ट्रीय राजधानी में महंगाई सबसे कम है और मुफ्त शिक्षा, इलाज, बिजली तथा जलापूर्ति जैसी योजनाओं ने यहां के लोगों को बेहद राहत पहुंचाई है।

मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मुख्य रूप से सब्जियों के दाम में नरमी से खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त में घटकर 6.83 प्रतिशत पर आ गई है। जुलाई में खुदरा महंगाई दर 15 महीने के उच्चस्तर 7.44 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। हालांकि, यह अब भी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संतोषजनक स्तर से ऊपर है। अरविंद केजरीवाल ने मीडिया रिपोर्ट के हवाले से कुछ राज्यों में महंगाई के आंकड़ों की तुलना राष्ट्रीय औसत से की गई थी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पोस्ट साझा कर कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार की निशुल्क सेवा योजनाओं ने दिल्ली की जनता को महंगाई से राहत दिलाई है।

केजरीवाल ने कहा, आंकडों के अनुसार हर बार की तरह दिल्ली में महंगाई सबसे कम है। दिल्ली सरकार की निशुल्क शिक्षा, निशुल्क उपचार, महिलाओं के लिए निशुल्क परिवहन, निशुल्क बिजली-पानी, निशुल्क तीर्थयात्रा ने लोगों को भारी राहत पहुंचाई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, खाद्य मुद्रास्फीति अगस्त महीने में 9.94 प्रतिशत रही, जो इससे पिछले महीने यानी जुलाई में 11.51 प्रतिशत थी।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति पिछले साल अगस्त में सात प्रतिशत थी। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। इस बीच आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने अन्य राज्यों के आंकड़ों का हवाला दिया और कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में मुद्रास्फीति दर राष्ट्रीय दर की तुलना में लगभग आधी है। ऐसा इसलिए है क्योंकि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक कल्याणकारी मॉडल पेश किया है। वह इसे अरविंद केजरीवाल का महंगाई राहत मॉडल कहूंगा जिसके तहत लोगों के लिए मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य और पानी उपलब्ध है। चड्ढा ने कहा कि भाजपा कल्याणकारी योजनाओं को रेवड़ी कहती है।

● दिल्ली सरकार की शिक्षा, इलाज, महिलाओं के लिए बसों यात्रा, बिजली व पानी जैसी योजना ने राहत पहुंचाई : सीएम

### तीसरी मंजिल से गिरकर मजदूर की हुई मौत

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली में ओल्ड कोंडली इलाके में निर्माण कार्य के दौरान एक इमारत की तीसरी मंजिल से कथित तौर पर गिरने से राजमिस्त्री गंभीर रूप से घायल हो गया। मकान मालिक इंद्रपाल सिंह ने उसे लाल बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने 304ए (लापरवाही से मौत) के तहत मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, गाजीपुर थाने को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल से एक व्यक्ति के घायल अवस्था में भर्ती होने की जानकारी मिली थी। गाजीपुर गांव का निवासी सुरेंद्र सिंह घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती है। पूछताछ से पता चला कि पेशे से राजमिस्त्री सुरेंद्र सिंह ओल्ड कोंडली में निर्माण स्थल पर कार्यरत था।

# मोबाइल वैन से निर्माण श्रमिकों का होगा पंजीकरण

● श्रमिकों तक कल्याणकारी योजनाओं तक पहुंच सुनिश्ति करने के लिए सरकार ने लिया निर्णयः राजकुमार



अधिकारियों संग बैठक में श्रम मंत्री राज कुमार आनंद।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

श्रम विभाग मोबाइल वैन के ज़रिए सभी लेबर चौकों पर निर्माण श्रमिकों का पंजीकरण किया जाएगा।

श्रमिकों के पंजीकरण के साथ यह सुनिश्चित भी कराया जाएगा कि वे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत मिलने वाली योजनाओं का लाभ ले सकें। श्रम मंत्री राज कुमार आनंद ने राजधानी के निर्माण श्रमिकों के कल्याण और बेहतरी के लिए श्रम विभाग के साथ बुधवार को बैठक की। श्रम मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का दृष्टिकोण निर्माण उद्योग के मेहनती पुरुष और महिलाओं को उनकी योग्यता के अनुसार सभी अधिकार दिलाना है। मोबाइल पंजीकरण वैन की शुरुआत करना इस दिशा में ठोस कदम होगा। इससे अधिक से अधिक कामगारों तक सभी कल्याणकारी योजनाओं के लिए ज़रूरी दस्तावेज़ पहुंचाएं जा सकेंगे।

इसके अलावा, श्रम मंत्री ने कहा कि जल्द ही दिल्ली के निर्माण श्रमिकों के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए कौशल विकास कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इसकी शुरुआत महीने के अंत में करने की योजना है।

# 'कुत्तों को पकड़ने और छोड़ने के नियमों का पालन करें एमसीडी'

● जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान पकड़े गए आवारा जानवरों को छोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है : एमसीडी




पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्च न्यायालय ने अधिकारियों को स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस जैसे विशेष मौकों पर आवारा कुत्तों को पकड़ने और छोड़ने से संबंधित सभी प्रावधानों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है। बुधवार को जारी आदेश अनिता सेंटियागो नामक महिला की जनहित याचिका पर आया है, जिन्होंने ऐसे मौकों पर पकड़े गए कुत्तों को छोड़ने और पशु जन्म नियंत्रण (एबीसी) नियम, 2023 के अनुसार उनकी देखभाल के लिए निर्देश जारी करने का अनुरोध किया था। याचिकाकर्ता ने एबीसी नियमों के आदेश पर प्रकाश डाला कि उचित रिकॉर्ड रखने के लिए पकड़ने के तुरंत बाद कुत्तों की पहचान, नंबर वाले कॉलर से की जानी चाहिए ताकि बाद में उन्हें उसी इलाके में छोड़ा जा सके जहां से उन्हें पकड़ा गया था। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के वकील ने कहा कि निगम एबीसी नियमों का पालन कर रहा है और जहां तक जी20 शिखर सम्मेलन का सवाल है, पकड़े गए आवारा जानवरों को छोड़ने की प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी गई है। ज्ञात हो जी-20 से पहले एनडीएमसी और एमसीडी इलाकों में कुत्ते पकड़ने का अभियन चलाया गया था। इस दौरान इन इलाकों में लगभग सभी कुत्ते पकड़ लिए गए थे। सम्मेलन की समाप्ति के बाद इन्हें छोड़ने की प्रक्रिया तेज हो चली है। इसको लेकर कई सवाल उठे थे।



# भवन निर्माण सामग्री सड़क पर रखा तो होगी कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



अवैध भवन निर्माण सामग्री सड़क पर रखा तो होगी कार्रवाई। महापौर शैली ओबरॉय ने निगम अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु सड़कों के किनारे पड़ी निर्माण सामग्री के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

अवैध भवन निर्माण सामग्री के कारण रोजाना सफाई व्यवस्था में अवरोध उत्पन्न हो रहा है। इसके अलावा सुनिश्चित किया जाए कि ऑटो टिप्पर क्षेत्र में प्रतिदिन चक्कर लगाएं। क्षेत्रों में ऑटो टिप्पर के आने संबंधित बोर्ड लगवाए जाएं। सभी जगह से कूड़ा इकट्ठा किया जाए। महासफाई अभियान अब दिल्ली होगी साफ के तहत मेयर ओबरॉय का वार्डों के औचक निरीक्षण का सिलसला जारी है।

इस मुहिम के जरिए वह विभिन्न वार्डों का दौरा कर ग्राउंड जीरो पर सफाई व्यवस्था का जायजा ले रही हैं। बुधवार को शैली वेस्ट पटेल नगर के वार्ड 85 के आनंद पर्वत क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेयर ने आनंद पर्वत की सड़कों और आंतरिक गलियों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। मेयर ने क्षेत्र निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को खाली प्लॉटों में पड़े कूड़े को भी हटवाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्थानीय लोगों से अनुरोध किया है कि वे अपने क्षेत्र में साफ-सफाई बनाए रखने में सहयोग करें। कचरी खुले में ना फेंके। अगर कहीं कूड़ा पड़ा दिखे तो एमसीडी 311 ऐप पर फोटो के साथ शिकायतें दर्ज कराएं। निगम द्वारा 24 घंटे में उनकी समस्या का समाधान किया जाएगा।

● मेयर शैली ओबरॉय ने महासफाई अभियान के तहत आनंद पर्वत का किया निरीक्षण

### दिल्ली में आज हल्की बारिश होने के आसार

नई दिल्ली। दिल्ली में बुधवार को अधिकतम तापमान 36.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से दो डिग्री अधिक है। हालांकि, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने आसमान में बादल छाए रहने और बाद में हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने का अनुमान व्यक्त किया था।

मौसम विभाग के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान 25.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत से एक डिग्री अधिक है। आईएमडी द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार सुबह 8.30 बजे सापेक्ष आर्द्रता 91 प्रतिशत और शाम 5.30 बजे 67 प्रतिशत दर्ज की गई।

# 'चंद्रयान और जी-20 पर बुलाया जाए विस सत्र'

● भाजपा के सभी विधायकों ने केजरीवाल सरकार से किया अनुरोध




पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भाजपा विधायकों ने केजरीवाल सरकार से चंद्रयान-3 और जी-20 के आयोजन की सफलता पर देश को बधाई देने और वैज्ञानिकों के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और लीडरशिप को धन्यवाद देने के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का अनुरोध किया है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी के नेतृत्व में भाजपा के सभी विधायकों ने कहा कि देश मिशन चंद्रयान-3 की सफलता और जी-20 के सफल आयोजन का जश्न मना रहा है। ऐसे में दिल्ली विधानसभा को भी इन ऐतिहासिक उपलब्धियों पर गर्व करते हुए आप सरकार को विधानसभा की विशेष बैठक बुलानी चाहिए।

संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में भाजपा विधायकों ने कहा कि यह सिर्फ हमारी स्पेस एजेंसी की ही सफलता नहीं है, बल्कि भारत की प्रगति और ग्लोबल स्टेज पर हमारी ताकत का भी प्रतीक है। इसलिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर हमें भी इस जश्न का हिस्सा बनना चाहिए। संवाददाता सम्मेलन में नेता प्रतिपक्ष बिधूड़ी के साथ भाजपा के सभी विधायक मोहन सिंह बिष्ट, बिजेंद्र गुप्ता, ओमप्रकाश शर्मा, जितेंद्र महाजन, अनिल वाजपेयी, अजय महावर और अभय वर्मा भी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार



डिजिटल भुगतान जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी।

### डिजिटल भुगतान पर आईपी कॉलेज में कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय संस्कृति परिषद और भारतीय रिजर्व बैंक के सहयोग से इंद्रप्रस्थ महिला कॉलेज द्वारा डिजिटल भुगतान जागरूकता पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। आरबीआई से डीपीएसएस अधिकारी सतीश नागपाल और डीपीएसएस प्रबंधक विकास त्यागी ने डिजिटल भुगतान के विभिन्न तरीकों और इन तरीकों का उपयोग करते समय सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक किया। वक्ताओं ने जानकारी दी कि एनईएफटी, आरटीजीएस, आईएमपीएस, बीबीपीएस और यूपीआई जैसे ऑनलाइन भुगतान के विभिन्न तरीकों, प्रक्रियाओं और उद्देश्यों के बारे में बताया जिनका उपयोग लोगों द्वारा किया जा सकता है। इन सभी तरीकों में धोखाधड़ी को रोकने के लिए एक सुरक्षा उपाय के रूप में कुछ कूलिंग पीरियड होता है और भुगतानकर्ता धोखाधड़ी से भुगतान किए जाने की स्थिति में शिकायत दर्ज कराने में सक्षम होता है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों सहित लगभग 400 लोगों ने भाग लिया।

### कन्वेंशन सेंटर में होगा अगला सुविधा शिविर

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद अपने क्षेत्र के निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं के हित में सूचना, सुविधा और शिकायत निवारण प्रदान करने के लिए अपना अगला सुविधा शिविर शनिवार, 16 सितम्बर, 2023 को सुबह 10.30 बजे से 12.30 बजे तक एनडीसीसी कन्वेंशन सेंटर, जय सिंह रोड (पालिका केंद्र के निकट), नई दिल्ली में आयोजित करेगी। इस शिकायत निवारण सुविधा कैम्प में विभिन्न विभागों के हेल्पडेस्क सेवा उपयोगकर्ताओं, कर्मचारियों, आरडब्ल्यूए, एमटीए और एनडीएमसी के निवासियों की शिकायतों का निवारण और सुविधा प्रदान करने के लिए उपलब्ध रहेंगे । इस सुविधा कैम्प में नए बिजली कनेक्शन/डिस्कनेक्शन, लोड वृद्धि/कमी, नाम परिवर्तन/स्थानांतरण, संपत्ति कर, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र, एनडीएमसी के सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सेवा मामलों, जल भराव, स्वच्छता, अपशिष्ट निपटान, सड़क मरम्मत, विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, विकलांग पेंशन, बरात घर और पार्कों की बुकिंग और एनडीएमसी द्वारा दी जाने वाली कोई अन्य सेवाओं से संबंधित शिकायतों का निवारण किया जाएगा।

### आरबीआईपीएमटी और एमवीआईडी अस्पताल होंगे अलग

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य के क्षेत्र में निगम की आप सरकार ने बड़ा फैसला किया है। राजन बाबू इंस्टीट्यूट ऑफ पल्मोनरी मेडिसिन एंड ट्यूबरकुलोसिस (आरबीआईपीएमटी) और महर्षि वाल्मिकी संक्रामक रोग अस्पताल (एमवीआईडी) अस्पताल को अलग-अलग किया जाएगा। दोनों अस्पतालों को 2017 में मर्ज कर दिया गया था। जानकारी के मुताबिक दोनों अस्पतालों को मर्ज करने से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रहीं थीं। अस्पताल प्रबंधन दोनों अस्पतालों पर ठीक से ध्यान भी नहीं दे पा रहा था। ऐसे में बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए निगम की %आप% सरकार ने दोनों अस्पतालों को पहले की तरह अलग-अलग करने का फैसला किया है। अस्पतालों के अलग-अलग संचालन संबंधी फैसले पर मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने मंगलवार देर शाम हस्ताक्षर किए हैं। दोनों अस्पतालों में वर्तमान में कुल स्टाफ 1034 का है। इसमें अब 27 कर्मचारियों की बढ़ोतरी का फैसला किया गया है। इनमें से 846 कर्मचारी-अधिकारी राजन बाबू अस्पताल में रहेंगे। वहीं 215 कर्मचारी और अधिकारी एमवीआईडी अस्पताल में रहेंगे। राजन बाबू अस्पताल में टीबी और एमवीआईडी में इंफेक्शन संबंधी बीमारियों का उपचार होता है। दोनों अस्पतालों को एक करने के बाद सामने आया था कि एमवीआईडी अस्पताल का विस्तार प्रभावित हो रहा है।

# 500 केवी बिजली इस्तेमाल करने वाले भवनों का एनर्जी ऑडिट

## दिल्ली सरकार जल्द जारी करेगी अधिसूचना, पता चलेगा कहां हो रहा है बिजली का ज्यादा उपयोगः आतिशी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




बिजली मंत्री आतिशी।

बिजली की खपत कम करने और ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के लिए केजरीवाल सरकार अपनी इमारतों, कार्यालयों और स्ट्रीटलाइट्स का एनर्जी ऑडिट करवाएगी।

इस एनर्जी ऑडिट का मकसद बिजली के अधिक इस्तेमाल करने वाले स्थानों का पता लगाना और वहाँ आधुनिक तकनीक खपत को कम करने की रणनीति तैयार करना है। साथ ही सरकारी भवनों के साथ-साथ, सभी मॉल, प्लाजा, अस्पताल, संस्थागत भवन, बहुमंजिला और ऊंची गैर-घरेलू इमारतें, उद्योग आदि जिसमें स्वीकृत भार 500 किलोवाट और उससे अधिक बिजली खपत करने वालों को ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (बीईई) के नियमों के अनुसार अपना विस्तृत एनर्जी ऑडिट कराना होगा। इस बाबत आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा जल्द ही अधिसूचना जारी किया जाएगा। सभी उपभोक्ताओं को नोटिफिकेशन जारी होने के 6 महीने के भीतर एनर्जी ऑडिट करवाना अनिवार्य होगा। साथ ही सभी को तीन साल में एक बार एनर्जी ऑडिट करवाना अनिवार्य होगा और ऑडिट रिपोर्ट की सिफारिशों को अमल में लाना होगा। पांच सौ किलोवाट या उससे अधिक स्वीकृत लोड वाले भवनों के एनर्जी ऑडिट के विषय में साझा करते हुए ऊर्जा मंत्री आतिशी ने कहा उनकी सरकार बिजली की हर यूनिट के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है।

इस दिशा उन सभी भवनों स्थानों का एनर्जी ऑडिट करवाया जाएगा जहां बिजली की खपत 500 किलोवॉट से ज्यादा है। इस प्रक्रिया में बिजली के सभी उपकरणों और उनकी वास्तविक ऊर्जा खपत को मापना, उसका आवश्यक अनुमानित न्यूनतम ऊर्जा के साथ तुलना करना और फिर बिजली की बचत के लिए आर्थिक और तकनीकी रूप से जरूरी तरीकों की पहचान करना शामिल है।

इस पलह से बिजली और पैसे दोनों की बचत होगी। मंत्री ने बताया कि यदि कोई उपभोक्ता बिजली की एक यूनिट की बचत करता है, वो बिजली संयंत्र में उत्पादित 2 यूनिट के बराबर होता है। ऐसे में इन ऑडिट से प्राप्त ऊर्जा-बचत उपायों से दिल्ली की समग्र बिजली मांग को स्थिर करने में मदद मिलेगी।

इसके अलावा, एनर्जी ऑडिट से न केवल दिल्ली भर में भवनों में ऊर्जा की खपत को कम करने के तरीकों का पता चलेगा बल्कि इससे वित्तीय बोझ भी कम होगा।

### एबीवीपी ने की डीयू के नॉर्थ और साउथ कैंपस में छात्र गर्जना रैली

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने शैक्षणिक जीवन को प्रभावित करने वाले कई मुद्दों को लेकर बुधवार को दिल्ली विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नॉर्थ और साउथ कैंपस में छात्र गर्जना रैली आयोजित की।

एबीवीपी द्वारा उठाए गए मुद्दों में छात्रों के लिए रियायती मेट्रो पास का प्रावधान, हर कॉलेज में वेंडिंग मशीनों के माध्यम से सैनिटरी पैड की उपलब्धता, बेहतर खेल सुविधाएं, नए छात्रावासों का निर्माण और परिसर के बुनियादी ढांचे का समग्र विकास शामिल है। डीयू छात्र संघ (डूसू) की संयुक्त सचिव एबीवीपी की शिवांगी ने कहा, विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली लड़कियों के सामने अपर्याप्त छात्रावास, घटिया स्वच्छता सुविधाएं और सुरक्षा चिंताएं नहीं होनी चाहिए।

# शिक्षा एवं शोध को लेकर गुरुग्राम यूनिवर्सिटी व आईआईटी मंडी के बीच हुआ करार

## भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी में पढ़ाई कर सकेंगे जीयू के इंजीनियरिंग विभाग के छात्र

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** यूनिवर्सिटी ने हिमाचल प्रदेश के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मंडी से शोध और शैक्षिक कार्यों के लिए सहयोग करार किया है। दोनों संस्थानों ने (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर संयुक्त शोध कार्यों और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जाहिर की है। समझौता ज्ञापन पर गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह और आईआईटी मंडी के डायरेक्टर प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा द्वारा हस्ताक्षर किए गए।

इस अवसर पर गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि आधुनिक समय की मांग के अनुसार गुरुग्राम विवि नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप व्यावसायिक शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए कृत संकल्पित है।



गुरुग्राम विवि में शोध और शैक्षिक कार्यों के लिए सहयोग करार की फाइलों का आदान-प्रदान करते अधिकारी।

इस उद्देश्य के लिए आईआईटी मंडी के साथ यह एमओयू साइन किया गया है। कुलपति ने बताया कि इस एमओयू के तहत गुरुग्राम विवि. के इंजीनियरिंग के छात्र आईआईटी मंडी और आईआईटी मंडी के छात्र गुरुग्राम विवि में पढ़ाई कर सकेंगे।

उन्होंने बताया कि दोनों संस्थानों के बीच एमओयू से छात्रों के सुनहरे भविष्य के लिए विभिन्न कार्यक्रम जैसे अनुसंधान, शिक्षण और परामर्श के उद्देश्य से संकाय एवं कर्मचारियों का आदान-प्रदान आदि शामिल होगा। इस एमओयू के तहत स्नातकोत्तर एवं पीएचडी छात्रों का संयुक्त पर्यवेक्षण आदि भी शामिल हैं। कुलपति ने बताया कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वित्त पोषित परियोजनाओं में भागीदारी के माध्यम से संयुक्त अनुसंधान गतिविधियां को बढ़ावा दिया जाएगा। दोनों संस्थानों में सेमिनार, कार्यशाला, सम्मेलन, प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि जैसे संयुक्त कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि करार के तहत हम विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में मिल कर काम करने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए उत्साहित हैं।

# प्रशिक्षु खिलाड़ियों को दी गई पोषक युक्त आहार की जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। प्रवीन शर्मा

**गुरुग्राम।** जिला में जारी पोषण माह अभियान के तहत प्रतिदिन पोषक युक्त आहार लेने के प्रति जागरुकता संबंधी गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को खेल विभाग की दौलताबाद स्थित आवासीय अकादमी व नर्सरी में खिलाड़ियों को पोषण युक्त आहार के महत्व की जानकारी दी गई।

जिला खेल अधिकारी संधू बाला ने बताया कि शारीरिक व मानसिक विकास के लिए संतुलित आहार अवश्य लेना चाहिए। घर की रसोई में आसानी



से उपलब्ध खाद्यान्नों से शरीर में पोषक तत्वों की कमी दूर की जा सकती है। उन्होंने बताया कि अंकुरित मूंग दाल, चना व अन्य साबुत अनाज प्रोटीन व अन्य पोषक तत्वों के अच्छे स्त्रोत है। दौलताबाद आवासीय अकादमी व नर्सरी में प्रशिक्षु खिलाड़ियों को अंकुरित दालों व साबुत अनाज की महता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

# नाटकीय ढंग से मोनू मानेसर की गिरफ्तारी, फिर राजस्थान पुलिस को सौंपने पर उठे सवाल

### राजस्थान पुलिस ने अदालत से ट्रांजिट रिमांड पर लिया

## मोनू को रिहा करने के लिए ग्रामीण कर रहे मांग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गौरक्षक** के रूप में मशहूर हुए मोनू मानेसर (मोहित यादव) को उसके घर से पहले हिरासत में लेना, फिर गिरफ्तार करना और फिर अदालत में पेश करने की प्रक्रिया पर सवाल उठ रहे हैं। पहले तो मोनू के सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने को लेकर गिरफ्तारी की बातें सामने आई, उसके बाद तो उसे आनन-फानन में अदालत में भी पेश कर दिया गया। वहीं से राजस्थान पुलिस ने मोनू मानेसर को अदालत से ट्रांजिट रिमांड पर लिया।



गौरतलब है कि गौरक्षक के रूप में मशहूर हुए मोनू मानेसर की लंबे समय से राजस्थान पुलिस को तलाश थी। उन पर भिवानी में राजस्थान के दो युवकों की हत्या का आरोप है। हालांकि नूंह दंगों से ठीक पहले उनके द्वारा सोशल मीडिया पर डाले गये मैसेज से भी उनकी मुसीबतें बढ़ी हैं। ब्रजमंडल यात्रा से पूर्व 26 अगस्त को मोनू मानेसर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर कहा था कि परिणाम की चिंता हम नहीं करते, वार एक ही होगा। यही पोस्ट उनके लिए मुसीबत बन गई। उनके खिलाफ पुलिस ने जांच करके साइबर थाना में केस दर्ज किया था। उनके मोबाइल से ही यह पोस्ट डाली गई थी। नूंह हिंसा के बाद भी मोनू मानेसर की गिरफ्तारी के लिए मांग उठती रही। वहीं हिंदू संगठन भी इस मामले में सक्रिय रहे। फिरोजपुर झिरका के कांग्रेस विधायक मामन खान द्वारा मोनू मानेसर पर हरियाणा विधानसभा के सत्र में दिए गए वक्तव्य को लेकर विधायक की गिरफ्तारी की मांग की जाती रही।

मोनू की गिरफ्तारी पर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने मोनू मानेसर के समर्थन में पंचायत करके उसे रिहा करने की बात कही है, वहीं विधायक मामन खान की गिरफ्तारी की मांग की है।

वहीं पंचायत करके ग्रामीणों ने 12 लोगों की कमेटी भी बनाई है। जो मोनू मानेसर के मामले में आगे की रणनीति तय करेगी। साथ ही पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। लोगों ने कहा कि अगर मोनू की गिरफ्तारी करनी थी तो पहले चौकीदार को या पुलिस थाना में सूचना दी जानी चाहिए थी। बिना नंबर प्लेट की गाड़ियों में आकर पुलिस ने मोनू को घर से उठाया। ग्रामीणों ने इसे गलत तरीका बताया।

मोनू मानेसर की गिरफ्तारी भी नाटकीय ढंग से हुई। उन्हें सादी वर्दी में आए पुलिस कर्मियों ने अपनी हिरासत में लिया। फिर उसकी गिरफ्तारी की गई। चर्चाएं रही कि मोनू मानेसर को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, लेकिन कोर्ट में पेशी के बाद तो सारा प्रकरण ही बदल गया। पहले से ही नूंह पहुंच चुकी राजस्थान पुलिस ने मोनू मानेसर को ट्रांजिट रिमांड पर लेने के लिए अदालत में गुहार लगाई। मोनू मानेसर को अदालत ने राजस्थान पुलिस को ट्रांजिट रिमांड पर दे दिया। पुलिस ने मोनू मानेसर के पास से एक पिस्तौल, 3 जिंदा राउंड बरामद किए हैं। उनके पिस्तौल के लाइसेंस की जांच की जा रही है। हालांकि पुलिस पूर्व में उसके पिस्तौल को अवैध करार दिया था।


# गुरुग्राम के स्वास्थ्य विभाग ने यूपी के अमरोहा में किया गर्भपात रैकेट का भंडाफोड़

### गर्भ में जांच के बाद लड़की होने का पता लगने पर करते थे गर्भपात

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गर्भ** में कन्या होने पर गर्भपात कराने वाले एक गिरोह का गुरुग्राम के स्वास्थ्य विभाग ने पर्दाफाश किया है। उत्तरप्रदेश के अमरोहा में यह गिरोह काम करता था। एक गर्भवती महिला को ग्राहक बनाकर इस गिरोह में शामिल एक महिला गिरफ्तार व अल्ट्रासाउंड मशीन सील की गई। महिला का पति व एक अन्य व्यक्ति फरार हो गए।

गुरुग्राम स्वास्थ्य विभाग को सूचना मिली थी कि गुरुग्राम में गर्भवती महिलाओं को उनके गर्भ में पल रहे बच्चे की लिंग जांच के लिए नितिन कुमार नामक व्यक्ति उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिला के हसनपुर क्षेत्र में लेकर जाता था। वहों पर 35 से 40 हजार रुपये में गर्भवती महिलाओं की लिंग जांच की जाती थी। अगर गर्भ में लड़का है तो ठीक है, अगर लड़की होने का पता चलता तो वहीं पर गर्भपात कर दिया जाता। इस सूचना पर स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डा. प्रदीप कुमार के



## मौके से एक महिला गिरफ्तार व अल्ट्रासाउंड मशीन सील की

नेतृत्व में एक छापेमारी टीम तैयार की गई। टीम में डा. हरीश कुमार व चार माह की एक गर्भवती महिला सोनिया को भी शामिल किया गया। सोनिया ने लिंग जांच कराने वाले नितिन कुमार से सम्पर्क किया और लिंग जांच पर चर्चा की। इस पर 35 हजार में सौदा तय हुआ। नितिन कुमार ने 9 सितम्बर को अमरोहा के हसनुपर में गैस गोदाम के पास गर्भवती सोनिया को बुलाया।

सोनिया वहां पहुंची तो रवि कुमार नामक युवक बाइक लेकर इंतजार कर रहा था। गर्भपात के लिए एडवांस लिए गए 10 हजार रुपये के बाद रवि ने बकाया 25 हजार रुपये लिए और बाइक पर बिठाकर चल दिया। वह उसे हसनपुर के काला शहीद मोहल्ले के एक मकान में ले गया। उनका पीछा करते हुए विभाग की टीम और पुलिस मौके पर पहुंच गई। जैसे ही रवि को आशंका हुई तो वह मौके से फरार हो गया। छापेमारी के दौरान तलाशी में उस घर से एक अल्ट्रासाउंड मशीन और 10 हजार रुपये बरामद हुए। मौके पर मौजूद बबीता नाम की महिला को पुलिस ने हिरासत में लिया। उसने बताया कि वह और उसका पति नवीन कुमार यहां अल्ट्रासाउंड करते हैं। गर्भ में कन्या भ्रूण जांच के बाद गर्भपात किया जाता है। सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव के मुताबिक स्वास्थ्य विभाग की ओर से आरोपी नितिन कुमार, रवि कुमार, बबीता और नवीन कुमार के अलावा उनके गिरोह के सदस्यों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से गर्भपात, विशेष तौर पर गर्भ में कन्या होने पर गर्भपात कराने के आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# देशवासियों की सेहत के लिए नई योजना आयुष्मान भव हुई शुरू : सरपंच सुंदर लाल यादव

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा की गई शुरुआत का हुआ सीधा प्रसारण

## मानेसर निगम के गांव सिकंदरपुर बढ़ा में सरपंच सुंदर लाल के नेतृत्व में देखा गया कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**देशवासियों** की सेहत के लिए सरकार की ओर से नई योजना आयुष्मान भव बुधवार को शुरू हुई। राष्ट्रपति द्वारा शुरू की गई इस योजना का सीधा प्रसारण किया गया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मानसुख मांडविया ने भी योजना के बारे में जानकारी दी। गांव सिकंदरपुर बढ़ा में सरपंच सुंदर लाल यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने राष्ट्रपति के कार्यक्रम को देखा। सरकार के इस कदम की सराहना भी की।

इस अवसर पर सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि आयुष्मान भव एक व्यापक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य सेवा पहल है, जो कि देश के हर गांव और कस्बे तक स्वास्थ्य संबंधी



सिकंदरपुर बढ़ा गांव में आयुष्मान भव योजना की शुरुआत अवसर पर अतिथियों का सम्मान करते सरपंच सुंदर लाल यादव।

योजनाओं को सुनिश्चित करेगी। अभियान के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी बनाई जाएगी। आयुष्मान हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में साप्ताहिक आयुष्मान मेले आयोजित किए जाएंगे। ग्राम पंचायत और शहरी वार्डों में आयुष्मान सभा का आयोजन कर गैर संचारी रोगों की जांच के साथ ही लोगों को स्वास्थ्य की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य कवरेज के लक्ष्य को प्राप्त करना है। इसके तहत सेवा पखवाड़ा, आयुष्मान आपके द्वार, आयुष्मान सभा, आयुष्मान ग्राम पंचायत, आयुष्मान अर्बन आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि आयुष्मान आपके द्वार का आयोजन होगा, जिसके तहत आयुष्मान मेला संचालित किया जाएगा। आयुष्मान आपके द्वार कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन के लिए आयुष्मान पात्र कार्ड बनाए व वितरित किए जाएंगे। जिसके लिए पंचायती राज जनप्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी वर्करों, स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों की मदद ली जाएगी।

# पीएम विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ 17 सितंबर को, दस्तकारों को प्रोत्साहन के लिए अनूठी पहल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**अगर** आप दस्तकार है तो आपके लिए अच्छी खबर है। भारत सरकार ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के माध्यम से दस्तकारों को प्रोत्साहन देने का कार्यक्रम तैयार किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर रविवार को सुबह 11 बजे देश में दस्तकारों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत करने जा रहे हैं। इस योजना में विभिन्न व्यवसायों से जुड़े कारीगरों को प्रशिक्षण, टूल किट व बैंक लोन की सुविधा प्रदान की जाएगी।

सी निशांत कुमार यादव ने बताया कि रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली में द्वारका स्थित कन्वेंशन सेंटर से देश के 70 स्थानों पर बैठे छोटे कारीगरों को वर्चुअली संबोधित करेंगे। इस दिन एमएसएमई विभाग की प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का शुभारंभ किया जाएगा। इस योजना में 18 हस्त व्यवसायों को शामिल किया गया है। जिनमें सुथार, नाव बनाना, शस्त्राकार, लुहार, हथौड़ा व लोहे के औजार बनाना, ताला

## आईएमटी मानेसर के कम्युनिटी सेंटर सहित देश के 70 केंद्रों में कार्यक्रम का होगा सीधा प्रसारण

बनाना, सुनार, कुंभकार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, टोकरी, चटाई बनाना, गुड़िया व खिलौने बनाना, बारबर, धोबी, दर्जी और मछली पकड़ने के जाल बनाने का काम शामिल है।

टूल किट खरीदने पर मिलेगी 15 हजार रुपए की अनुदान राशि

हरियाणा में गुरुग्राम और अंबाला दो ही सेंटर बनाए गए हैं, जहां प्रधानमंत्री युवा कारीगरों को संबोधित करेंगे। गुरुग्राम के आईएमटी मानेसर स्थित एचएसआईडीसी कम्युनिटी सेंटर में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस योजना में कारीगर को पहले पीएम विश्वकर्मा.जीओवी.इन पोर्टल पर 17 तारीख के बाद अपना पंजीकरण करवाना होगा।

# हनुमान चालीसा पाठ की मुहिम का आंकड़ा हुआ 3.11 लाख के पार



हनुमान चालीसा पाठ की मुहिम के लिए समाजसेवी बोधराज सीकरी का सम्मान करते सदस्य।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**बोधराज** सीकरी की मुहिम श्री हनुमान चालीसा का पाठ श्री राधा कृष्ण मंदिर, भीम नगर में गजेंद्र गोसाई के माध्यम से व्यास गद्दी से हुआ। 21 बार निरन्तर पाठ करने के बाद गोसाई ने सारी संगत को संक्षेप में लगभग पिछले 7 महीने की उपलब्धियों के बारे में बताया।

समाजसेवी बोधराज सीकरी द्वारा की गई यह शुरुआत 47 स्थानों पर हनुमान चालीसा का पावन पाठ हो चुका है, जिसमें 20867 लोग हिस्सा ले चुके हैं और कल की 300 लोगों

## समाजसेवी बोधराज सीकरी की मुहिम बन गई है बड़ा अभियान

की उपस्थिति को जोड़ते हुए अब साधकों की कुल संख्या 21,167 हो गई है। हनुमान चालीसा पाठ अब तक 3,05,064 हो चुके थे और कल की संख्या को जोड़कर यह आंकड़ा 3,11,364 तक पहुंच गया है। इस बार के कार्यक्रम में कैनविन फॉउंडेशन के संस्थापक डॉ. डीपी गोयल भी पहुंचे। उन्होंने हनुमान चालीसा पाठ अभियान के लिए बोधराज सीकरी जी की मुहिम की प्रशंसा की। जन क्रांति पार्टी के संयोजक अंकित अल्घ ने हनुमान चालीसा की सुंदर प्रस्तुति दी।

पूर्व पार्षद पवन पाहुजा पत्नी निवर्तमान सीमा पाहूजा मंदिर के प्रधान हैं। सुरेश मल्होत्रा, किशोरी डुडेजा महा मंत्री और प्रमोद सलूजा संरक्षक ने एक-एक मेहमान का निजी तौर से ख्याल रखा और इतनी सुंदर व्यवस्था कि की लोगों का मन खुश हो गया। 21 बार पाठ समाप्त होने के बाद बोधराज सीकरी ने कल गुरु तत्व पर चर्चा की। कैसे तुलसीदास जी ने श्री हनुमान चालीसा पाठ का शुभारंभ ही श्री गुरु शब्द से किया।

# एडब्लूएस ने अंतरिक्ष में भारत की क्षमताओं को क्लाउड टेक्नोलॉजी द्वारा मजबूत बनाने के लिए इसरो और इन-स्पेस के साथ गठबंधन किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**इस** गठबंधन का उद्देश्य क्लाउड टेक्नोलॉजी और अंतरिक्ष क्षेत्र के ज्ञान वाली प्रतिभा का विकास करना, स्टार्टअप्स को स्पेस-टेक समाधानों का विकास करने में समर्थ बनाना और आरएंडडी में मज़बूती लाने है

अमेज़न वेब सर्विसेज (एडब्लूएस) इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने क्लाउड कंप्यूटिंग द्वारा स्पेस-टेक इनोवेशंस में मदद करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) के साथ एक सामरिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस गठबंधन द्वारा स्पेस स्टार्टअप, शोध संस्थानों एवं विद्यार्थियों को अत्याधुनिक क्लाउड टेक्नोलॉजी उपलब्ध हो सकेगी, जो अंतरिक्ष क्षेत्र में नए समाधानों के विकास में तेज़ी लाएगी।

**वर्तमान समस्याओं को हल करने वाले समाधानों का विकास**

शालिनी कपूर, डायरेक्टर एवं चीफ टेक्नोलॉजिस्ट, सार्वजनिक क्षेत्र, एडब्लूएस भारत एवं दक्षिण एशिया ने कहा, ''क्लाउड कंप्यूटिंग पर आधारित इनोवेशंस की मदद से अंतरिक्ष उद्योग ज्यादा तेज एवं बेहतर निर्णय लेने में समर्थ बनता है, जिससे संभावनाओं का विस्तार होता है। एडब्लूएस स्टार्टअप्स को उपयोग की ज़रूरत को पहचानने और समाधानों के विकास में तेजी लाने, तथा भारत में क्लाउड और अंतरिक्ष के क्षेत्र में निपुण प्रतिभा का विकास करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम पृथ्वी पर जीवन में सुधार लाने के लिए भारत के ग्राहकों को स्पेस-टेक समाधानों का निर्माण करने में मदद करने के लिए तत्पर हैं।'' कपूर ने बताया, ''हम अंतरिक्ष में भारत की यात्रा के एक महत्वपूर्ण बिंदु पर हैं क्योंकि भारत सरकार एयरोस्पेस और सैटेलाइट उद्योग में देश की क्षमताएँ बढ़ाने व मज़बूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।''

**स्पेस-टेक में करियर को बढ़ावा देना**

इसरो की स्पेस-टेक विशेषज्ञता के साथ क्लाउड कंप्यूटिंग में एडब्लूएस के शैक्षिक कार्यक्रमों द्वारा भावी पीढ़ियों को भारत के विकसित होते अंतरिक्ष क्षेत्र में करियर बनाने की प्रेरणा मिलेगी।

इसरो में डायरेक्टर, कैपेसिटी बिल्डिंग एवं पब्लिक आउटरीच, सुधीर कुमार एन. ने कहा, ''हमारे देश की सबसे बड़ी प्राथमिकता अंतरिक्ष क्षेत्र में इनोवेशन को आगे बढ़ाना है क्योंकि भू-स्थानिक समाधानों में सुशासन के लिए उच्च गुणवत्ता की सेवाएं प्रदान करने तथा नागरिकों एवं अंशधारकों को लाभ पहुँचाने की शक्ति है।'' क्लाउड कंप्यूटिंग द्वारा बहुत किफ़ायती तरीके से उपयोगी परिणाम प्राप्त करने के लिए एआई, एमएल एवं एनालिटिक्स वर्कलोड चलाने के अलावा रॉ स्पेस डेटा के भारी वॉल्यूम का तेजी से प्रबंधन संभव होता है।

**भारत में अंतरिक्ष की प्राथमिकताओं में सहयोग**

इसरो, इन-स्पेस और एडब्लूएस स्पेस-टेक सेक्टर में स्टार्टअप समुदाय के निर्माण व विकास के लिए मिलकर काम करेंगे। एडब्लूएस एक्टिवेट प्रोग्राम द्वारा एडब्लूएस अंतरिक्ष स्टार्टअप टूल्स, संसाधन एवं विशेषज्ञ तकनीकी सहायता निःशुल्क उपलब्ध कराएगा। इससे स्टार्टअप्स इनोवेटिव समाधान बना पायेंगे और तेज़ी से उनका व्यवसायीकरण कर पायेंगे। स्टार्टअप्स को एडब्लूएस और एडब्लूएस स्पेस एक्सेलेरेटर प्रोग्राम द्वारा एयरोस्पेस एवं सैटेलाइट समाधानों का निर्माण करने के इसके वैश्विक अनुभव का लाभ भी मिलेगा।

# मांगों की सुनवाई नहीं होने पर कर्मचारी करेंगे आंदोलन

**फरीदाबाद।** निगम कांफ्रेंस हॉल में जिला कमेटी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें नगर निगम कर्मचारियों की मांगो को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान जिला प्रधान दलीप ने कहा कि निगम आयुक्त ने सात दिन के अंदर बैठक कर मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया है। इसके बाद स्थानीय मांगों को पूरा नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। जिला प्रधान ने कहा कि आयुक्त से निगम स्तर की मांगों का समाधान करने के लिए बैठक का समय मांगा है। यदि निगम आयुक्त ने सात दिन के अंदर बैठक का समय निर्धारित नहीं किया और मांगों का समाधान नहीं किया तो संघ आंदोलन करेगा। राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि नगर पालिका कर्मचारी संघ द्वारा 15 अक्तूबर को रोहतक में होने वाली कर्मचारी आक्रोश रैली विशाल एवं अभूतपूर्व होगी। वहीं, 19 व 20 सितंबर को झाड़ू प्रदर्शन करने तथा 25 से 29 सितंबर तक सभी नगर पालिकाओं में क्रमिक भूख हड़ताल करने की तैयारी चल रही है। इसके लिए संबंधित यूनियन काम कर रही है।

# देशभर के मेयर्स ने सरकार से मांगे संसाधन और प्रशासनिक अधिकार

### गुरुग्राम के हयात होटल में हुई ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स की बैठक

## सांसद कार्तिक शर्मा मुख्य अतिथि के तौर पर रहे बैठक में मौजूद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स की एग्जीक्यूटिव कमेटी की बुधवार को यहां होटल हयात में बैठक हुई। बैठक में देश के विभिन्न राज्यों से विभिन्न नगर निगम में मेयर शामिल हुए। इस बैठक का आयोजन अंबाला की मेयर शक्ति रानी शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद कार्तिकेय शर्मा पहुंचे।

गुरुग्राम में ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स की एग्जीक्यूटिव कमेटी की यह बैठक हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश सहित अन्य कई राज्यों से मेयर की थी। बैठक में दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय, अम्बाला की मेयर




गुरुग्राम के हयात होटल में हुई ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स की बैठक में मौजूद विभिन्न शहरों से पधारे मेयर व मुख्य अतिथि सांसद कार्तिकेय शर्मा।

शक्ति रानी शर्मा, पंजाब के अबोहर से मेयर विमल त्रिपाठी, जयपुर से मेयर सौम्या गुर्जर, लखनऊ से मेयर सुषमा खर्कवाल सहित कई मेयर मौजूद रहे।

इस बैठक में पंहुचे तमाम मेयर्स ने अपने-अपने नगर निगम क्षेत्र को लेकर चर्चा की तो वन्ही ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स के द्वारा सांसद कार्तिकेय शर्मा को एक मांग पत्र भी सौंपे, जिसमें केंद्र सरकार से कई मांग रखी गई। एआइसीएम की चेयरमैन एवं बुरहानपुर से मेयर माधुरी अतुल पटेल के अनुसार 1994 में जो 74वां संशोधन हुआ था, उसे अभी तक कई राज्यों ने लागू नहीं किया है। जिसके कारण महापौरों को अपने क्षेत्र में कार्य करने पर कठिनाई आती है। लोगों की अपेक्षा निगम से बढ़ी है। सरकार भी नगर निगम को काम तो सौंप रही है, लेकिन संसाधन और प्रशासनिक अधिकार नहीं दिए गए हैं। यह भी मांग की गई है कि देश में एक समान कानून बने। ऐसे ही मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार के नाम सांसद कार्तिकेय शर्मा को एक मांग पत्र सौंपा गया।

सांसद कार्तिक के शर्मा ने कहा है कि वह इस मुद्दे पर केंद्र सरकार से बात करेंगे। संसद में भी इस मुद्दे को उठाएंगे और जल्द महापौर के एक डेलिगेशन की मुलाकात केंद्र सरकार से कराएंगे। कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि मेयर्स के मुद्दे जनता से सरोकार रखते हैं। जिनका पूरा होना जरूरी है। तमाम मेयर्स का जनता से सीधा सरोकार होता है और लोगों की भी काफी उनसे उम्मीदें होती हैं। इसलिए मेयर्स के अधिकारों में समानता होनी चाहिए, ताकि उन्हें काम करने का मौका मिले। यहां बताया गया कि ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर देश भर के महापौर का एक संगठन है, जिसमें समय-समय पर अलग-अलग राज्यों में निगम क्षेत्र में विकास कार्य और योजनाओं को लेकर चर्चा होती है।

# फरीदाबाद व पलवल में अवैध कब्जों पर चला पीला पंजा, ढहाए अवैध निर्माण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**हरियाणा** शहरी विकास प्राधिकरण की ओर से ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर-80 में अवैध कब्जा धारकों पर बुलडोजर चलाकर विकास कार्यों का शुभारंभ किया है। कब्जा किए किसानों ने तोड़फोड़ कार्रवाई का विरोध भी किया लेकिन पुलिस ने खदेड़ दिया। अधिकारियों ने कहा कि जमीन अधिग्रहण का मुआवजा मिलने के बावजूद कब्जा नहीं छोड़ना गैरकानूनी है। सेक्टर में मुख्य सड़क बनाने का काम शुरू किया गया। 17 साल बाद सेक्टर को नए सिरे से विकसित किया जा रहा है।

ग्रेटर फरीदाबाद में छोटी-बड़ी करीब 80 सोसाइटियां है। इनमें लाखों लोग निवास करते है। यहां प्राइवेट बिल्डरों द्वारा सोसाइटियों बसाई जा रही हैं। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सेक्टरों में सालों से विकास कार्य ठप थे। ग्रेफ के केवल तीन सेक्टरों में ही मूलभूत सुविधाएं विकसित करने का काम शुरू किया हुआ है। इनमें सेक्टर 76, 77 और 78 शामिल हैं। इन सेक्टरों के अंदरूनी इलाकों में सड़क बनाने, सीवर व पानी की लाइन डालने, स्ट्रॉम वॉटर ड्रेन बनाने व बिजली की व्यवस्था की जा रही है। अधिकतर हिस्से में काम हो चुका है और बचे हुए हिस्से में काम जारी है। सेक्टर 77 व 78 में ड्रॉ के माध्यम से लोगों को प्लॉट दिए गए थे और सेक्टर 76 में ई-ऑक्शन के माध्यम से लोगों को प्लॉट बेचे गए हैं। इसी प्रकार एचएसवीपी ने सेक्टर 75 और 80 में भी ई-ऑक्शन के द्वारा लोगों को प्लॉट बेचे हैं, लेकिन सुविधाओं के अभाव के कारण कब्जा नहीं दिया है। लोगों को प्लॉटों पर कब्जा देने से पहले यहां पर मूलभूत सुविधाएं विकसित करनी जरूरी हैं। वहीं, दूसरी ओर सेक्टर-75 और 80 में विकास कार्य न होने का फायदा लोग उठा रहे थे। लोगों ने यहां अवैध कब्जा करके कार-मोटरसाइकिल धुलाई का काम, गाड़ियां बेचना सहित अन्य कार्य शुरु कर दिए थे।

तोड़फोड़ से पहले एचएसवीपी की ओर से लोगों को नोटिस जारी कर जगह खाली करने के आदेश दिए गए लेकिन, लोगों ने नोटिस को अनदेखा कर दिया। मंगलवार को एचएसवीपी का तोड़फोड़ दस्ता पुलिस बल के साथ सेक्टर-80 पहुंचा। टीम को देखते ही लोगों में हड़कंप मच गया और कार्रवाई का विरोध करने लगे। पुलिस और अधिकारियों ने लोगों को समझा बुझाकर दूर किया और अवैध कब्जों को ध्वस्त कर दिया। वहीं दूसरी तरफ पलवल में जिला नगर योजनाकार विभाग की ओर से जिले के बामनीखेड़ा से दीघोट गांव जाने वाले मार्ग व रसूलपुर मार्ग पर अवैध रूप से 8 एकड़ कृषि योग्य भूमि पर काटी जा रही चार अवैध कॉलोनियों में तोड़फोड़ की गई। डीटीपी के पीले पंजे ने यहां 36 एकड़, एक बाउंड्रीवॉल व करीब 600 मीटर लंबे रोड नेटवर्क को धराशायी कर दिया। टीम का नेतृत्व डीटीपी स्वयं कर रहे थे। भारी पुलिस भी मौके पर मौजूद थी।

डीटीपी नरेंद्र नैन ने बताया कि विभाग की ओर से तोड़फोड़ में आगे और सख्ती बरती जाएगी, ताकि जिले की सुंदरता को देखते हुए अवैध कॉलोनियों को काटने व उनमें निर्माण करने वालों के मंसूबे पूरे न हो सकें। समय रहते पनप रहे अवैध निर्माण को तोड़ा जा सके। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में भू-माफिया के बहकावे में आकर प्लॉट न खरीदें।

उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों को किसी भी कीमत पर पनपने नहीं दिया जाएगा। अवैध कॉलोनी काटने वाले व भू-माफिया के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। उनके खिलाफ पुलिस थानों में मुकदमें भी दर्ज कराए जाएंगे।

# एड्स के प्रति जागरूक करने के लिए मैराथन दौड़ आयोजित



**पलवल।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य को लेकर नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी संजय कुमार ने मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाई। संजय कुमार ने बताया कि पलवल जिले में एड्स के प्रति युवाओं को जागरूक करने के लिए जिले में आठ रेड रिबन क्लब बनाए गए हैं। जिसके माध्यम से लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया जा रहा है। मैराथन दौड़ का उद्देश्य समाज में लोगों को एचआईवी के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही एड्स का बचाव है। यूथ को अगर यह जानकारी होगी कि एड्स किस प्रकार से फैलता है और उसको किस प्रकार से रोका जा सकता है तो इस बीमारी से दूर रह सकते है। एचआईवी काउंसलर उमेद सिंह ने बताया कि एड्स के बचाव व लक्षणों के बारे में स्कूल, कॉलेजों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई हैं। एड्स के बारे में युवाओं को जानकारी होगी तो वह अपने साथियों को भी जागरूक कर सकते हैं और अपने समाज व आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित कर सकते हैं।

# दहेज की मांग पर विवाहिता को जहर देकर मारा

## दहेज में 10 लाख और गाड़ी मांग रहे थे पति-सास, पिता की शिकायत पर केस दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**दहेज** की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को जहर खिलाकर हत्या करने का मामला सामने आया है। सदर थाना पुलिस ने मृतका के पिता की शिकायत पर पति-सास के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

सदर थाना प्रभारी विश्व गौरव के अनुसार, अमरोली गांव निवासी ओमप्रकाश ने दी शिकायत में कहा कि उसने अपनी दो बेटियों की शादी फुलवाड़ी गांव में एक ही परिवार में वर्ष 2018 में की थी। उसकी छोटी बेटी ज्योति की शादी प्रवीन के साथ की थी। शादी के बाद से ही उसकी बेटी को दहेज के लिए परेशान किया जाने लगा। दहेज नहीं लाने की सूरत में उसके साथ अक्सर मारपीट की जाने लगी। उसका पति प्रवीन उसे बार-बार दहेज में 10 लाख रुपये, बड़ी गाड़ी व गहने लाने को कहता था। आरोप है कि 11 सितंबर को उसकी बेटी ने उसे मिलने के लिए अपने पास बुलाया था। वह उसके बुलावे पर उससे मिलने के लिए उसकी ससुराल फुलवाड़ी आ गया। यहां उसने उसके पति को काफी समझाया और शाम को वापस घर आ गया।

अगले दिन सुबह करीब सात बजे उसकी बड़ी बेटी का फोन आया, उसने कहा कि ज्योति की तबीयत खराब है, उसे अस्पताल ले जाया गया है। वह सूचना पर तुरंत मौके पर पहुंचा तो उसकी बेटी ने उसे बताया कि उसके पति ने उसे जबरन जहर दे दिया है। उसकी ज्यादा हालत खराब हो गई तो उसे फरीदाबाद के अस्पताल में भेज दिया, लेकिन यहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मृतक महिला के पति सहित दो के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विवाहिता से दुष्कर्म का प्रयास विरोध करने पर कपड़े फाड़े

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**मुंडकटी** थानाक्षेत्र के एक गांव में विवाहिता से दुष्कर्म का प्रयास किया गया। आरोपी उसे घर में घसीटकर ले गए। जहां मारपीट की गई। इतना ही नहीं आरोपियों ने उसके कपड़े भी फाड़ दिए। लोगों को आता देख आरोपियों ने महिला को छोड़ दिया। शिकायत पर मुंडकटी थाना पुलिस ने तीन भाइयों सहित उनकी मां के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मुंडकटी थाना प्रभारी सचिन के अनुसार, थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने दी शिकायत में कहा है कि वह अपने घर से किसी काम के लिए जा रही थी, लेकिन जब गली में पहुंची तो कुलदीप नामक युवक ने गलत नीयत से उसका हाथ पकड़ लिया। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी के भाई प्रदीप व विष्णु और उनकी मां धरवत्ती मौके पर आ गए। पीड़िता को गालियां देते हुए अपने घर में घसीटते हुए ले गए।

घर के अंदर ले जाकर दुष्कर्म का प्रयास किया और उसके कपड़े फाड़ दिए। पीड़िता अपने आपको बचाते हुए भागने लगी तो उसे पकड़कर पीटा। शोर मचाना चाह तो उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। जिसके बाद आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान उसके कपड़े भी फाड़े।

# चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को दी साइकिलें

**फरीदाबाद।** जिला बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान एलएन पाराशर ने एसोसिएशन के चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को साइकिल वितरित की। इसके लिए कोर्ट परिसर के अधिवक्ता चेंबर नंबर 382 में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें दस कर्मचारियों को साइकिल दी गईं। एडवोकेट एलएन पाराशर ने बताया कि इससे कर्मचारियों को कोर्ट आने-जाने में सहूलियत मिलेगी। उन्हें ऑटो का किराया नहीं देना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि इससे पहले राशन वितरण एवं मेडिक्लेम बीमा पॉलिसी का लाभ बार के कर्मचारियों को दिया जा रहा है। पाराशर युवा वकीलों को कानूनी किताबें भी बांट चुके हैं।

# लोक कलाकारों के भुगतान के लिए 20 सितंबर तक आवेदन

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**सूचना,** जनसंपर्क एवं भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा द्वारा जिला पलवल सहित प्रदेश के अन्य 16 जिलों अंबाला, भिवानी, चरखी दादरी, झज्जर, जींद, कैथल, कुरुक्षेत्र, नारनौल महेंद्रगढ, नूंह, फतेहाबाद, पानीपत, पंचकूला, रेवाड़ी, सिरसा, सोनीपत व यमुनानगर में लोक कलाकार यूनिटों तथा लोक कलाकारों को सूचीबद्ध आधार पर रखने बारे आवेदन आमंत्रित किए गए है। यह सूचीबद्धता तीन वर्ष के लिए होगी और उसमें पार्टियों व कलाकारों को निर्धारित दरों अनुसार भुगतान कर सूचीबद्ध किया जाएगा।

डीसी नेहा सिंह ने बताया कि सूचीबद्ध की जाने वाली श्रेणियों में ड्रामा यूनिटों के लिए प्रतिदिन 5510 रुपए दिए जाएंगे। ड्रामा यूनिट में 10-15 कलाकार शामिल हो सकते हैं। इसी प्रकार से सांस्कृतिक मंडलियां, जिसमें सामूहिक कार्यक्रम, लोक नृत्य तथा अन्य विविध कार्यक्रम इत्यादि शामिल हैं, 10-15 कलाकार होंगे और उनको प्रतिदिन 5510 रुपए तथा लोक कलाकार जिसमें नाटक कलाकार, लोक गायन और संगीतकार, तबला वादक, ढोलक वादक, हारमोनियम वादक, बेंजू वादक, बीन वादक, बांसुरी वादक तथा कलारनैट वादक इत्यादि शामिल हैं, को 458 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से मानदेय दिया जाएगा। डीसी ने बताया कि इन दरों में एक वर्ष बाद पांच प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से वृद्धि की जाएगी। जो पार्टी/मंडली/कलाकार अपने कार्य में दक्ष हों और वह विभाग द्वारा निर्धारित शर्तों को पूरा करते हों, ऐसी पार्टियां/मंडली या कलाकार अपना आवेदन पुराना कोर्ट परिसर में स्थित जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय में आवेदन करें।

# दहेज के लिए पत्नी की हत्या करने का पति गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**दहेज** के लिए अपनी पत्नी की हत्या करने के आरोप में पुलिस ने उसके पति को गिरफ्तार किया है। सदर थाना प्रभारी निरीक्षक विश्व गौरव के अनुसार मामले में जिला मथुरा यूपी के फालेन गांव के रहने वाले वासुदेव ने दी शिकायत में कहा है कि 22 फरवरी 2023 को उसने अपनी बेटी राधिका की शादी रायदासका गांव के रहने वाले राकेश के साथ की थी। शादी के कुछ दिन बाद ही राधिका का पति राकेश, जेठ देवेंद्र, जेठानी सोनम, देवर मोनू व ससुर जीवनलाल दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। दी शिकायत मे आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। रक्षाबंधन पर जब उसकी बेटी अपने मायके पहुंची तो उसने बताया कि ससुरालजनों ने कहा है कि गाड़ी लेकर नहीं आई तो तुझे जान से मार देंगे। पीड़ित ने अपनी बेटी के ससुराल वालों को समझाया कि वह गरीब आदमी है गाड़ी नहीं दे सकता। मगर ससुरालजन नहीं माने। बीती 11 सितंबर को देर शाम करीब छह बजे उसके पास राधिका के ससुर जीवनलाल का फोन आया कि राकेश, सोनम व राधिका का झगड़ा हो रहा है। उसके करीब 20 मिनट बाद ही राकेश का फोन आया कि अपनी लड़की का मुंह देखना है तो रायदासका आ जाओ। फोन सुनने के तुरंत बाद पीड़ित अपनी पत्नी को लेकर रायदासका गांव के लिए चल दिया। रायदसाका में राकेश ने बताया कि राधिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पीड़ित का आरोप है कि उन सभी आरोपियों ने फांसी लगाकर मार दिया था।

# रक्तदान शिविर को लेकर बैठक का आयोजन

**फरीदाबाद।** चावला कॉलोनी स्थित आर्य समाज कार्यालय में आयोजित पंजाबी सेवा समिति की बैठक में रक्तदान शिविर लगाने पर चर्चा हुई। इस दौरान अग्रवाल धर्मशाला में 30 सितंबर को नौवां विशाल रक्तदान शिविर लगाने का फैसला किया गया है। समिति के प्रधान प्रेम खट्टर की अध्यक्षता में सभी सदस्यों ने इस आयोजन पर सहमति व्यक्त की। समिति की महासचिव ज्योति छाबड़ा ने बताया कि थैलेसीमिया रोगियों के लिए अमर शहीद भगत सिंह की स्मृति में पंजाबी सेवा समिति पिछले नौ साल से लगातार विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन करती आ रही है। रक्तदान शिविर में बीके अस्पताल और रोटरी क्लब की टीमें रक्त एकत्रित करेंगी। इस अवसर पर श्यामलाल छाबड़ा, वेद प्रकाश सपरा, रोशन लाल डूडेजा, उपप्रधान वीरेंद्र मनचंदा एवं विजय विरमानी, संरक्षक अशोक सेठी आदि मौजूद थे।

# अग्रवाल कॉलेज में उद्यमिता पर आधारित कोर्स कराया गया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**अग्रवाल** कॉलेज बल्लभगढ़ में प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत के मार्गदर्शन में एसडीजी क्लब द्वारा सामाजिक उद्यमिता पर चलाया जा रहा सर्टिफिकेट कोर्स संपन्न हुआ। यह कोर्स 24 फरवरी 2023 को शुरू हुआ था, जिसमें विभिन्न कक्षाओं के 40 छात्रों को नामांकित किया गया। इस कोर्स का लक्ष्य छात्रों को सामाजिक उद्यमिता को जीवन में अपनाकर भविष्य के लिए तैयार करना एवं उन्हें हमारे पृथ्वी ग्रह के लाभ की दिशा में काम करने के सार्थक तरीकों से संलग्न कराना था। उद्यमिता और सतत विकास के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता के लिए जाने जाने वाले अनित गुप्ता ने पूरे कोर्स के दौरान अपना ज्ञान और अनुभव विद्यार्थियों के साथ सांझा किया। पाठ्यक्रम में प्रतिभागियों ने सामाजिक उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं को सीखा, जिसमें सामाजिक मुद्दों की पहचान करना, स्थायी व्यापार मॉडल विकसित करना और सकारात्मक सामाजिक प्रभाव पैदा करना शामिल है। कार्यक्रम इंटरेक्टिव वीडियो सबक और समूह चर्चा की एक श्रृंखला के माध्यम से ऑफलाइन और ऑनलाइन मोड दोनों में आयोजित किया गया था, जिसमें प्रतिभागियों ने पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से अपने प्रोजेक्ट की प्रस्तुति की। पाठ्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों पर खासतौर पर जोर दिया गया। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के प्रिंसिपल डॉ. कृष्ण कांत ने इस अभिनव पाठ्यक्रम के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते हुए धन्यवाद किया।

# एबीवीपी की हथीन इकाई घोषित की




पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद् पलवल द्वारा आईटीआई हथीन में नगर मंत्री सचिन की अध्यक्षता में इकाई घोषित की गई। जिसमें इकाई अध्यक्ष नवनीत, उपाध्यक्ष निखिल और देवेंद्र, मंत्री सतबीर, सचिव धीरज, सह सचिव मेहरचंद, कार्यकारिणी सदस्य मोनू और बंटी, विभिन्न आयाम संयोजक विष्णु, महेश, सागर, बसंत, जीतू, साहिल, इंदर, दीपक, आकाश को बनाया गया। इसमें जिला संयोजक सागर डागर ने नई कॉलेज इकाई को सक्रिय रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर जिले सभी कॉलेजों में नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। जिसके तहत कॉलेजों के छात्रों की समस्या के समाधान के लिए एबीवीपी कार्य कर सके। इस अवसर पर जिला प्रमुख जितेंद्र कुमार, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद भारद्वाज आदि अनेक कार्यकर्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# आयुष्मान आपके द्वार को फरीदाबाद में सौ फीसदी करना है लागू : सीमा त्रिखा

## राष्ट्रपति मुर्मू ने किया आयुष्मान भव अभियान का किया आगाज

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को आयुष्मान भव: योजना का आगाज किया। स्थानीय नागरिक अस्पताल बीके में विधायक सीमा त्रिखा और विधायक नरेंद्र गुप्ता जिला स्तरीय लाइव प्रसारण से जुड़े। विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आयुष्मान आपके द्वार का जिला फरीदाबाद में सौ फीसदी अचीवमेंट करना है। उन्होंने कहा कि जिला में आयुष्मान आपके द्वार अभियान के तहत 17 सितंबर से दो अक्टूबर, गांधी जयंती तक जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं जिला में आयोजित किए जाने वाले आयुष्मान आपके द्वार कार्यक्रमों को लेकर अपने कार्यालय में स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला विकास एवं पंचायत विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को भी भागीदार बनाया जाएगा।

एमएलए नरेंद्र गुप्ता ने आयुष्मान आपके द्वार अभियान को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों के जिला स्तर पर अधिकारियों को आपसी तालमेल करके विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी बनाई जाएगी, जबकि आयुष्मान हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में साप्ताहिक आयुष्मान मेले आयोजित किए जाएंगे। साथ ही ग्राम पंचायत और शहरी वार्डों में आयुष्मान सभा का आयोजन कर गैर संचारी रोगों की जांच के साथ ही लोगों को स्वास्थ्य की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसका उद्देश्य सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के लक्ष्य को प्राप्त करना है। इसके तहत सेवा पखवाड़ा, आयुष्मान आपके द्वार, आयुष्मान सभा, आयुष्मान ग्राम पंचायत, आयुष्मान अर्बन समेत तमाम कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि आयुष्मान आपके द्वार का आयोजन होगा जिसके तहत आयुष्मान मेला संचालित किया जाएगा। एडीसी आनंद शर्मा ने कहा कि आयुष्मान आपके द्वार कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन के लिए आयुष्मान पात्र कार्ड बनाए व वितरित किए जाएंगे। जिसके लिए पंचायती राज जनप्रतिनिधियों, आंगनवाड़ी वर्करों, स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों की मदद भी ली जाएगी। आयुष्मान मेला, साप्ताहिक हेल्थ एवं वेलनेस मेला, साप्ताहिक सीएचसी मेला, आयुष्मान सभा का आयोजन किया जाएगा। दो अक्टूबर से आयुष्मान सभा होगी। आयुष्मान ग्राम पंचायत एवं आयुष्मान अर्बन वार्ड का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही अंगदान को लेकर करेंगे जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी ब्लॉक स्तरीय अस्पताल और मेडिकल कॉलेज अपने परिसर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करेंगे। स्वच्छता अभियान अस्पतालों और डिस्पेंसरी सहित जिला के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में भी चलाया जाएगा। इसके अलावा जिन गांवों में आयुष्मान भारत के लाभार्थी हैं, जो टीबी और कुष्ठ रोग से मुक्त हैं और जिनमे कोरोना टीकाकरण का रिकॉर्ड 100 प्रतिशत है, उन गांवों को आयुष्मान ग्राम घोषित किया जाएगा।

लाइव प्रसारण में भाजपा के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता, एसएमओ डॉक्टर राम भगत, एआईपीआरओ संजय कुमार, डॉ. राजेश, डॉ. रचना, डॉ. मनीषा, डॉ. विजय मलिक, डॉ. राखी बत्रा सहित अन्य कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# गो सेवा धाम अस्पताल में फाउंडेशन ने दान की नई ईको एंबुलेंस

**फाउंडेशन के अधिकारियों ने देवी चित्रलेखा के सानिध्य में फीता काट कर उद्घाटन किया**

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**गौ** सेवा धाम अस्पताल में वेदांता ग्रुप की अनिल अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा द एनिमल केयर ऑर्गेनाइजेशन के तहत नई एंबुलेंस दान दी गई। जिसका बुधवार को अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के अधिकारियों ने देवी चित्रलेखा के सानिध्य में फीता काट कर उद्घाटन किया।

गौ सेवा धाम अस्पताल में वेदांता ग्रुप की अनिल अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा दान की गई नई ईको एंबुलेंस का उद्घाटन बड़े हर्षोल्लास से किया गया। गौ सेवा धाम अस्पताल ने असहाय, निराश्रित, बीमार व सड़क दुर्घटनाओं में घायल गौवंशों और अन्य जीवों की सेवा के प्रति एक और कदम आगे बढ़ाया है। गौ सेवा धाम अस्पताल की संचालिका देवी चित्रलेखा का मानना है कि कोई भी जीव बीमारी के कारण अपने प्राण न त्यागे। फाउंडेशन की एंकर एवं वेदांता लिमिटेड की निदेशक प्रिया अग्रवाल हेब्बार ने बताया कि टैको के माध्यम से हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी जानवर चिकित्सा की कमी के कारण पीड़ित न हो, हम अपने देश में पशु कल्याण पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह एंबुलेंस इस दिशा में एक और कदम है। यह एंबुलेंस आसपास के 50 किलोमीटर के क्षेत्र के छोटे-बड़े जानवरों, विशेषकर राजमार्गों पर घायल हुए जानवरों के लिए आपातकालीन देखभाल प्रदान करेगी। इस मोबाइल एंबुलेंस में 24 घंटे इमरजेंसी मेडिकल किट तैयार रहेगी, जोकि सूचना मिलते ही अधिक से अधिक बेजुबानों की मदद कर सके। अनिल अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा जीव कल्याण के लिए हरियाणा व राजस्थान में अनेक जगह पर सेवा प्रकल्प संचालित किए हुए हैं। सभी ने सर्वप्रथम गौमाता की पूजा की और यहां भर्ती गौवंश को गुड व हरा चारा खिलाया।

# एशिया कप क्रिकेट

## भारत की विजय

**एशिया कप** क्रिकेट मैच के सभी खंडों में पाकिस्तान को हरा कर भारत ने अपनी धाक जमा ली है। भारत और पाकिस्तान के एक दूसरे के खिलाफ होने पर कोई क्रिकेट मैच मामूली नहीं होता है। यह गौरव, अपमान, जीवन, मृत्यु तथा खुशी या गम के आसुंओं का विषय होता है। एक प्रकार से भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैचों की बातें दुनिया की दूसरी चीजों की तरह हमेशा होती रहती हैं। इस एशिया कप में पहला 'राइवलरी' मैच नहीं हुआ, जबकि दो दिन तक खिंचे दूसरे मैच ने प्रशंसकों और दर्शकों को निराश किया, लेकिन दुनिया खेले गए ओवरों का रिप्ले सांस रोक कर देखती रही और भावनायें चरम पर बनी रहीं। हालांकि, मुकाबले का अंत भारत की विजय के रूप में सामने आया। मजेदार है कि यह संघर्ष प्रकृति की शक्तियों तथा पाकिस्तान की लड़खड़ाती क्रिकेट शक्ति, दोनों के खिलाफ था। भारत ने अपना शानदार प्रदर्शन किया और इसमें टीम के सभी सदस्यों ने अपना पूरा योगदान दिया। शुरुआत से ही टीम भावना का प्रदर्शन करने वाले गेम में शुभमन गिल व रोहित शर्मा ने एक दूसरे का साथ दिया और दोनों ने आधी-आधी सेंचुरी बना ली। जहां वरिष्ठ ओपनरों को विकेट सुरक्षित रखने की खुशी थी, वहीं शुभमन पूरे पार्क में उस तरह घूम रहे थे जैसे कोई शैतान बच्चा डिस्नेलैंड में घूमता हो। लेकिन थोड़ी देर बाद ही ओपनरों के विकेट गिर गए। विराट कोहली और केएल राहुल ने अपनी पारी शुरू ही की थी कि बरसात होने लगी। इससे खेल खराब हो गया और उसे 24.1 ओवर के बाद रोकना पड़ा।

रिजर्व डे पर टीम की विजय में कोहली का योगदान हर प्रकार से असाधारण रहा। इस प्रकार वे वन डे इंटरनेशनल्स-ओडीआई में 13,000 रन तक पहुंचने



वाले सबसे तेज खिलाड़ी बन गए हैं। इस शानदार प्रदर्शन से कोहली ने मास्टर सचिन तेंदुलकर का 2004 में रावलपिंडी में पाकिस्तान के खिलाफ बनाया रिकार्ड तोड़ दिया। लगातार रन बनाने और इनिंग्स संभालने में कोहली की क्षमता का कोई जवाब नहीं। उन्होंने बार-बार अपनी इस क्षमता का प्रदर्शन अनेक महत्वपूर्ण मैचों में किया है। वे न केवल 13,000 रन के उल्लेखनीय मुकाम तक पहुंचे हैं, बल्कि उन्होंने यह काम शानदार गति व प्रतिभा के साथ किया है। दूसरे सिरे पर उनको केएल राहुल से पूरा समर्थन मिला जो चोट के कारण 6 महीने विश्राम करने के बाद लौटे थे। उन्होंने एक और सेंचुरी बनाई। उनकी इनिंग शानदार ड्राइव व शक्तिशाली शाट से भरी थी जिससे पाकिस्तानी गेंदबाज परेशान दिख रहे थे। 13,000 रन का रिकार्ड न केवल कोहली की अविश्वसनीय प्रतिभा का प्रमाण है, बल्कि यह उनकी अडिग प्रतिबद्धता तथा निरंतरता का प्रमाण भी है। मैच की एक और उल्लेखनीय बात भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन था। उन्होंने अनेक इनस्विंग, आउटस्विंग, स्पिन, पेस, फ्लोटर्स, आदि का शानदार प्रदर्शन किया। उनकी गेंदबाजी इतनी सटीक थी कि दुनिया के सर्वोत्तम कहे जाने वाले बल्लेबाज बाबर आजम समेत पाकिस्तानी बल्लेबाज बस अपने स्टंप बचाने में लगे रहे और आउट होने के बाद सिर व कंधे झुका कर पैवेलियन लौटते रहे। महत्वपूर्ण है कि यदि हमें पाकिस्तान से मैच खेलना हो तो पिच 22 गज की होनी चाहिए। क्रिकेट हमें एकसाथ बांधता है और उसमें ऐसी शक्ति भी है। आखिरकार खेल की विजय हुई और कट्टरपंथियों की आशंकायें निर्मूल साबित हुईं। हमें खेलों में युद्ध के बजाय इस प्रकार प्रतियोगिता करनी चाहिए कि दूसरा पक्ष खुद को छोटा न समझे।

# खजाने पर एलपीजी सब्सिडी का बोझ

गैर-उज्ज्वला एलपीजी लाभार्थियों के लिए कीमतों में कमी से बचा जा सकता था। इससे कोई लाभ नहीं होगा, बल्कि तेल कंपनियों पर बोझ बढ़ेगा जो पहले से ही दबाव में हैं।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



कई दशकों से आमतौर से सरकारें अर्थव्यवस्था पर ध्यान देने के बजाय राजनीतिक लाभ के लिए निर्णय करने पर ज्यादा ध्यान दे रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत वर्तमान अवस्थापना ने यह व्यवहार बदलने का प्रयास किया, लेकिन व्यवहार में वह भी परंपरागत रास्ते पर चल पड़ी है। एलपीजी सब्सिडी ऐसा ही एक क्षेत्र है। 29 अगस्त, 2023 को केन्द्रीय कैबिनेट ने खाना पकाने वाली घरेलू गैस पर प्रति सिलिंडर 200 रुपये घटाने की घोषणा की जो 30 अगस्त, 2023 से लागू हो गया है। वैसे एलपीजी का मूल्य नियंत्रण से अलग रखने की घोषणा हुई थी। ऐसे में सवाल है कि सरकार ऐसा निर्णय कैसे कर सकती है? घरेलू उपभोक्ताओं को तीन प्रमुख तेल मार्केटिंग पीएसयू गैस सप्लाई करती हैं।

इंडियन आयल कार्पोरेशन-आईओसी, भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन-बीपीसीएल व हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन-एचपीसीएल के बहुसंख्य शेयर केन्द्र सरकार के हैं और उसका ही इन पर नियंत्रण है। इसलिए सरकार इनको आदेश दे सकती है। मूल्य में कमी का लाभ एलपीजी के सभी 330 मिलियन घरेलू उपभोक्ताओं को मिलेगा। अब उनको दिल्ली में 1103 रुपये प्रति सिलिंडर के बजाय 903 रुपये का भुगतान करना होगा। 330 मिलियन घरेलू उपभोक्ताओं में से 96 मिलियन प्रधानमंत्री उज्वला योजना या पीएमयूवाई के अंतर्गत आते हैं। इस योजना में केन्द्र मुफ्त गैस कनेक्शन देती है। उनको प्रति वर्ष पहले ही 12 सिलिंडर भरवाने के लिए 200 रुपये प्रति सिलिंडर सब्सिडी मिल रही थी। अब उनको बाजार मूल्य से 400 रुपये कम देने होंगे और दिल्ली में उनके लिए एक सिलिंडर की कीमत 703 रुपये होगी। इस बीच सरकार ने अतिरिक्त 7.5 मिलियन और कनेक्शन पीएमजीवाई के अंतर्गत जारी करने का निर्णय किया है जिससें लाभार्थियों की कुल संख्या 103.5 मिलियन हो जाएगी। केन्द्र द्वारा सभी घरेलू उपभोक्ताओंव उज्जवला योजनाओं को ज्यादा सब्सिडी देने का निर्णय उन राजनीतिक संकेतों के उलट है जो वह जनवरी, 2015 से दे रही थी।

एलपीजी पर सब्सिडी सप्लाई खर्च के अतिरिक्त है। इसमें रिफाइनरी गेट प्राइस या आरजीपी के साथ भाड़ा, मार्केटिंग खर्च, मार्केटिंग मुनाफा, डीलरों का कमीशन, टैक्स व ड्यूटी शामिल हैं। इसका उद्देश्य केवल उन घरेलू उपभोक्ताओं की सहायता करना था जो गरीब हों तथा गैस कीमतों का पूरा खर्च न उठा सकते हों। जब लाभार्थी अपने पैरों पर खड़े हो जाएं तो इसे वापस लेने का इरादा भी था। लेकिन अतीत में सरकार ने इन मूलभूत सिद्धान्तों की अनदेखी करते हुए सभी एलपीजी कनेक्शनों पर सब्सिडी दी। यह अमीरों समेत सभी लोगों तक पहुंची। हालांकि, इसे केवल सबसे गरीब लोगों को ही मिलना चाहिए था।

2015-16 के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में केवल 0.07 प्रतिशत एलपीजी सब्सिडी गरीब परिवारों के पांचवें हिस्से तक पहुंचती थी। इसी प्रकार शहरी क्षेत्रों में सबसे गरीबों के पांचवे हिस्से को केवल 8.2 प्रतिशत सब्सिडी मिलती थी। बड़ी मात्रा में सब्सिडी फर्जी लाभार्थियों तक पहुंचती थी क्योंकि एलपीजी सिलिंडरों के स्टाक का एक हिस्सा होटलों, रेस्टोरेंटों व अन्य वाणिज्यिक प्रयोगकर्ताओं तक पहुंच जाता था। तार्किक रूप से उचित निर्णय के बजाय अक्सर लोकरंजकता के कारण राजनेता सब्सिडी देते हैं। वे केन्द्र की बैलेंसशीट पर बिना बोझ डाले इसके रास्ते निकाल लेते हैं। पहले पेट्रोल, डीजल, कैरोसीन व एलपीजी पर सब्सिडी की प्रतिपूर्ति अन्य उत्पादों, जैसे फ्यूल आयल, एलएसएचएस, नेफ्था, एटीएफ, आदि की अधिक कीमतों से की जाती थी। इससे बजट पर कोई बोझ नहीं पड़ता था। 2002-03 में वाजपेयी सरकार ने यह व्यवस्था समाप्त कर इन उत्पादों पर सब्सिडी सीधे बजट से देने का प्राविधान किया जिसके पीछे इरादा अंततः इसे समाप्त करना था।

2004 में सत्ता में आई संप्रग सरकार ने सब्सिडाइज बिक्री को जारी रखते हुए पीएसयू को तेल बांड जारी करने तथा ओएनजीसी व ओआईएल को घरेलू कच्चे तेल की बिक्री जैसे रास्ते निकाले। इनके पीछे उद्देश्य सस्ते उत्पाद बेचने के लिए आईओसीएल, बीपीसीएल व एचपीसीएल की सहायता करना था। जून, 2020 में पेट्रोल व इसके बाद नवंबर, 2014 में डीजल मूल्यों को नियंत्रण से बाहर कर दिया गया। जहां तक एलपीजी का सवाल है, केलकर कमेटी ने 2012-13 तक 25 प्रतिशत तथा बाद के दो साल में 75 प्रतिशत सब्सिडी समाप्त करने का सुझाव दिया था। मई, 2014 में सत्ता में आई मोदी सरकार ने सुनियोजित तरीके से इस पर अमल करने की घोषणा की थी।

1 जनवरी, 2015 को उसने सब्सिडी के लिए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण योजना-डीबीटी शुरू की। डीबीटी के अंतर्गत तेल पीएसयू लाभार्थी को पूरी कीमत पर सिलिंडर देती थीं। इसके बाद लाभार्थी के खाते में सब्सिडी भेजी जाती थी। इसके बदले कंपनियां सब्सिडी धनराशि की प्रतिपूर्ति केन्द्र सरकार से मांग सकती थीं। इससे फर्जी लाभार्थियों को हटाने तथा दुरुपयोग रोकने में सहायता मिली जो पुरानी व्यवस्था में धड़ल्ले से जारी था जब सब्सिडी कीमत से जुड़ी होती थी। जून, 2020 में सरकार ने सब्सिडी देना बंद कर दिया। लेकिन क्या यह सचेतन निर्णय था? ऐसा नहीं था क्योंकि उसने 2020-21 के बजट में इसके लिए 36,000 करोड़ रुपये का प्राविधान किया था। वास्तव में उस साल कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तेज गिरावट आई थी जिससे पूरी लागत पर भी सिलिंडर की कीमत गिर कर 600 रुपये रह गई थी और इस प्रकार सब्सिडी की कोई जरूरत नहीं थी। बजट आबंटन का उद्देश्य अधिकांशतः तेल पीएसयू का बकाया अदा करना तथा पीएमयूवाई के अंतर्गत मुफ्त कनेक्शन देना था। 2021-22 में जब कोविड घटने तथा मांग पहले के स्तर पर आने के कारण अंतरराष्ट्रीय कीमतें बढ़ीं तो एलपीजी की कीमतें प्रति सिलिंडर 900 रुपये तक पहुंच गईं। इसके कारण सरकार को सब्सिडी बहाल करनी पड़ी, लेकिन यह केवल पीएमयूवाई लाभार्थियों के लिए थी।

इस कदम से गरीबों को राहत मिली, जबकि बाकी को सब्सिडी से वंचित रखा गया। सरकार ने उस साल 14,000 करोड़ रुपये खर्च किए। 2022-23 के दौरान सरकार ने पीएमयूवाई के अंतर्गत 9,170 करोड़ रुपये खर्च किए, लेकिन इन आंकड़ों से पूरी तस्वीर नहीं मिलती है। जून, 2020 से जून, 2022 तक सरकार ने तीन पीएसयू को एलपीजी को कीमत से कम पर बेचने का निर्देश दिया और इस कारण होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए 22,000 करोड़ रुपये का अनुदान दिया। इसका कोई अर्थ नहीं था क्योंकि 'परोक्ष' सब्सिडी केवल पीएमयूवाई लाभार्थियों के अलावा बाकी सबको दी जा रही थी। यह एक प्रतिगामी कदम था और यह दिशा 2023-24 में भी जारी रही।

2023-24 के बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एलपीजी के लिए बजट सब्सिडी अनुमान केवल 2,257 करोड़ रुपये रखा। 200 रुपये प्रति सिलिंडर सब्सिडी तथा साल में औसतन चार सिलिंडर भरवाने को देखते हुए प्रति लाभार्थी यह 800 रुपये थी। 96 मिलियन पीएमयूवाई लाभार्थियों के लिए सब्सिडी की आवश्यकता हर साल 7,680 करोड़ रुपये थी। इस कमी को संसद में अनुपूरक मांगों के माध्यम से पूरा करना था। लेकिन असली समस्या कैबिनेट द्वारा सभी 330 मिलियन घरेलू उपभोक्ताओं को 200 रुपये प्रति सिलिंडर सब्सिडी की घोषणा से पैदा हुई है। यदि प्रति परिवार औसतन 4 सिलिंडर हर साल भरवाये तो वार्षिक बोझ 26,400 करोड़ रुपये होगा। चूंकि यह निर्णय 30 अगस्त, 2023 से प्रभावी है, इसलिए बाकी सात महीनों के लिए 15,300 करोड़ रुपये की आवश्कता होगी।

कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतें बढ़ रही हैं। भारत द्वारा कच्चे तेल के आयात पर जून 2023 में खर्च 75 बैरल प्रति डालर की तुलना में वर्तमान समय में 90 डालर प्रति बैरल खर्च करना पड़ रहा है। इसके कारण एलपीजी की कीमतों में भी वृद्धि हुई है क्योंकि दोनों एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। कीमत के 1103 रुपये से अधिक होने के कारण सरकार पर मतदाताओं को खुश रखने के लिए सब्सिडी बढ़ाने का दबाव था। केन्द्र को वर्तमान वित्त वर्ष में इस पर 25,000 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च करना पड़ सकता है। गैर-उज्जवला उपभोक्ताओं के लिए दाम कम करने से बचा जा सकता था। लेकिन राजनीतिक प्रतियोगिता की मजबूरियों के चलते मोदी सरकार को पीछे हटना पड़ा है।

# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर...

"मीडिया को मनोरंजन के साधन के रूप में सेक्स और हिंसा के बढ़ते उपयोग को रोकने के लिए स्व-नियामक उपायों को अपनाना चाहिए।"

**ब्रह्मकुमार निकुंज**
(लेखक, आध्यात्मिक उपदेशक हैं)



भारत में रहने वाली बहुसंख्यक आबादी द्वारा अपनाए जाने वाले धर्म के बारे में एक राजनेता द्वारा की गई अपमानजनक टिप्पणी पर पूरे देश और दुनिया के कुछ हिस्सों में भारी हंगामा हुआ है। उनके भाषण के तुरंत बाद विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, टीवी चैनलों आदि पर लाखों प्रतिक्रियाएं आईं। ऐसे दृश्य या शॉट अब भारत के अधिकांश टीवी चैनलों द्वारा प्रसारित सिटकॉम और धारावाहिकों में मुख्य भोजन बन गए हैं। बस उन दिमागों की स्थिति की कल्पना करें जो दिन-ब-दिन इस घृणित भोजन पर निर्भर रहते हैं। अधिकांश टीवी चैनल अपने अपराध-आधारित शो के माध्यम से युवाओं को विभिन्न प्रकार की आपराधिक और पापपूर्ण गतिविधियों को स्पष्ट रूप से दिखाकर उनके कोमल प्रभावशाली दिमाग में अपराध के बीज बोते हैं। इसलिए यह आश्चर्य की बात नहीं है जब हम वास्तविक जीवन में नाबालिगों द्वारा बुजुर्ग महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाने या अमीर बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के अपराध करने की घटनाओं के बारे में पढ़ते हैं। टेलीविजन पर ऐसी अश्लील और हिंसक छवियों और संदेशों की बाढ़ ने हमारी सामाजिक और नैतिक विरासत के ढहते शरीर पर मौत की घंटी बजा दी है जो कभी हमारे अस्तित्व का गौरव था।

सरल पारिवारिक मूल्य, ईश्वर और पाप का भय, और आचार संहिता जो एक बार पाप और नैतिकता के बीच की रेखा का निर्धारण करती थी, ग्लैमर, उपभोक्तावाद, आनंद और आधुनिकता की तेज हवाओं में जबरदस्ती बह गई है, जिन्हें शो द्वारा आक्रामक रूप से महिमामंडित किया गया है। टेलीविज़न पर। इसी का परिणाम है कि आज हमारे



पास मनुष्यों की एक ऐसी पीढ़ी है जो अनैतिकता और भ्रष्टाचार के प्रति असंवेदनशील हो चुकी है। अश्लील और हिंसक दृश्यों और ध्वनियों में अत्यधिक लिप्तता से उनकी समझ और संवेदनाएं सुन्न हो गई हैं। अतः कोई कल्पना कर सकता है कि ऐसे दुर्गंधयुक्त चारे पर पले-बढ़े दिमागों का परिणाम क्या होगा। तो, इस पतन के लिए कौन जिम्मेदार है? अभिभावक? शिक्षकों की? या मीडिया? आमतौर पर, मीडिया यह कहकर नैतिक जवाबदेही के मुद्दे को टाल देता है कि वे केवल जनता की मांगों को पूरा कर रहे हैं और इसलिए मांगों को पूरा करने के लिए आपूर्ति की जाती है। वे प्रगतिशीलता, आधुनिकता, वास्तविकता को प्रतिबिंबित करने, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कायम रखने आदि के झंडे भी लहराते हैं। हर देश में उन लोगों के लिए सज़ा की एक संहिता होती है जो दूसरों को अपराध के लिए उकसाते हैं।

लेकिन लाखों दर्शकों को नकारात्मक व्यवहार लक्षण और आपराधिक प्रवृत्ति अपनाने के लिए प्रत्यक्ष या सूक्ष्म रूप से उकसाने के लिए किसी को कैसे दंडित किया जाए? किसी को आश्चर्य होता है कि ऐसे कार्यक्रमों के निर्माता क्या प्रतिक्रिया देंगे यदि उनके रील-लाइफ एपिसोड उनके वास्तविक जीवन में भी घटित हों।

पहले, पाप और अपराध कुछ स्थानों तक ही सीमित थे, जो आम तौर पर युवाओं और आम लोगों के लिए सीमा से बाहर थे, लेकिन टेलीविजन और इंटरनेट ने पूरी दुनिया को हमारे घरों की गोपनीयता में हमारी उंगलियों पर लाकर सब कुछ बदल दिया है, जिसके परिणामस्वरूप नैतिकता की सारी सीमाएं उड़ गयीं. युवा और बूढ़े, लड़कियाँ और लड़के, अमीर और गरीब सभी भौतिकवाद से प्रेरित होकर, कामुक आनंद की वेदी पर पाप का तांडव कर रहे हैं। मनोरंजन और रोमांच की आड़ में ग्लैमर, सेक्स और अपराध का महिमामंडन करने वाले मेगा शो के निर्माताओं, विज्ञापनदाताओं, प्रमोटरों, अभिनेताओं और प्रसारकों के लिए बड़ा पैसा दांव पर है। इसलिए, अब समय आ गया है कि मीडिया को जीवन के नकारात्मक पक्ष को प्रतिबिंबित करने और चमकाने के बजाय सकारात्मक परिवर्तन के एजेंट होने की अपनी भूमिका के प्रति जागरूक होना चाहिए।

जनता पर पड़ने वाले इसके प्रभाव की भयावहता को समझते हुए, मीडिया को मनोरंजन के साधन के रूप में सेक्स और हिंसा के बढ़ते उपयोग को रोकने के लिए स्व-नियामक उपायों को अपनाना चाहिए और अपने संसाधनों को महान आध्यात्मिक और सामाजिक मूल्यों पर आधारित संस्कृति को नवीनीकृत करने के लिए निर्देशित करना चाहिए जो एक बार हमारे प्रतीक थे। गौरवशाली सभ्यता, क्योंकि यह समाज के लिए एकमात्र आशा है जो वास्तविक परिवर्तन ला सकती है।

## आप की बात

### आवारा कुत्ते

**इस समय** पालतू एवं आवारा कुत्तों से आने-जाने वाले व्यक्ति परेशान ही नहीं भयभीत भी रहने लगे हैं। खासतौर पर बच्चों पर कुत्तों के बढ़ते हमलों और काटने के मामलों से अभिभावक ज्यादा ही चिंतित हैं। आवारा कुत्ते छोटे बच्चों पर ज्यादा झपटते हैं और उन्हें शिकार बनाते हैं क्योंकि बच्चे कुत्तों का सामना भी नहीं कर पाते। इसी तरह देर रात घूमने वाले लोगों पर भी कुत्ते हमले कर रहे हैं। एंटीरैबीज इंजेक्शन की कमी और समय पर डोज नहीं मिलने से मौत का खतरा बढ़ जाता है। आवारा कुत्तों पर निगरानी का दायित्व स्थानीय निकायों का है, लेकिन वे अनेक कारणों से अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा पाते हैं। पालतू कुत्तों के मालिकों को भी जवाबदेह व्यवहार करना चाहिए ताकि आम नागरिक उनसे रहें परेशान न हों। अस्पतालों में एंटीरैबीज इंजेक्शन और अन्य सुविधायें पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें तथा आवारा कुत्तों की नसबंदी में तेजी लाई जाए। कुत्तों व मनुष्यों का साथ आदिम काल से है, पर अब उसमें अनेक कारणों से विकृतियां आ गई हैं। पशु प्रेमियों के कारण कुत्तों पर अत्याचार करने वालों के खिलाफ तो कार्रवाई की अनेक खबरें आती हैं, पर आवारा कुत्तों से बचाने के प्रयास तुलनात्मक रूप से काफी कम हैं।

-**बी एल शर्मा,** उज्जैन

### अफ्रीका महाद्वीप

**अफ्रीका** महाद्वीप भले ही मानव उत्पत्ति का सबसे पुराना क्षेत्र हो, पर विकास एवं समृद्धि के मामले में पता नहीं वो क्यों लगातार पिछड़ा ही रह गया। भुखमरी, बीमारी, आधारभूत संरचना का अभाव, गरीबी, गृहयुद्ध, धार्मिक उन्माद, तानाशाही एवं सैन्य तख्तापलट के लिए पूरे विश्व में विख्यात इस महाद्वीप के दो उत्तरी देशों में प्राकृतिक आपदाओं ने तांडव मचा दिया। मोरक्को में आये 7.8 रिक्टर पैमाने के भूकंप में 3 हज़ार लोगों के मरने और दसियों हज़ार लोगों के घायल होने की खबर आई है, जबकि नुकसान और बढ़ सकता है। इसके बाद लीबिया में भयानक बाढ़ ने पलक झपकते ही दसियों हज़ार लोगों का जीवन छीन लिया। इसे इस सदी में अफ्रीका की सबसे भयावह बाढ़ कहा जा रहा है। राजनीतिक उथलपुथल वाले लीबिया में दो अलग-अलग सरकारें चल रही है। हालांकि, इस महाद्वीप की समस्याओं का समाधान काफी सीमा तक उसकी जनता पर निर्भर है, पर उम्मीद करनी चाहिए कि अफ्रीकी संघ द्वारा जी 20 की पूर्ण सदस्यता प्राप्त करने के बाद अमीर देश प्राकृतिक आपदाओं से ग्रस्त देशों की मदद के लिए तेजी से सामने आएंगे।

-**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### अभिव्यक्ति के मंच

**संसार** का प्रत्येक व्यक्ति अपने भीतर कुछ न कुछ विशिष्ट प्रतिभा लेकर जन्म लेता है। मगर उसे अभिव्यक्ति का मंच नहीं मिलता है। सोशल मीडिया, स्मार्टफोन और फास्ट इंटरनेट ने लगभग हर व्यक्ति को अपनी बात कहने का एक अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान कर दिया है। कई छोटे लतीफे, कहानी और संदेश शॉर्ट फिल्मों के माध्यम से अत्यंत लोकप्रिय हो रहे हैं और कई अनजान प्रतिभाओं को दुनिया के सामने आने का मौका भी मिल रहा है। अब न तो बड़े वीडियो कैमरे की जरूरत है, न किसी और तामझाम की। हर व्यक्ति घर बैठे अपनी बात अच्छे तरह रिकॉर्ड कर उसे सोशल मीडिया पर आसानी से डाल सकता है। उसे मिलने वाले लाइक्स व कमेंट्स प्रोत्साहित करते रहते हैं। इससे उसकी प्रतिभा में निखार आता जाता है। भविष्य में अधिकाधिक लोग इस से जुड़ेंगे। आधुनिक इंटेलिजेंस के आ जाने के बाद छोटे रील्स और अपनी बात कहने की अधिकतम सुविधाएं मिल सकेंगी। इन माध्यमों ने कई अपराधियों के कारनामे उजागर किए हैं तो कहीं भ्रष्टाचार के घोटालों को भी बेनकाब किया है। यह लोकतंत्र का विस्तार है।

-**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### आत्महत्याओं की चुनौती

**डब्लूएचओ** द्वारा जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि दक्षिण एशियाई देशों में भारत में आत्महत्या की दर सबसे ज्यादा है। रिपोर्ट के अनुसार, हर साल होने वाली मौतों में से लगभग 8 लाख मौतों का कारण आत्महत्या है। सितंबर महीने को वर्ल्ड सुसाइड प्रिवेंशन मंथ के रूप में मनाया जा रहा है। मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यक्रमों के आयोजन से जनता को मानसिक स्वास्थ्य का महत्व समझाया जा रहा है। संभव है कि इस जागरुकता से आत्महत्या के बढ़ते मामलों में कुछ कमी आए। हालांकि समाज में इस मुद्दे पर खुलकर बात नहीं होती। इसके परिणामस्वरूप जिनके मन में खुदकुशी का ख्याल आता है वो अकेला महसूस करते हैं और आत्महत्या जैसा घातक कदम उठा लेते हैं। आंकड़ों के अनुसार देश के शहरी जिला अस्पतालों में इलाज के लिए आने वाले प्रति 600 मरीजों में से 300 के मन में आत्महत्या का ख्याल आता है। गंभीर बीमारियों से ग्रस्त कुछ मरीज आर्थिक तंगी के कारण भी अपनी जिंदगी खत्म करना सही मानते हैं। आत्महत्याओं की चुनौतियों से निपटने के लिए सबके सहयोग की जरूरत है।

- **सीमा अग्रवाल,** मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# पीएम श्री योजना में चयनित विद्यालय ग्रीन स्कूल के रूप में होंगे विकसित

## योजना की कार्यसमिति की बैठक में मुख्य सचिव ने अधिकारियों को दिए निर्देश

● प्रथम चरण में चयनित 925 पीएम श्री विद्यालयों के उच्चीकरण व क्रियान्वयन प्रक्रिया को मिली मंजूरी



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा है कि पीएम श्री योजना के तहत चयनित विद्यालयों को ग्रीन स्कूल के रुप में विकसित किया जाए। विद्यालयों को समयानुसार अपग्रेड करते हुए नया स्वरूप दिया जाए, जिससे विद्यालयों को बच्चों को स्मार्ट शिक्षा से जोड़ा जा सके। विकास कार्यों में सोलर पैनल, एलईडी लाइटिंग, ऊर्जा कुशल संसाधन, पोषण वाटिका, अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त, जल संरक्षण आदि को भी शामिल किया जाए।

मुख्य सचिव बुधवार को समग्र शिक्षा के अंतर्गत पीएम श्री (प्रधानमंत्री स्कूल फार राइजिंग इंडिया) योजना 2023-24 की कार्यकारी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में प्रथम चरण में चयनित 925 पीएम श्री विद्यालयों के उच्चीकरण एवं क्रियान्वयन प्रक्रिया को अनुमोदन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि पीएम श्री विद्यालयों में गुणवत्तापरक एवं पारदर्शितापूर्ण विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्यों एवं फर्नीचर, उपकरण इत्यादि की आपूर्ति के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने के निर्देश दिए। पीएबी द्वारा अनुमोदित निर्माण कार्यों को विद्यालय प्रबन्ध समिति के माध्यम से तथा फर्नीचर एवं अन्य उपकरणों की आपूर्ति जेम पोर्टल के माध्यम से कराई जाए। उन्होंने भविष्य में पीएम श्री विद्यालयों के क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण के लिए उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश सभी के लिए शिक्षा परियोजना परिषद की कार्यकारिणी समिति को अधिकृत किया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों के बच्चों को विज्ञान प्रयोगशाला एवं एकीकृत कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेन्टर (आईसीसीसी) व अन्य जगहों का भ्रमण कराया जाए, जिससे बच्चों को बहुत कुछ देखने और सीखने को मिलेगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री द्वारा 5 सितम्बर 2022 को शिक्षक दिवस पर पीएम श्री योजना की घोषणा की थी। चयनित विद्यालयों को राष्ट्रीय शिक्षा नीतिए 2020 के सिद्धांतों के अनुरूप विकसित किया जाना है। प्रथम चरण में 925 विद्यालयों के चयन की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। द्वितीय चरण में लगभग 800 शासकीय विद्यालयों के चयन की प्रक्रिया गतिमान है। प्रति विद्यालय लगभग 43.64 लाख रुपए के हिसाब से 40498.43 लाख रुपए का बजट आवंटित किया गया है।

बैठक में अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार, महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद, विशेष सचिव नियोजन आशुतोष निरंजन, सचिव उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड निशा अनंत सहित सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# पीएम विश्वकर्मा के लाभार्थियों का कौशल भी निखारेगी प्रदेश सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पीएम** मोदी की महत्वाकांक्षी योजना पीएम विश्वकर्मा को उत्तर प्रदेश में वृहद स्तर पर लागू किए जाने की तैयारी हो रही है। सीएम योगी के निर्देश पर 17 सितंबर से शुरू हो रही इस योजना में प्रदेश से अधिक से अधिक विश्वकर्मा को जोड़ने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत 18 ट्रेड्स से जुड़े विश्वकर्मा को लाभ दिए जाने की योजना है। सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि इन सभी ट्रेड्स में विश्वकर्मा का कौशल निखारने के लिए प्रदेश सरकार कौशल विकास मिशन के अंतर्गत मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से ट्रेनिंग दिलाएगी। बेसिक और एडवांस ट्रेनिंग के दौरान विश्वकर्मा को सरकार की ओर से स्टाइपेंड भी प्रदान किया जाएगा।

योगी सरकार ने पीएम विश्वकर्मा योजना को प्रदेश में लागू करने के साथ ही विश्वकर्मा के कौशल को निखारने की भी योजना बनाई है। इसी क्रम में सरकार ने कौशल विकास मिशन को सभी 18 ट्रेड्स में लाभार्थी विश्वकर्मा को ट्रेनिंग देने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत लाभार्थी विश्वकर्मा के कौशल सत्यापन के बाद उन्हें 5 दिन की बेसिक ट्रेनिंग प्रदान की जाएगी। इसके बाद 10 प्रतिशत विश्वकर्मा को उनके क्षेत्र में और बेहतर प्रदर्शन के लिए एडवांस लेवल की ट्रेनिंग भी प्रदान की जाएगी। एडवांस ट्रेनिंग में उन्हें समय के अनुसार ग्राहकों की बदलती डिमांड के अनुसार उत्पाद तैयार करने और उसे निखारने की नई-नई तकनीकों से रूबरू कराया जाएगा। दिलचस्प बात ये है कि सभी विश्वकर्मा को ट्रेनिंग स्टाइपेंड भी मिलेगा जो कि प्रतिदिन 500 रुपए होगा। योगी सरकार की योजना के अनुसार 30 लाख विश्वकर्मा को बेसिक ट्रेनिंग और 3 लाख को एडवांस ट्रेनिंग देने का लक्ष्य रखा गया है।

# लम्पी स्किन डिजीज के प्रसार को रोकने के लिए मिशन मोड में काम करें: मुख्य सचिव

● मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से मण्डलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश में लम्पी स्किन डिजीज के प्रसार को रोकने के लिए मिशन मोड में काम करने की जरूरत है। स्थिति सामान्य होने तक प्रदेश में पशु मेला, पशु बाजार, पशु पैठ का आयोजन तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया जाए। अंतर जनपदीय व अंतरराज्यीय, राष्ट्रीय सीमा से पशु परिवहन खास तौर नेपाल, बिहार, झारखण्ड, मध्य प्रदेश, छत्तीसढ़ पर रोक लगाई जाए। पशुपालकों को संक्रमण के लक्षण और उपचार के बारे में पूरी जानकारी दी जाए। गोवंश को आइसोलेट करने के लिए पर्दा व जाली का उपयोग किया जाए।

उन्होंने कहा कि लम्पी वायरस से सुरक्षा के लिए प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन उपलब्ध हैं। वायरस से सुरक्षा के लिए पशु टीकाकरण का विशेष अभियान चलाया जाए। गत वर्ष बेल्ट वैक्सीन योजना के क्रियान्वयन से वायरस के प्रसार को पश्चिम से पूर्व जनपदों को रोकने में मदद मिली थी। इस बार पूर्व से पश्चिम के जनपदों में वायरस के प्रसार को रोकने के लिए पीलीभीत, शाहजहांपुर, फर्रुखाबाद, मैनपुरी, इटावा में बेल्ट वैक्सीन योजना का क्रियान्वयन कराया जाए। इन जनपदों में 14 सितम्बर से 20 सितम्बर 2023 तक अभियान चलाकर शत-प्रतिशत पशुओं का टीकाकरण कराया जाए। प्रदेश में वर्षा व बाढ़ की स्थिति तथा राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जनपद के अधिकारी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर राहत एवं बचाव कार्यों पर नज़र रखें। नदियों के जल स्तर की सतत् निगरानी रखें। प्रभावित व्यक्तियों एवं परिवारों को 24 घंटे के अंदर राहत सहायता वितरित की जाए। इसमें किसी भी प्रकार का विलम्ब नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जल भराव की स्थिति में जल निकासी के लिए प्रभावी प्रबंध किए जाएं। अधिक वर्षा होने के कारण 33 प्रतिशत से अधिक हुए फसल क्षति का आकलन शीघ्र करा लिया जाए, ताकि प्रभावित किसानों को कृषि निवेश अनुदान का समय से वितरण किया जा सके। उन्होंने आपदा से प्रभावित व्यक्तियों एवं परिवारों को राहत वितरण के मामले में प्रदेश को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रसन्नता भी व्यक्त की। गड्ढामुक्ति अभियान की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि के अभियान के अन्तर्गत समस्त मार्गों को दशहरा दीपावली के पूर्व गड्ढामुक्त किया जाना है। सभी जिलाधिकारियों द्वारा समस्त विभागों के गड्ढामुक्ति के कार्यों की साप्ताहिक प्रगति समीक्षा करते हुये जनपदों के सभी मार्गों को गड्ढामुक्त किया जायेए कोई भी सड़क अवशेष नहीं रहनी चाहिए। इसके अतिरिक्त पूरे अभियान के दौरान विभागीय अधिकारियोंए जिलाधिकारियों मण्डलायुक्तों, लोक निर्माण के मुख्यालय द्वारा विभिन्न स्तर से गड्ढामुक्ति अभियान कार्यक्रम की समीक्षा एवं भौतिक सत्यापन कराते हुये कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखी जाये। दशहरा, दीपावाली व अन्य त्यौहारों के दृष्टिगत ऐसे मार्ग जहां बड़े मेले लगते हों, जुलूस स्थल, मूर्ति विर्सजन स्थल, अधिक भीड़ वाले मार्गों को वर्षा ऋतु के दौरान पत्थर से गड्ढा भरते हुए गड्ढामुक्त बनाया जाये। मौसम अनुकूल होते ही पक्के पैच रिपेयर बनाए जाने की कार्यवाही प्राथमिकता पर किया जाए। सभी कार्यों की जियो टैगिंग अनिवार्य रूप से कराई जाए।

# यूपी में भी एडवोकेट प्रोटक्शन एक्ट लागू करे सरकार: कांग्रेस




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि हापुड़ में हुई लाठीचार्ज की घटना ने सरकार का अधिवक्ता विरोधी चेहरा बेनकाब कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि विभाग के चेयरमैन नितिन कुमार मिश्रा ने कहा कि 29 अगस्त 2023 को जनपद हापुड़ में महिला अधिवक्ता एवं अन्य अधिवक्तागणों द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से धरने पर बैठने के दौरान पुलिस के द्वारा बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज में दोषी पुलिस कर्मियों एवं उच्च अधिकारियों पर प्रशासन द्वारा अनुशासानात्क कार्रवाई नहीं की गई।लाठीचार्ज में घायल अधिवक्ताओं का अस्पताल में हाल-चाल लेने पर जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) हापुड़ की सरकारी आबद्धता समाप्त कर दी गई, जिससे कि वर्तमान सरकार का अधिवक्ता विरोधी चेहरा बेनकाब हो गया है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की लड़ाई में जब अधिवक्ता आम जनता का साथ देता है तो अधिवक्ता के खिलाफ अनुचित कार्यवाही विधि द्वारा स्थापित शासन के नुमाइंदा अधिवक्ता के खिलाफ बर्बरतापूर्ण कार्यवाही लोकतंत्र एवं संविधान विरोधी है। जिसका कांग्रेस पार्टी घोर निंदा करती है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं की हक एवं हकूक की लड़ाई में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और आगे भी खड़ी रहेगी। विभाग के चेयरमैन नितिन कुमार मिश्रा ने प्रदेश की योगी सरकार से मांग करते हुए कहा कि जिस प्रकार से कांग्रेस शासित राजस्थान ने एडवाकेट प्रोटेक्शन एक्ट को मंजूरी दी है उसी प्रकार उप्र में भी एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करे। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा विपक्षी दल के नेताओं की पैरवी कर रहे अधिवक्ताओं के खिलाफ भी एफ आईआर अथवा उनके घरों पर छापेमारी कर प्रताड़ित किया जा रहा है। सरकार की यह तानाशाही लोकतंत्र को कमजोर कर रही है तथा जनता में भय व्याप्त करने की कोशिश कर रही है।

# छुट्टा गोवंश संरक्षण के लिए तीसरी किस्त के तौर पर मिली 125 करोड़ की धनराशि की मंजूरी

● गो पालकों को विभिन्न परियोजनाओं में तमाम सहूलियतें दिए जाने का मार्ग हुआ प्रशस्त



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में सड़कों पर आवारा घूमने वाले छुट्टा गोवंश की देखरेख के लिए प्रदेश में गो आश्रय स्थलों के निर्माण प्रक्रिया में भी तेजी लाई गई है। इस बीच छुट्टा गोवंश के संरक्षण के लिए अस्थायी गोवंश आश्रय स्थलों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए योगी सरकार ने विस्तृत कार्ययोजना के अंतर्गत कार्रवाई शुरू कर दी है।

कार्ययोजना के अंतर्गत मौजूदा वित्तीय वर्ष 2023-24 में छुट्टा गोवंश के संरक्षण के लिए तृतीय किस्त के तौर पर 125 करोड़ रुपए की धनराशि जारी कर दिया गया है। इस धनराशि का प्रयोग प्रदेश भर में अस्थायी गोवंश आश्रय स्थलों के निर्माण कार्य में तेजी लाने और यहां आश्रय पाने वाले गोवंश को उचित पोषण व संरक्षण देने के लिए की जाएगी। इससे न केवल सड़कों पर छुट्टा घूमने वाले गोवंश की समस्या हल होगी बल्कि इन्हें उचित आश्रय, भोजनए स्वास्थ्य निदान समेत तमाम सुविधाएं मिलेंगी जिनसे इनका जीवन रक्षण संभव हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश को डेयरी सेक्टर में अव्वल बनाने के लिए सीएम योगी काफी प्रयास कर रहे हैं और मौजूदा धनराशि आवंटन भी इसी प्रक्रिया में तेजी लाने की दिशा में एक अहम कड़ी है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूपए प्रदेश में मौजूदा वित्तीय वर्ष 2023-24 में अस्थायी गोवंश आश्रय स्थलों में प्रति गोवंश रोजाना 50 रुपए के दर से अनुदान दिया जाएगा। इससे गो आश्रय स्थलों में गोवंश के रख-रखाव, उनके इलाज, पोषण युक्त आहार, उचित शेड समेत तमाम सहूलियतों को पूर्ण करने में मदद मिलेगी। इसके अतिरिक्त सड़क पर घूम रहे छुट्टा गोवंश की समस्या को भी हल करने में मदद मिलेगी। कार्ययोजना के अनुसार इन गो आश्रय स्थलों पर गोवंश को उत्तम व्यवस्था उपलब्ध हो रही है या नहीं इस बात को सुनिश्चित करने के लिए सभी जिलों में पशुपालन विभाग के अधिकारी रेगुलर इंटरवल्स पर ग्राउंड विजिट भी करेंगे। इसी प्रकार जरूरत के अनुसार इन गो आश्रय स्थलों पर सरकारी वेटनरी डॉक्टर्स भी समय-समय पर गोवंश के स्वास्थ्य की जांच करेंगे।

वहीं जिलाधिकारी, ब्लॉक अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारी भी समय-समय पर इन स्थलों के निरीक्षण का दायित्व वहन करेंगे। सीएम की मंशा के अनुरूप, पशुपालन विभाग द्वारा प्रदेश भर में बन रहे अस्थायी गोवंश आश्रय स्थलों के निर्माण और देखरेख की प्रक्रिया को सुचारू रूप से क्रियान्वित करने की जिम्मेदारी पशुपालन विभाग को दी गई है। पशुपालन विभाग न केवल अस्थायी गो आश्रय स्थलों के निरीक्षण समेत सर्टिफिकेशन और सभी प्रकार के क्लियरेंसेस को पूर्ण किया जाएगा। वहीं धनराशि आवंटन की प्रक्रिया को उत्तर प्रदेश सरकार की रूलबुक के अनुसार ही आवंटित किया जाएगा।

# देशभर के कारागार प्रमुखों के सम्मेलन में हुई जेलों में हाइब्रिड सुरक्षा सहित कई मुद्दों पर चर्चा

● डीजी कारागार एसएन साबत के नेतृत्व में यूपी से चार सदस्यीय टीम ने आंध्र प्रदेश में आयोजित सम्मेलन में लिया हिस्सा



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आंध्र** प्रदेश के विशाखापत्तनम में 11 और 12 सिंतबर को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की कारागारों के प्रमुखों का 8वां राष्ट्रीय सम्मेलन 'अमृत काल में कारागृह एवं सुधारात्मक सेवाएं.' का आयोजन किया गया। सम्मेलन का आयोजन आंध्र प्रदेश कारागार विभाग एवं ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट (बीपीआरडी) द्वारा किया गया। इस सम्मेलन में यूपी से डीजी कारागार एसएन साबत के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम ने हिस्सा लिया। टीम में साबत के अलावा वरिष्ठ अधीक्षक पीएन पांडेय, जेलर आदित्य कुमार और डिप्टी जेलर रित्विक प्रियदर्शी शामिल रहे।

कारागार महकमे के प्रवक्ता ने बताया कि सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। इस अवसर पर तनेती वनिता गृहमंत्री आंध्र प्रदेश, बालाजी श्रीवास्तव आईपीएस, डीजी बीपीआरडी, हरीश गुप्ता, आईपीएस, डीजी कारागार प्रशासनिक विभाग, आंध्र प्रदेश एवं विभिन्न प्रदेशों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। सम्मेलन रवि जोसेफ लोकु आईजी, बीपीआरडी द्वारा संचालित किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि इन दो दिनों के दौरान विभिन्न थीमों पर चर्चा की गई। सम्मेलन के दूसरे दिन एसएन साबत की अध्यक्षता में कारागारों में ओवरक्राउडिंग और कैद के विकल्प सहित कारागार स्टाफ रोटेशन और जेलों में हाइब्रिड सुरक्षा पर चर्चा हुई। जिसमें उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, मिजोरम और त्रिपुरा के अधिकारीयों ने भाग लिया। पीएन पांडे ने मॉडल प्रिजन एंड करेक्शनल एडमिनिस्ट्रेशन एक्ट 2023 के बारे में प्रस्तुतीकरण दिया।

# भाजपा सरकार का आचरण संविधान व लोकतंत्र विरोधी

● आजम के परिसरों में आयकर विभाग की छापेमारी को सपा ने बताया तानाशाही

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी ने बुधवार को पार्टी नेता आजम खान और उनसे जुड़े लोगों के खिलाफ कर चोरी की जांच के तहत उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में 30 से अधिक परिसरों पर आयकर विभाग की छापेमारी को तानाशाही करार देते हुए कहा कि जनता 2024 के लोकसभा चुनावों में करारा जवाब देगी। सपा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि आजम खान साहब सच की आवाज हैं। उन्होंने बच्चों के बेहतर भविष्य की नींव रखी, तालीम-शिक्षा के लिए विश्वविद्यालय बनाया। मोहम्मद आजम खां सदैव फिरकापरस्त ताकतों से लड़ते रहे हैं। आज हम सब एकजुट होकर उनके साथ खड़े हैं। भारतीय जनता पार्टी सरकार तानाशाही एवं केन्द्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग बंद करे। भाजपाई इतना याद रखें कि तानाशाहों के अहंकार का अंत अवश्य होता है, 2024 में जनता जवाब देगी।



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार का आचरण संविधान विरोधी और लोकतंत्र विरोधी है। भाजपा सरकार विरोधी दलों के नेताओं के खिलाफ लगातार बदले की भावना से काम कर रही है। इससे पहले भी भाजपा ने मोहम्मद आजम खां साहब की ईमानदार छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए फर्जी मुकदमें लगाए थे। उन्हें कोर्ट से राहत मिली।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार विपक्षी एकजुटता और इंडिया गठबंधन से डरी हुई है। घोसी विधानसभा उपचुनाव की करारी हार से पूरी भाजपा और बौखला गयी है। सरकार जितनी कमजोर होगी, विपक्ष पर छापे उतने ही बढ़ते जाएंगे। सरकार तानाशाही और केन्द्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग बंद करें।

# भाजपा की नीतियां पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने की है: किरनमय नंदा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** मुख्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर बहराइच लोकसभा क्षेत्र के समाजवादी पार्टी नेताओं और पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरनमय नंदा ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र और संविधान खत्म कर रही है। महंगाई, बेरोजगारी बढ़ा दिया है। भाजपा की नीतियां पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने की है। भाजपा सरकार में गरीब और गरीब हो रहा है। पूंजीपतियों की सम्पत्ति बढ़ रही है। भाजपा देश के लिए संकट है। देश को इस संकट से निजात दिलाना है। भाजपा हिन्दू मुस्लिम भाईचारा खत्म कर रही है। इसीलिए मोहम्मद आजम खां साहब के खिलाफ बदले की भावना से कार्य कर रही है। भाजपा के इस अनैतिक आचरण से कोई भी डरने वाला नहीं है। नंदा ने कहा कि पूरे देश की नज़र उत्तर प्रदेश पर है। घोसी विधानसभा उपचुनाव में ऐतिहासिक जीत से स्पष्ट है कि प्रदेश की जनता सपा के साथ है। लोगों को विश्वास है कि अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में भाजपा को हराएगी। 2024 में देश की कमान अखिलेश यादव के हाथों में होगी। कार्यकर्ता और नेता बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करें। बैठक की अध्यक्षता बहराइच के जिलाध्यक्ष राम हर्ष यादव और संचालन समाजवादी युवजन सभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास यादव ने की। बैठक में प्रदेश महासचिव जयशंकर पाण्डेय, पूर्व कैबिनेट मंत्री आरके चौधरी, यासिर शाह,, बंशीधर बौद्ध, समाजवादी अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती, पूर्व विधायक दिलीप वर्मा, रमेश गौतम एवं केके ओझा समेत बहराइच लोकसभा के सभी जोनल प्रभारी, सभी विधानसभा अध्यक्ष, सभी सेक्टर प्रभारी, सभी ब्लाक अध्यक्ष मौजूद रहे।

# कन्वर्जेंस, कोलाबरेशन व कंपीटशन आधारित होगी आकांक्षी नगर योजना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** सरकार आकांक्षी नगर योजना के अंतर्गत 3 सी दृष्टिकोण को अपनाते हुए कार्य करेगी। ये 3 सी यानी कन्वर्जेंस (अभिसरण), कोलाबरेशन (सहयोग) और कंपटीशन (प्रतिस्पर्धा) के रूप में योजना को क्रियान्वित करेंगे। इसका उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकारों, नागरिक समाजिक संगठनों, कॉर्पोरेट घरानों द्वारा सीएसआर गतिविधियों और बहुपक्षीय और द्विपक्षीय विकास एजेंसियों के द्वारा जारी प्रयासों को एकजुट करते हुए निकायों का कायाकल्प करना है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य दिया है जिसमें शहर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सरकार का प्रयास है कि छोटे शहरों की क्षमता का भी उपयोग किया जाए जो ऐतिहासिक रूप से लंबे समय तक शहरी नियोजन से उपेक्षित रहे हैं। इसी क्रम में आकांक्षी नगर कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। इन नगरीय निकायों में वर्तमान में चल रही सरकारी योजनाओं के साथ ही केंद्र व राज्य सरकार, सांसद व विधायक निधि समेत अन्य संस्थाओं से सहयोग प्राप्त कर कन्वर्जन के माध्यम से परियोजनाओं को क्रियान्वित किया जाएगा। आकांक्षी नगर कार्यक्रम 2011 की जनगणना के अनुसार 20000 और 100000 की आबादी के बीच के शहरों की जरूरतों को पूरा करता है। आकांक्षी नगर कार्यक्रम 'आकांक्षी' से 'प्रेरणादायक' शहरों तक की यात्रा होगी। इसका उद्देश्य छोटे शहरों को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के संकल्प को साकार करने में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करना है। आकांक्षात्मक से प्रेरणादायक तक की यात्रा नागरिकों को ध्यान में रखते हुए प्रक्रिया में शामिल प्रत्येक हितधारक के सहयोगात्मक प्रयासों से तय की जाएगी। खासकर इसके केंद्र में महिलाएं होंगी। चयनित शहरों में परिवर्तनकारी प्रगति हासिल करने के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 में आकांक्षी नगर कार्यक्रम के लिए राज्य सरकार द्वारा 100 करोड़ का बजट निर्धारित किया गया था। कार्यक्रम प्रत्येक शहर को अपने भविष्य की कल्पना करने, अपनी आर्थिक क्षमता को बढ़ाने और अपनी स्वयं की योजनाएं तैयार करके सतत विकास की ओर अग्रसर होने का अनूठा अवसर प्रदान करता है।

# एनईआर गोरखपुर के प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक दो दिन के लिए सीबीआई की कस्टडी में

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**तीन** लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार नार्थ ईस्टर्न रेलवे, गोरखपुर के प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक केसी जोशी को अदालत ने दो दिन के लिए सीबीआई की कस्टडी में भेजने का आदेश दिया है। इसकी कस्टडी रिमांड की अवधि 13 सितंबर की शाम से शुरू होगी। सीबीआई के विशेष जज अनुरोध मिश्र ने यह आदेश इस मामले के विवेचक व सीबीआई के इंस्पेक्टर आशीष सिंह की अर्जी को मंजूर करते हुए दिया है। सीबीआई ने इससे पहले अभियुक्त को विशेष अदालत के समक्ष पेश कर उसका न्यायिक रिमांड हासिल किया। बीते मंगलवार को सीबीआई ने इसे गोरखपुर से गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने इसके गोरखपुर और नोएडा स्थित आवास से करीब दो करोड़ 61 लाख रुपए भी बरामद किए हैं। नौ सितंबर को इसके खिलाफ सूक्ति एसोसिएट के प्रोपराइटर प्रणव त्रिपाठी ने शिकायत दर्ज कराई थी। यह फर्म रेलवे में सामानों की सप्लाई करती है। इस फर्म को जेम पोर्टल के जरिए गोरखपुर में प्रति माह पर ट्रक 80 हजार में एक वर्ष के लिए सामान की सप्लाई का टेंडर मिला था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि केसी जोशी इसके एवज में उससे सात लाख रुपए की रिश्वत मांग रहे थे। नहीं देने पर जेम पोर्टल पर उसकी फर्म का पंजीकरण रद्द करने की धमकी दे रहे थे।

# जिम्मेदारी और लगन से निभाएं ड्यूटी

**● आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सहायिकाओं को दृढ़ संकल्पित होकर सशक्त बना रही सरकार : राज्यमंत्री**

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**बुधवार** को राज्यमंत्री महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, उप्र श्रीमती प्रतिभा शुक्ला अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार जनपद लखीमपुर खीरी पहुंची, जहां अफसरो ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

शहर के प्रेसिडेंट पार्क में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के तत्वावधान में राष्ट्रीय पोषण माह सितम्बर के अवसर पर ऑगनवाड़ी कार्यकत्री, आशा, स्वयं सहायता समूह की महिलायें एवं महिला ग्राम प्रधानों के साथ संयुक्त रूप से संवाद कार्यक्रम का राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने दीप जलाकर शुभारंभ किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से कहा कि आप लोग तत्परतापूर्वक कार्य करें और बच्चों का भविष्य बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। जो भी बच्चे पढ़ने आये उनको अपने माता-पिता का नाम, पता, फोन नम्बर और शिक्षण देने वाली कार्यकत्री का नाम भी पता होना चाहिये, उन बच्चों को सभी अच्छी ज्ञान वर्धक बाते पता होनी चाहिये, जिससे वह और आगे बढ़े। सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां पढ़ाने का अच्छा कार्य करेंगी। यहीं सभी से उम्मीद है।

मंत्री ने कहा कि कुपोषित बच्चों पर भी विशेष ध्यान देना होगा कि कौन-कौन सी पौष्टिक वाली चीजे दी जाये, जिससे बच्चे स्वस्थ्य हो जाये। बच्चों की माता को भी बताना होगा जिनका बच्चा कुपोषित है कि उनको क्या-क्या चीजें खाने को दें जिससे बच्चा कुपोषित से स्वस्थ्य हो जाये। उन्होंने कहा कि जो भी चीजें केन्द्र के माध्यम से आप द्वारा बच्चों को दी जा रही है वह बच्चों को ही खानी है इसी से कुपोषण समाप्त होगा। कार्यक्रम की शुरुआत में डीपीओ भारत प्रसाद ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताई।

**संवाद कार्यक्रम : मंत्री के समक्ष आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने रखी मानदेय बढ़ाने की मांग**- मंत्री ने पोषण माह के तहत आंगनबाड़ियों से संवाद किया। उनके कार्यक्षेत्र में आने वाली समस्याओं से रूबरू हुई। सरकार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को सशक्त बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर काम कर रही। उन्होंने आंगनबाड़ियों को सरकार से दी जाने वाली सेवाओं की जानकारी दी। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने मानदेय बढ़ाने एवं अधिवर्षता आयु पूर्ण करने के उपरांत धनराशि दिए जाने की मांग उठाई।

राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने उत्कृष्ट कामकाज वाली 16 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं 16 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को प्रतिशत पत्र देकर सम्मानित किया। मंत्री ने 16 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को 05-05 हजार धनराशि एवं 16 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को 2500-2500 धनराशि के प्रोत्साहन चेक प्रदान किया।राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के 05 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के पांच लाभार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने पांच धात्री महिलाओं की पोषाहार किट देकर गोद भराई व पांच नवजात बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार एवं संपूर्ण सुपोषण अभियान के तहत 10 अतिकुपोषित बच्चों को सुपोषण किट प्रदान की।

Rungta Irrigation Limited

RUNGTA IRRIGATION LIMITED

CIN: L74899DL1986PLC023934
Registered Office: 101 Pragati Towers Rajendra Place, New Delhi-110008, India
Tel.: +91-11-40453330/40453331/40453332; Contact Person: Mrs. Ayushi Vijay, Company Secretary and Compliance Officer, Email ID: cs@rungtairrigation.in; Website: www.rungtairrigation.in;

This is only an advertisement for information purpose and not an offer document announcement, not for publication, distribution or release directly or indirectly outside India. All capitalized terms used and not defined herein shall have the meaning assigned to them in the letter of offer dated 23rd November, 2022 filled with the stock exchanges, namely BSE Limited and Securities Exchange Board of India (SEBI) (the "Letter of offer").

**NOTICE IN RELATION TO FORFEITURE OF PARTLY- PAID UP EQUITY SHARES OF THE COMPANY, ON WHICH HOLDERS OF THE RIGHTS EQUITY SHARES HAVE FAILED TO PAY THE FIRST , SECOND AND FINAL CALL MONEY PURSUANT TO LAST REMINDER CUM FORFEITURE NOTICE DATED 16th MAY, 2023.**

Issue of up to 1,10,70,125 Equity shares of Face value of Rs. 10 each ("RIGHTS EQUITY SHARES") of our company for Cash at a price of Rs. 11 per equity share ( Including a Share premium of Rs. 1 per equity share) (the "ISSUE PRICE"), Aggregating up to Rs. 1217.71 Lakhs on a rights basis to the Existing Shareholders of our company.

Board of Directors of the Company had demanded First Call money of Rs.4 vide First call Money notice dated 21st January, 2023.

Board of Directors of the Company demanded Second and Final call Money of Rs. 4 (Consisting Rs. 1 towards Premium and Rs. 3 towards Face Value) vide second and Final call money Notice dated 11th April, 2023.

Finally Board of directors had given final opportunity to shareholders to pay.
1. First, Second and Final Call money on or before April 29, 2023 vide Last Reminder cum Forfeiture notice dated 14th April, 2023.
2. First, Second and Final Call money on or before May 31, 2023 vide Last Reminder cum Forfeiture notice dated 16th May, 2023.

The Board of Directors in their meeting held on 9th August, 2023 noted that the 3526 holder of partly Paid-up Equity Shares have not paid the first, Second and Final call money and 916 holder of Partly paid-up Equity Shares have not paid the Second and Final Call money up to 31st May, 2023 and accordingly, the Board of directors approved the forfeiture of such total 4442 Partly paid –up Rights Equity Shares, in accordance with Article of Association of the Company. Kindly note that the list of shareholders whose shares have been forfeited, due to non-receipt of call monies by the Company, is available on the website of the Company at www.rungtairrigation.in.

| Registrar to the Issue | Company Secretary & Compliance Officer |
|---|---|
| BEETAL Financial & Computer Services Pvt Ltd.<br>BEETAL HOUSE, 3rd Floor,<br>99, Madangir, Behind LSC, New Delhi - 110062<br>Ph. 011-29961281-283 , 26051061, 26051064 Fax 011-29961284 | Ms. Ayushi Vijay<br>Rungta Irrigation Limited<br>101, Pragati Tower 26, Rajendra Place, New Delhi-110008<br>Phone. 011-40453330,331<br>Website: www.rungtairrigation.in |

For Rungta Irrigation Limited
Sd/-
Ayushi Vijay
Company Secretary & Compliance Officer

Date: 13.09.2023
Place: New Delhi

# राष्ट्रपति ने किया आयुष्मान भवः अभियान का वर्चुअल शुभारंभ, हुई लाइव स्ट्रीमिंग

**● आयुष्मान भवः एक व्यापक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य सेवा पहल : डीएम**

**● जिला चिकित्सालय में हुआ भव्य कार्यक्रम डीएम ने किया उद्घाटन**

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**बुधवार** को दूरदर्शी स्वास्थ्य कार्यक्रम आयुष्मान भव- अभियान



का मा. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वर्चुअली शुभारंभ किया। उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जिला चिकित्सालय मोतीपुर ओयल के कांफ्रेंस हॉल में देखा और सुना गया। जनपदीय कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज डॉ शैलेश गोयल, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, सीएमएस डॉ आईके चांदनी, डॉ एससी श्रीवास्तव के साथ दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शुरू %आयुष्मान भव-% अभियान एक व्यापक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य सेवा पहल है, जिसका उद्देश्य देश के हर गांव और शहर तक पहुंचने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की अधिकतम कवरेज प्रदान करना है। यह अभूतपूर्व पहल आयुष्मान भारत कार्यक्रम की सफलता पर आधारित है और स्वास्थ्य सेवाओं में परिवर्तन का प्रतीक है।

डीएम ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा से जुड़े सभी अधिकारी, कर्मचारी पूरे मनोयोग से इस अभियान का जमीनी स्तर पर सफलतापूर्वक क्रियान्वयन सुनिश्चित कराए। स्वास्थ्य महकमें के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी है।

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने कहा कि यह अभियान, 17 सितंबर से 02 अक्टूबर, 2023 तक %सेवा पखवाड़ा% के दौरान चलेगा। यह अभियान जन जागरूकता उत्पन्न करने की व्यापक पहल है। यह सरकारी क्षेत्रों, नागरिक समाज संगठनों और समुदायों को एक सामान्य मिशन के तहत एकजुट करता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक व्यक्ति को बिना किसी असमानता के आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हों।

प्राचार्य (मेडिकल कॉलेज) डॉ शैलेश गोयल ने बताया कि सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज और सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ अनिल गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ प्रमोद कुमार, जिला चिकित्सालय में कार्यरत सभी चिकित्सक पैरामेडिकल स्टाफ एवं आम जन मौजूद रहे।

# आयुष्मान भवः कार्यक्रम का वर्चुअल शुभारंभ

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर

**राष्ट्रपति,** श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी द्वारा आयुष्मान भव: कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसका सजीव प्रसारण स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, शाहजहाँपुर में देखा गया।'स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, शाहजहाँपुर में जिलाधिकारी श्री उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयुष्मान भव: कार्यक्रम का सजीव प्रसार देखा गया। कार्यक्रम में सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से माननीय राज्यपाल, माननीय मुख्यमंत्री, राज्य मंत्रियों और विभिन्न क्षेत्रों से संबद्ध अधिकारी वर्चुअल रूप से जुड़े रहे। उपस्थित सभी चिकित्सकों ने जिलाधिकारी के साथ माननीय राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मु व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के संबोधन को भी सुना। कार्यक्रम से पूर्व जिलाधिकारी को पीपीटी के माध्यम कार्यक्रम की रूप रेखा के विषय में जानकारी दी गयी। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि आयुष्मान भव: एक व्यापक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य सेवा पहल है, जो हर गांव और शहर तक पहुंचने वाली स्वास्थ्य योजनाओं की कवरेज सुनिश्चित करती है। उन्होने कहा कि कार्यक्रम का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाये जिससे लोग सरकार द्वारा दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं को लाभ अधिक से अधिक मिल सकें।पीपीटी के माध्यम से कार्यक्रम की जानकरी देते हुये बताया गया कि आयुष्मान भव: कार्यक्रम के अन्तर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2023 तक सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जायेगा, जिसका उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ कराना है। आयुष्मान भाव के तीन घटकों- आयुष्मान - आपके द्वार 3.0, एचडब्ल्यूसी और सीएचसी में आयुष्मान मेलों और हर गांव और पंचायत में आयुष्मान सभाओं के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की अधकतम कवरेज करना है। आयुष्मान भव: का उद्देश्य आयुष्मान कार्ड प्रदान करना, आभा आईडी उपलब्ध कराना और महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजनाओं और रोग की स्थिति, जैसे गैर-संचारी रोग, तपेदिक और सिकल सेल रोग के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। आयुष्मान आपके द्वार 3.0 के अन्तर्गत पीएम-जेएवाई योजना के तहत नामांकित शेष पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान करना है और यह सुनिश्चित करना कि अधिकाधिक व्यक्तियों की स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच हो।एचडब्ल्यूसी और सीएचसी में आयुष्मान मेले के अन्तर्गत आयुष्मान भारत- एचडब्ल्यूसी और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आयोजित होने वाले इन मेलों से आभा आईडी (स्वास्थ्य आईडी) जारी करने और आयुष्मान भारत कार्ड जारी करने में सुविधा होगी। वे प्रारंभिक निदान, व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं, विशेषज्ञों के साथ टेलीकंसल्टेशन और उचित निदान भी प्रदान करेंगे।आयुष्मान सभाएं के अन्तर्गत प्रत्येक गांव और पंचायत में ये सभाएं आयुष्मान कार्ड वितरित करने, एबीएचए आईडी बनाने, और महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजनाओं और रोग की स्थितियों, जैसे गैर-संचारी रोग, तपेदिक (निक्षय मित्र), सिकल सेल रोग, साथ ही रक्तदान और अंग दान अभियान के बारे में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

# घर-घर जाकर मिट्टी व अक्षत संग्रहण किया

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर

**मेरी** माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत अमृत कलश में अक्षत व मिट्टी के संग्रहण हेतु 11-09-2023 से 30 सितंबर तक चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 13-09-2023 को सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती के नेतृत्व में एवं नगर निगम टीम द्वारा नगर क्षेत्र के बिजलीपुरा में क्षेत्रीय पार्षद चारु गुप्ता एवं उनके साथ प्रतिनिधि के साथ अमृत कलश हेतु बड़े ही हर्षोउल्लास व ढोल नगाड़ों के साथ घर-घर जाकर मिट्टी व अक्षत संग्रहण किया गया। इस अवसर पर जन-सामान्य द्वारा सक्रिय प्रतिभाग कर इस कार्य की प्रशंसा की गई।

# पांच शराबी हुए गिरफ्तार

सिंगाही खीरी।थाना पुलिस ने विभिन्न स्थानों से 5 शराबियों को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायालय भेजा है।थानाध्यक्ष जितेंद्र बहादुर सिंह ने उ0नि0 राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा, कौशल सिंह राजमंगल सिंह, रामभवन के साथ बुधवार की रात जांच अभियान चला कर शराबी बेचने वालों अलग अलग जगहों से पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 95 लीटर अवैध देशी शराब बरामद की गई। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ कर उनके खिलाफ शराब अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। रमेश निवासी मथुरा पुरवा 15 लीटर, राजू निवासी नौरंगाबाद 20 लीटर, सुनेश निवासी नौरंगाबाद 20 लीटर, गार्गी निवासी नौरंगाबाद 20 लीटर व श्री किशन निवासी नौरंगाबाद 20 लीटर सहित अलग अलग जगहों से गिरफ्तार किया।

**दबंगों ने मंदिर पर भजन करने से रोका:**बरेली । थाना बहेड़ी क्षेत्र के गांव ठेरा बडोरी निवासी महिला बाबा पूजा गिरी गुरु महाराज स्वर्गीय बालक गिरी महाराज 20 साल से मंदिर पर रह रही है मंदिर की साफ सफाई करती है और मंदिर पर भजन कीर्तन करती रही है । मंदिर पर 14 अगस्त को भजन कीर्तन को रहे थे। उसी दौरान केवल राम पुत्र रतन लाल , झंडे पुत्र नामालूम , घासी राम पुत्र दयाराम , प्रेम पाल पुत्र कुंवरसेन और धर्मेंद्र पुत्र रामप्रसाद मंदिर में घुस आए गंदी - गंदी गालियां देने लगे घासीराम के हाथ मे लाठी थी मंदिर पर आए मेहमान अशोक गिरी और सुभाष गिरी सकुटिया मढी के रहने बाले थे ।

**कार्यालय ग्राम पंचायत रहना विकास खण्ड सासनी जनपद हाथरस**

**पत्रांक मीमो/ग्राम पंचायत/मनरेगा/वित्त आयोग मद/टेन्डर/2023-24 दिनांक 13/09/2023**

**अति अल्पकालीन निविदा**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग/15 वां केन्द्रीय वित्त आयोग के अर्न्तगत वर्ष 2023 में उपलब्ध धनराशि से कराये जाने वाले निम्नांकित कार्यो हेतु उनके सम्मुख अंकित विवरणानुसार सामग्री की कार्य स्थल पर आपूर्ति महुर बन्द निविदायें दिनांक 19/09/2023 को दिन के 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन साय 3.30 बजे उपस्थित निविदादाताओ के समक्ष अधोहस्ताक्षरी अथवा उसक द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा खोली जायेगी। यदि निविदा प्राप्त करने एवं खोलने के दिन को राजकीय अवकाश घोषित होता है तो निविदा प्राप्त एवं खोलन की तिथि अगला कार्य दिवस होगा। निविदा खोलने के स्थल समय एवं वैधता मे कोई परिवर्तन नहीं होगा निविदा की वैधता मूल तिथि से मानी जायेगी। निविदा की निम्नावत निर्धारित की जाती है।

1-निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत रहना से कार्यालय दिवस एवं समय में दिनांक 19/09/2023 तक निविदा मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते है।
2-निविदा प्रपत्र के साथ 2 प्रतिशत की धरोहर राशि की एफ0डी0आर0 नगद अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में बन्धक होगी, जमा करनी होगी।
3-निविदा सशर्त अथवा निर्धारित समय के बाद प्रस्तुत निविदायें मान्य नही होगी तथा किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
4-निविदा दरों की वैधता तीन माह अधिकतम होगी। इसके लिए निविदा प्रपत्र के साथ एक सौ रूपये का नॉन जुडीशियल स्टाम्प एक सौ रूपये का रिवेन्यू टिकट के साथ होना अनिवार्य है।
5-अनुबन्ध के समय धरोहर राशि को सम्मलित करते हुए 2 प्रतिशत जमानत धनराशि नगद जमा करनी होगी तथा कुल जमानत राशि नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी देनी होगी।
6-बिलों के भुगतान में नियमानुसार आयकर वैट एवं रॉयल्टी आदि की कटौती की जायेगी।
7-सामग्री की आपूर्ति उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिये।
8-कोई भी निविदादाता जो राज्य विधि बार कौंसिल में पंजीकृत हो निविदा देने से प्रतिबंधित होगें।

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (सामग्री) रू0 में | धरोहर धनराशि रू0 में | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य की अवधि माह में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | R.R.C. सेन्टर निर्माण कार्य | 489567 | 10000 | 250+GST | 3 माह |
| 2 | E रिक्सा | 150000 | 3000 | 250+GST | 3 माह |

अध्यक्ष/प्रधान
ग्राम पंचायत
वि0ख0 सासनी हाथरस

ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत रहना
वि0ख0 सासनी हाथरस

# भुता में जायरीन को रोकने की अफवाह से मचा हड़कंप

**संवाददाता।** बरेली

**एक्स** (ट्वीटर) पर मंगलवार सुबह एक युवक ने ट्वीट किया कि कुछ लोग बरेली उर्स-ए-रजवी में आ रहे हैं उन्हें भुता थाने में रोक लिया है ट्वीट की जानकारी होने पर दरगाह से लेकर पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया पूरे मामले की जानकारी की गई।

इसके बाद पुलिस ने बताया कि लोग बिना सुरक्षा के आ रहे थे उन्हें सुरक्षा देकर सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाया जा रहा है ज्ञात होकि सुबह से ही अकीदतमंदों का दरगाह आला हजरत में उमड़ना शुरू हो गया हजारों की संख्या में लोग उर्स में शामिल होने के लिए इस्लामिया ग्राउंड पहुंच गए थे इस दौरान भुता से भी जायरीन बरेली आ रहे थे एक युवक ने बरेली पुलिस को एक्स (ट्वीटर) पर एक ट्वीट किया इसमें युवक ने लिखा कुछ लोग बरेली उर्स-ए-रजवी में आ रहे हैं उनको भुता थाने में रोक लिया है आप से गुजारिश है कि आप कुछ कीजिए ट्वीट होने के बाद इसकी चर्चा होने लगी दरगाह से भी लोगों ने इसकी जानकारी करना शुरू कर दी जायरीनों को रोकने अफवाह से पुलिस प्रशासन में भी हड़कंप मच गया इसके कुछ देर बाद ही पुलिस ने ट्वीट का जवाब देते हुए लिखा कि पुलिस सुरक्षा के साथ गन्तव्य तक पहुंचाने में मदद की जा रही है इस मामले में थाना प्रभारी राजेश बाबू मित्रा ने बताया कि लोग बिना सुरक्षा के जा रहे थे जिन्हें पुलिस सुरक्षा के साथ क्षेत्र से निकाला जा रहा है।

रोकने की बात गलत हैं एडीजी कमिश्नर ने लिया उर्स क़ी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा बरेली आला हजरत के 105वें उर्स-ए-रजवी के अंतिम दिन मंगलवार को इस्लामिया मैदान में हजारों जायरीन की भीड़ उमड़ी एडीजी पीसी मीना, कमिश्नर सौम्या अग्रवाल और आईजी डॉ. राकेश कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया उर्स ए रजवी 10, 11 और 12 सितंबर तक मनाया गया।

इस्लामिया ग्राउंड में हजारों जायरीन की भीड़ जुटी सुरक्षा को लेकर पुलिस के कड़े इंतजाम रहे मंगलवार शाम तक भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहा सिर्फ जायरीनों के वाहन ही पार्किंग स्थल तक पहुंच सके किसी तरह से जाम की स्थिति उत्पन्न न हो, इसलिए ट्रैफिक पुलिस ने रूट का डायवर्जन किया शहर के हर चौराहे और बैरियर पर पुलिस तैनात रही आला हजरत उर्स के अंतिम दिन कोतवाली थाना क्षेत्र में एडीजी, कमिश्नर, आईजी ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया नगर निगम में स्थापित आईसीसीसी कंट्रोल रूम के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए आज चौकी चौराहे, चौपुला चैराहा, कुतुबखान, कुमार टॉकिज काली चौराहा और कोतवाली से राजकिय इंटर कॉलेज जाने वाले रोड पर भी बैरिकेडिंग कर वाहनों को जाने से रोका गया ट्रैफिक पुलिस ने शहर के अलग-अलग चौराहों के साथ ही जाम लगने की वाली जगहों पर टीएसआई, एचसीपी, हेड कांस्टेबल, कांस्टेबल, होमगार्ड और पीआरडी जवानों की ड्यूटी लगाई गई है

# आईएमए के कोषाध्यक्ष डॉ. निकुंज गोयल का किया गया भव्य स्वागत

**संवाददाता।** बरेली

**केयर** हॉस्पिटल के स्टाफ द्वारा केयर हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉ निकुंज गोयल को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का कोषाध्यक्ष निर्वाचित होने के उपलक्ष्य में स्वागत समारोह किया गया। स्वागत समारोह में सभी स्टाफ ने डॉ निकुंज गोयल को पगड़ी व फूल माला पहनाकर उपहार देकर ख़ुशी जाहिर की। डॉ निकुंज गोयल ने उक्त मौके पर हॉस्पिटल के सभी स्टाफ को अपने परिवार के सदस्य जैसा बताया।

डॉ निकुंज गोयल व डॉ मोनिका गोयल ने सभी स्टाफ बंधुओ को इसके लिए धन्यवाद किया। स्वागत समारोह में हरिओम प्रजापति, मैनेजर , गिरजा शंकर यादव, सूर्य प्रताप सिंह, शिवम् यादव, सौरभ, पायल, राजकुमार, सचिन वर्मा, जयवीर, गौरव शर्मा, अभिनेश पांडेय, राकेश उमेश, हेमलता आदि उपस्थित रहे। 00000 बसपा मुखिया सुश्री मायावती की भेजी चादर दरगाह आला हजरत पर पेश की गई बरेली ।

आला हजरत का 105 वा द्धउर्स में दरगाह आला हज़रत पर तमाम सियासी व गैर सियासी चादर पेश हो रही है। बसपा मुखिया सुश्री मायावती की भेजी चादर दरगाह आला हजरत पर पेश की गई। बसपा मंडल कोऑर्डिनेटर राजेश सागर, राजवीर गौतम, राजू शमीम, तौफीक प्रधान, डॉक्टर जयपाल, अजय सागर लेकर पहुंचे।

इन लोगों ने उर्स प्रभारी राशिद अली खान व मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी को सौंपी। सुश्री मायावती का पैगाम दरगाह पर पढ़कर सुनाया जिसमें दरगाह प्रमुख सुब्हानी मियां, सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां व सय्यद आसिफ मियां को मुबारकबाद पेश की।

देश और प्रदेश में शांति भाईचारे की दुआ की। इस मौके पर अजमल नूरी, जोहिब रज़ा, परवेज़ नूरी, ताहिर अल्वी, शाहिद खान, आसिफ रज़ा, इशरत नूरी, आलेनबी, शरिक बरकाती मंजूर खान,अब्दुल माजिद, सय्यद माजिद आदि लोग दरगाह की ओर से शामिल रहे।

JM FINANCIAL
जेएम फाइनैंशियल असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड
कार्पोरेट पहचान सं. : U67190MH2007PLC74287
पंजी. कार्यालय : 7वां तल, सिनर्जी, अप्पासाहेब मराठे मार्ग, प्रभादेवी, मुंबई-400 025
सम्पर्क व्यक्ति : 1. निशांत गौतम - 9899216466, 2. रोहन सावंत - 9833143013, 3. अक्षय हसीजा - 022-6224 1676
वेबसाईट : www.jmfinancialarc.com

**ई-नीलामी बिक्री सूचना-अनुवर्ती बिक्री**

कि पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (पूर्वतः दीवान हाउसिंग ऐंड फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड के नाम से प्रसिद्ध) ने एक ऋण समूह (निम्नलिखित ऋणों सहित) का समनुदेशन उनके संबंध में सृजित अधोवर्णित प्रतिभूति हित सहित तथा उन पर सभी अधिकारों, स्वामित्व और हित सहित, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("सरफासी ऐक्ट") की धारा 5(1)(बी) के तहत एक समनुदेशन अनुबंध दिनांकित 29 मार्च, 2023 ("समनुदेशन अनुबंध") के माध्यम से जेएमएफएआरसी - अरण्य - ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में कार्यरत जेएमएफएआरसी (जेएम) (इसमें आगे समनुदेशिती के रूप में संदर्भित) के पक्ष में कर दिया है। यह अधिसूचित किया जाता है कि पीसीएचएफएल समनुदेशन/सेवा अनुबंध के माध्यम से सभी प्रचालनात्मक और प्रक्रियाओं प्रक्रमों को सुकर बनाने के लिए सेवा प्रदाता/समाहर्ता अभिकर्ता के रूप में प्राधिकृत और नियुक्त है।

प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर्जदार/रों से बकाया राशि की वसूली के लिए सरफासी ऐक्ट, 2002 के तहत यहां नीचे वर्णित प्रतिभूत आस्ति का कब्जा लिए जाने के पश्चात, अधोहस्ताक्षरी यहां नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति, जो भौतिक कब्जा में है, "जैसी है जहां है आधार", "जैसी है जो है आधार" और "जो भी है वहां है आधार" पर क्रय करने हेतु ऑफर्स यहां नीचे दिए विवरण के अनुसार आमंत्रित करते हैं :

| ऋण कोड/शाखा/कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर | मांग सूचना तिथि और राशि | सम्पत्ति पता-अंतिम | सुरक्षित मूल्य | धरोहर राशि जमा (ईएमडी) (आरपी की 10 :) | बकाया राशि (22-08-2023) |
|---|---|---|---|---|---|
| (ऋण कोड संख्या 25500000283, नेताजी सुभाष प्लेस (शाखा), अजय कुमार भल्ला, (कर्जदार), अंजू भल्ला (सह कर्जदार 1) अरूण कुमार (सह-कर्जदार 2) | 26-10-2017, रू. 13,01,557/- (रूपए तेरह लाख एक हजार पांच सौ सत्तावन मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : फ्लैट नंबर 184, द्वितीय तल, ब्लॉक एन, संजय नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201002 चौहद्दी - उत्तर : रोड (नीचे), दक्षिण : प्रवेश, पूरब : रोड (नीचे), पश्चिम : फ्लैट नंबर 191 | रू. 8,01,900/- (रू. आठ लाख एक हजार नौ सौ मात्र) | रू. 80,190/- (रू. अस्सी हजार एक सौ नब्बे मात्र) | रू. 31,75,864/- (रू. इकतीस लाख पचहत्तर हजार आठ सौ चौंसठ मात्र) |
| (ऋण कोड सं. 2730000471), द्वारका (शाखा) अमित बाजपेई (कर्जदार) अतुल बाजपेई (सह-कर्जदार 1) रितु बाजपेई (सह-कर्जदार 2) | 21-01-2020 रू. 27,13,052/- (रू. सत्ताईस लाख तेरह हजार बावन मात्र) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : सम्पत्ति की सीमा :- तृतीय तल, फ्लैट नंबर सी (आरएचएस) केएच-364, मिन विस्तारित लाल डोरा, बृजवासन, नई दिल्ली, नई दिल्ली-110061, दिल्ली चौहद्दी : उत्तर : सम्पत्ति का भाग उसके बाद अन्य सम्पत्ति, दक्षिण : सम्पत्ति का भाग उसके बाद 25 फुटी रोड, पूरब : सम्पत्ति का भाग उसके बाद, पश्चिम : गली 17 फीट | रू. 21,14,100/- (रू. इक्कीस लाख चौदह हजार एक सौ मात्र) | रू. 2,11,410/- (रू. दो लाख ग्यारह हजार चार सौ दस मात्र) | रू. 52,79,525/- (रू. बावन लाख उनासी हजार पांच सौ पच्चीस मात्र) |
| ((ऋण कोड संख्या : 25500001206 नेताजी सुभाष प्लेस (शाखा) रमन कुमार (कर्जदार) राधा देवी (सह कर्जदार 1) | 24-05-2021, रू. 13,97,389/- (रूपए तेरह लाख सत्तानवे हजार तीन सौ नवासी मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति सं. टी 184, तृतीय तल, रियर साइड, खसरा नंबर 18, ग्राम बिंदापुर, ब्लॉक टी, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059 चौहद्दी - उत्तर : 25 फीट रोड, दक्षिण : 10 फीट गली, पूरब : प्लॉट का भाग, पश्चिम : प्लॉट नंबर टी-185 | रू. 10,20,600/- (रू. दस लाख बारह हजार छह सौ मात्र) | रू. 1,02,060/- (रू. एक लाख दो हजार साठ मात्र) | रू. 23,87,960/- (रू. तेईस लाख सतासी हजार नौ सौ साठ मात्र) |

ई-नीलामी की तिथि : 30-09-2023, पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक (5 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार के साथ)
बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 29-09-2023, अप. 4.00 बजे से पूर्व
कर्जदार/गारंटर/बंधकदाता को सरफासी ऐक्ट के तहत बिक्री के संबंध में 30 दिन कानूनी नोटिस

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया https://www.jmfinancialarc.com/Home/Assetsforsale या https://www.bankauction.in में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।

उपरोक्त उल्लिखित कर्जदार/गारंटर को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि वे धारा 13(2) सूचना में उल्लिखितानुसार राशि का नीलामी की तिथि से पूर्व दिनांक तक उपार्जित ब्याज के साथ संपूर्ण बकाया राशि का भुगतान कर दें। भुगतान करने में विफल रहने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई हो, की वसूली कर्जदार/गारंटर से ब्याज व लागत के साथ की जाएगी।

तिथि : 14-09-2023
स्थान : दिल्ली

हस्ता./- (प्राधिकृत अधिकारी)
(अरण्य - ट्रस्ट)

# राष्ट्रपति ने किया आयुष्मान भवः अभियान का वर्चुअल शुभारंभ

●जनप्रतिनिधियों ने देखा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

●समाजसेवियों को किया गया सम्मानित

●राजापुर में चेयरमैन संजीव मिश्र ने किया आयुष्मान भवः का शुभारंभ





**संवाददाता।** चित्रकूट

**देश** की प्रथम नागरिक व भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी के द्वारा 'आयुष्मान भवः कार्यक्रम का शुभारंभ नई दिल्ली से ऑनलाइन बटन दबाकर किया गया। इसी क्रम में संयुक्त जिला चिकित्सालय चित्रकूट में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष चित्रकूट /बांदा पंकज अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी भूपेश द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सुधीर कुमार शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी में लाइव प्रसारण देखा गया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि यह भारत सरकार की पहल पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उप्र के अन्तर्गत जनपद में 17 से 2 अक्टूबर तक आयुष्मान भवः सेवा पखवाड़ा मनाया जायेगा।

आयुष्मान भवः के अन्तर्गत स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर और अंगदान का संकल्प लिया जायेगा। 17 सितम्बर 2023 से आयुष्मान आपके द्वार 3.0 के अन्तर्गत आयुष्मान कार्ड का वितरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शनिवार को हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेले में मरीजों की स्क्रीनिंग, दवाओं का वितरण, टेली परामर्श के साथ रक्तचाप, मधुमेह और तीन सामान्य कैंसर यानी मुंह, स्तर और गर्भाशय ग्रीवा जैसी बीमारियों के लिये जनसंख्या आधारित स्क्रीनिंग, नियमित टीकाकरण, पीएम जेएसवाई से उपचारित लाभार्थियों का फालो अप की भी सुविधा दी जायेगी।

उधर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजापुर में केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणर्थ राष्ट्रीय कार्यक्रम आयुष्मान भव पखवारा का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने मां सरास्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं फीता काटकर किया। इस मौके पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ.अरुण आर्या की मौजूदगी में किया गया।

## आयुष्मान भवः अभियान के तहत दिलाई गई अंगदान करने की शपथ



**उरई, जालौन।** राष्ट्रपति ने वर्चुअल माध्यम से आयुष्मान भवः अभियान का बटन दबा कर शुभारंभ किया जिसका सजीव प्रसारण जिला चिकित्सालय में विधायक सदर गौरीशंकर वर्मा, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एनडी शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक अवनीश बनौधा सहित अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा देखा व सुना गया। विधायक सदर व जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को अंगदान की शपथ दिलायी कि 'मै प्रतिज्ञा करता हूं कि मै अपने ऐसे अंगो एवं उत्तकों को, जिनका उपयोग मेरी मृत्यु के पश्चात किसी को नया जीवन देने के लिये, दान करूंगा। हमारे देश में अंगो और उत्तकों की कमी को देखते हुये मै यह भी प्रतिज्ञा करता हूं कि मै अपने परिवार, मित्रों और देशवासियों को अपने अंग एवं उत्तक दान करने के लिये प्रेरित करने के सभी प्रयास करूंगा। सीएमओ ने बताया कि 17 सितम्बर 2023 से आयुष्मान भवः अभियान, सेवा पखवाड़ा, आयुष्मान आपके द्वार 3.0, आयुष्मान मेला, आयुष्मान सभा, आयुष्मान ग्राम पंचायत-आयुष्मान नगरीय वार्ड अभियान का संचालन किया जायेगा।

# सड़क निर्माण में धांधली की पुष्टि होने के बाद भी अब तक नहीं हुई कार्रवाई

●परियोजना निदेशक व जेई द्वारा जांच में हुई थी धांधली की पुष्टि

●ठेकेदार ने 10 लाख की राशि आहरित की मगर नहीं कराया काम



कागजों पर बना दी गई सड़क

**संवाददाता।** मानिकपुर, चित्रकूट

**अनियमितताओं** की पुष्टि होने के बाद भी दोषियों पर कार्यवाही न होना कई सवाल खड़े कर रही है। भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं होने से उनके हौसले सातवां आसमान छू रहे हैं। योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति यहां पूरी तरह से फेल दिखाई पड़ रही है।

चित्रकूट जिले के मानिकपुर विकास खंड क्षेत्र में कागज मे तो विकास की गंगा बड़ी तेजी से प्रवाहित हो रही है, लेकिन हकीकत में तो पैसे निकल जा रहे हैं। मामला मानिकपुर विकास खण्ड के मनगवां ग्राम पंचायत अंतर्गत छिवलहा से बम्भिया तक डब्ल्यूबीएम से तकरीबन एक किमी मार्ग निर्माण के लिए 13.80 लाख की स्वीकृति मिली थी।

जबकि ठेकेदार द्वारा 10 लाख से अधिक की धनराशि आहरित कर ली गई थी, लेकिन मौके पर कोई काम नहीं कराया गया था। बगैर सड़क निर्माण कार्य के लाखों के भुगतान मामले की जांच मे भ्रष्टाचार की पुष्टि की गई है। जमीन पर काम न होना और पैसा निकल जाना कोई नई बात नहीं है। लेकिन जांच मे भ्रष्टाचार की पुष्टि होने के बाद भी कोई कार्यवाही न होना बड़ा प्रश्न खड़ी कर रही है? भ्रष्टाचार की जांच मे भी भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

परियोजना निदेशक और सहायक अभियंता जिला ग्राम विकास विभाग की जांच मे उक्त कार्य मानकविहीन पाया गया है। पिछले एक वर्ष पहले सौंपी गई आख्या मे स्पष्ट शब्दों मे लिखा है कि कराया गया कार्य अपूर्ण, अनुपयोगी एव मानकविहीन है।

# पुलिस किया चोरी की घटना का खुलासा, दो चोर हुए गिरफ्तार



**कोंच, एट।** पुलिस क्षेत्राधिकारी राम सिंह ने कार्यालय में दिन बुधवार को चोरी की घटना का खुलासा करते हुए बताया कि 20 जून 2023 को शिकायत कर्ता चन्द्र कुमार व कृपाराम निबासी ग्राम जखोली थाना एट में लिखित सूचना देते हुए अवगत कराया था कि 19 एवं 20जून 2023 की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा हमारे घर मे घुसकर सोने चांदी के जेवरात व रुपये चोरी कर ले गए। जिस पर पुलिस ने मुकदमा संख्या 95/23 धारा 380,457 पंजीकृत कर लिया था। उक्त के सम्बंध में दिनांक 12 सितम्बर 2023 को थानाध्यक्ष कामता प्रसाद बरिष्ठ उप निरीक्षक प्रमोद एस आई बीरेन्द्र बहादुर कांस्टेबिल लायक सिंह व हरिओम के साथ रोकथाम अपराध संदिग्ध चैकिंग लुटेरे बांछित अपराधी एवं पतारसी सुरागरसी के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम इंगुई खुर्द नहर पुलिया के पास हाइवे से अभियुक्त कमल सिंह कुशवाहा पुत्र ज्ञान सिंह निवासी ग्राम जयसारीपुर थाना डकोर व अशोक पुत्र शंकर दयाल निबासी चन्द्रसी थाना कदौरा हाल निवास जयसारी कला थाना डकोर को सोने चांदी के जेवरात जिसमें दो जोड़ी कान की वाली सोने की चार अदद नाक की कील सोने की तीन जोड़ी पायल चांदी की 5 जोड़ी बिछिया चांदी के व 11 हजार 5 सौ रुपये सहित गिरफ्तार कर लिया।

## चार्ज लेने के बाद पहली बार मीडिया से रूबरू हुए नये डीएम राजेश पांडेय



**उरई, जालौन।** नवागंतुक जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे ने चार्ज ग्रहण करने के बाद आज बुधवार को पहली बार मीडिया से रूबरू होते हुए जहां एक ओर स्पष्ट कर दिया कि वह शासन की मनसा अनुसार जन समस्याओं और लोक हित से जुड़े कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर कार्य करेंगे। इस दौरान उन्होंने जनपद की मौजूदा स्थिति पर मीडिया कर्मियों के साथ विस्तृत चर्चा करते हुए, जिले का फीडबैक लिया साथ ही इस बात का आश्वासन भी दिलाया कि समय के साथ-साथ एक-एक समस्या का निस्तारण तो वह करेंगे ही साथ ही जिले के लिए जो भी बेहतर संभावनाएं हो सकेगी उन पर भी सभी के साथ विचार विमर्श और समन्वय स्थापित कर उसे पर काम करना चाहेंगे।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित वार्ता के दौरान नवागंतुक जिला अधिकारी राजेश कुमार पांडे ने बताया कि वह मूलत सुल्तानपुर जिले के निवासी हैं इससे पूर्व विशेष सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा एवम संयुक्त प्रबंध निदेशक जल निगम ग्रामीण के पद पर अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे थे। उन्होंने बताया कि उन्हें लगभग आधा दर्जन से अधिक जिलों में उप जिलाधिकारी के तौर पर कार्य करने का अवसर मिला है।

# मोटे अनाज को बढ़ावा देने के बाबत मंडलायुक्त ने की बैठक की अध्यक्षता

●कार्यक्रम संबंधी सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

**संवाददाता।** बांदा



**आयुक्त** चित्रकूट धाम मण्डल बांदा आरपी सिंह की अध्यक्षता में मयूर भवन सभागार में दिनांक 20 सितम्बर, 2023 को रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज बांदा में मिलेट्स एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होंने आयोजित होने वाले कार्यक्रम के सम्बन्ध में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी आवश्यक व्यवस्थायें समय से पूर्ण कर ली जायें। बैठक में उप कृषि निदेशक ने बताया कि मोटे अनाज को बढ़ावा देने हेतु तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ाये जाने हेतु इस कार्यक्रम में किसानों की सहभागिता कराकर जागरूक करने के साथ इसके उत्पादन पर जोर दिया जायेगा। इसमें तकनीकी सत्र का आयोजन कर कृषि विश्व विद्यालय बांद के वैज्ञानिकों द्वारा श्री अन्न के उत्पादन को बढ़ाने, प्राकृतिक खेती पर जोर दिये जाने, औद्यानिक खेती अपनाने, पशुपालन के द्वारा दुग्ध उत्पादन पर विशेष रूप से जानकारी लेते हुए मिर्जापुर, झांसी एवं चित्रकूटधाम मण्डल बांदा के इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले किसानों को जानकारी दी जायेगी।

## दो दर्जन घरों पर टूटा तेज बारिश का कहर

**बांदा।** जनपद में इन दोनों बारिश का कहर जोरों पर है जिसके चलते हुई तेज बारिश के कारण कच्चे मकान गिरकर धराशाई हो गए। लगातार तेज बारिश होने के चलते ध्वस्त हुए घरों के मकान मालिकों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं सूचना पर राजस्व कर्मी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर रहे हैं। पूरा मामला बांदा जनपद के बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत बगेहटा गांव सामने आया हुआ है जहां पर तेज बारिश से लगभग दो दर्जन कच्चे मकान धराशाई हो गए हैं जिससे घरों के निवासियों के आगे भारी संकट खड़ा हो गया।

## क्विक न्यूज

### ट्रक और डम्पर के बीच टक्कर में चार लोगों की मौत



**घाटमपुर।** यूपी के कानपुर जिले के बिधनू क्षेत्र में बुधवार को एक ट्रक और डम्पर के बीच टक्कर में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई जबकि नौ अन्य घायल हो गए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि बिधनू थाना क्षेत्र में अफ्जलपुर मोड़ पर कानपुर से घाटमपुर की तरफ जा रहे एक ट्रक और सामने से आ रहे डम्पर के बीच जोरदार टक्कर हो गई। उन्होंने बताया कि इस हादसे में सादिक (55), उसकी पत्नी शहनाज (45), हाजरा (42) और गोलू (चार) की मौत हो गई। उन्होने बताया कि दुर्घटना में नौ अन्य लोग भी घायल हुए हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### औद्योगिक शहर बसने से जनता योगी सरकार की ऋणी: अजीत

**चित्रकूट।** बुंदेलखंड में नोयडा से बड़ा औद्योगिक शहर बसाने की मंजूरी देने पर बुंदेली सेना ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताया है। कहा कि अब बुंदेलखंड के पलायन पर रोंक लगेगी और पिछड़े क्षेत्र के दिन बहुरेंगे। योगी सरकार के प्रति क्षेत्र की जनता हमेशा ऋणी रहेगी। बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि आजादी के बाद पहली बार किसी सरकार ने बुंदेलखंड में औद्योगिक पहल की है। योगी सरकार ने नोयडा से लगभग एक हजार हेक्टेयर बड़े 14 हजार हेक्टेयर में बुंदेलखंड में औद्योगिक शहर बसाने को मंजूरी दे दी है। मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में सरकार ने बुंदेलखंड के चतुर्दिक विकास की इबारत लिख दी है। झांसी - ग्वालियर मार्ग पर बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीड़ा ) के नाम से नया औद्योगिक शहर बसाया जाएगा। अजीत सिंह ने बताया कि बुंदेलखंड में सरकार की इस पहल से अब यहां से पलायन की समस्या का निराकरण होगा। प्रतिवर्ष रोजगार की तलाश में लाखों बुंदेलखंडी युवा गुजराज, महाराष्ट्र, दिल्ली, मध्य प्रदेश समेंत तमाम राज्यों की ओर प्रस्थान करते हैं। बुंदेलखंड में ही अब औद्योगिक पहल होने से यहां के दिन बहुर जाएंगे।

# पेज एक का शेष

## इंडिया गठबंधन...

बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसमें शामिल हुए। माना जा रहा है कि अपने पिता शिबू सोरेन के अस्वस्थ होने के चलते वह बैठक में देर से पहुंचे। इस समिति में कुल 14 सदस्य हैं, लेकिन आज की बैठक में दो दलों के प्रतिनिधि शामिल नहीं हो सके। तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष पेशी के कारण इस बैठक शामिल नहीं हो सके। मार्क्ससवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने अब तक इस समिति के लिए अपने प्रतिनिधि का चयन नहीं किया है। माकपा के सूत्रों का कहना है कि समन्वय समिति में पार्टी की तरफ से प्रतिनिधि कौन होगा, इसका फैसला 16-17 सितंबर को होने वाली पोलित ब्यूरो की बैठक में लिया जाएगा। समन्वय समिति की बैठक के बाद वेणुगोपाल ने संवाददाताओं से कहा, समन्वय समिति ने फैसला किया है कि सीटों के तालमेल को लेकर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। घटक दल बातचीत करेंगे और सीटों के तालमेल पर जल्द फैसला करेंगे। देश के विभिन्न हिस्सों में जनसभाएं करने का फैसला हुआ। पहली जनसभा अक्टूबर के पहले सप्ताह में भोपाल में होगी जो महंगाई, बेरोजगारी और भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार के मुद्दे पर होगी। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियों ने जाति जनगणना के मुद्दे को आगे बढाने का फैसला किया। कांग्रेस के संगठन महासचिव ने कहा, मीडिया से संबंधित उप समूह को अधिकृत किया है कि वह फैसला करे कि किन टेलीविजन एंकर के कार्यक्रमों में इंडिया के घटक दलों के प्रतिनिधियों को नहीं भेजना है। बैठक में अभिषेक बनर्जी के शामिल नहीं होने के लेकर उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की प्रतिशोध की राजनीति के तहत उन्हें (बनर्जी को) समन जारी किया गया था। जाति जनगणना के मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस का रुख अलग होने के बारे में पूछे जाने पर वेणुगोपाल ने कहा कि पश्चिम बंगाल के सत्तारूढ़ दल से बातचीत की जाएगी। बैठक की तस्वीर साझा करते हुए पवार ने एक्स पर पोस्ट किया, आज मेरे दिल्ली आवास पर इंडिया की समन्वय समिति की बैठक हुई। हम सब लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प लेकर एक साथ आए हैं। अगले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का मुकाबला करने के लिए दो दर्जन से अधिक विपक्षी दलों ने इंडिया का गठन किया है। इंडिया के घटक दलों के नेताओं की पिछले दिनों मुंबई में हुई बैठक में गठबंधन के भविष्य के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के लिए 14 सदस्यीय समन्वय समिति का गठन किया गया था। समन्वय समिति विपक्षी गठबंधन की शीर्ष निर्णय लेने वाली संस्था के रूप में कार्य करेगी। इसी साल जून में पटना में विपक्षी गुट की पहली बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्येक सीट से सबसे मजबूत उम्मीदवार को चुना जाएगा। मुंबई में हुई विपक्षी गठबंधन की तीसरी बैठक के बाद एक सितंबर को जारी प्रस्ताव में कहा गया था कि पार्टियां जहां तक संभव होगा वहां तक एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगी और विभिन्न राज्यों में सीटों के बंटवारे का काम तत्काल शुरू होगा और जल्द से जल्द संपन्न होगा।

## सनातन विरोधी...

आस्था को नुकसान पहुंचाने की इजाजत नहीं देता। सोनिया और राहुल गांधी ने सनातन धर्म के अपमान के बारे में कुछ नहीं बोला है। ठाकुर ने कहा, वे और उनकी कांग्रेस पार्टी चुप क्यों हैं। राहुल विदेशी धरती पर भारतीय संविधान को बचाने की बात करते हैं लेकिन उनकी पार्टी और उनके सहयोगी यहां केवल देश के संविधान को कलंकित करने की बात करते हैं। सोनिया और राहुल को इसका जवाब देना चाहिए। पात्रा ने भी इस मुद्दे को लेकर सोनिया गांधी पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि उन्होंने मशहूर रहस्यमई किताब मर्डर, शी रोट की तर्ज पर एक किताब मर्डर ऑफ हिंदुइज्म, शी रोट लिखी है। उन्होंने विपक्षी गठबंधन की बुधवार हुई बैठक को लेकर चुटकी लेते हुए एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इंडिया गठबंधन के सदस्यों के बीच असहयोग दिखाई दे रहा है। पात्रा ने बैठक से पहले आरोप लगाया, वे (विपक्षी दल) चर्चा करेंगे कि सनातन धर्म को कैसे खत्म किया जाए। उन्होंने कहा कि इसलिए शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे ने दावा किया कि गोधरा जैसी घटना फिर से हो सकती है जबकि राहुल गांधी ने पूर्व में हिंदुत्व पर हमला करने के लिए इस्लामिक आतंकवादी समूह मुस्लिम ब्रदरहुड का हवाला दिया था। सोनिया गांधी के ईसाई नाम का हवाला देते हुए पात्रा ने आरोप लगाया कि सनातन धर्म को निशाना बनाने की साजिश के पीछे उनका हाथ है। द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन ने हाल ही में कहा था कि सनातन धर्म सामाजिक न्याय के खिलाफ है और इसे खत्म किया जाना चाहिए। सनातन धर्म की तुलना कोरोना वायरस, मलेरिया और डेंगू वायरस तथा मच्छरों से होने वाले बुखार से करते हुए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने कहा था कि ऐसी चीजों का विरोध ही नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि उन्हें नष्ट किया जाना चाहिए। द्रमुक के एक अन्य नेता ए राजा ने सनातन धर्म की तुलना कुष्ठ रोग जैसी बीमारियों से की। द्रमुक नेताओं द्वारा सनातन धर्म की तुलना विभिन्न बीमारियों से किए जाने का जिक्र करते हुए पात्रा ने पूछा कि क्या भगवान शिव या हनुमान की पूजा करने को एड्स, डेंगू या कैंसर कहा जा सकता है। भाजपा प्रवक्ता के मुताबिक जो लोग अपनी मिट्टी और जमीन के प्रति सच्चे नहीं हो सके, वे देश के लोगों के प्रति सच्चे नहीं हो सकते। पात्रा ने आरोप लगाया कि सनातन धर्म के बारे में जो कुछ कहा जा रहा है, वह हिंदू धर्म पर हमला करने की साजिश का हिस्सा है। भाजपा का ताजा हमला ऐसे दिन हुआ है जब विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस यानी इंडिया की समन्वय समिति ने सीट बंटवारे के फॉर्मूले पर बातचीत करने और लोकसभा चुनाव से पहले प्रचार अभियान की रणनीति तय करने के लिए बैठक की। चौदह सदस्यीय समिति की बैठक यहां राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता शरद पवार के आवास पर हुई।

## भाजपा मुख्यालय...

सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी। ये ऐसी सीटें थीं जहां भाजपा को पिछले चुनावों में पराजय का सामना करना पड़ा था। अपनी परंपरा से हटते हुए भाजपा ने इस बार विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा होने से काफी पहले ही अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा शुरू कर दी है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में नवंबर-दिसंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं, जो 2024 में लोकसभा चुनाव से पहले विधानसभा चुनावों का अंतिम दौर है।

## सरकार ने...

जुलाई, 2008 में वाम दलों द्वारा यूपीए-1 सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद विश्वास मत के लिए लोकसभा का विशेष सत्र बुलाया गया था। उन्होंने कहा, 26 अगस्त से 1 सितंबर 1997 तक भारतीय स्वतंत्रता की 50वीं वर्षगांठ मनाने के लिए एक विशेष सत्र आयोजित किया गया था। 3 से 4 जून, 1991 तक अनुच्छेद 356 (3) के प्रावधान के तहत हरियाणा में राष्ट्रपति शासन की मंजूरी के लिए राज्यसभा का एक विशेष सत्र (158वां सत्र) आयोजित किया गया था। रमेश ने कहा, 28 फरवरी से 1 मार्च, 1977 तक अनुच्छेद 356 (4) के दूसरे प्रावधान के तहत तमिलनाडु और नागालैंड में राष्ट्रपति शासन के विस्तार के लिए दो दिनों के लिए राज्यसभा का एक विशेष सत्र आयोजित किया गया था। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने भी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि संसद के विशेष सत्र के एजेंडे पर अभी भी कोई शब्द नहीं है। उन्होंने एक्स पर लिखा विशेष संसद सत्र शुरू होने में दो कार्य दिवस शेष हैं और अभी भी एजेंडे को लेकर एक शब्द भी नहीं बोला गया है। केवल दो लोग ही इस बारे में जानते हैं और हम अभी भी खुद को संसदीय लोकतंत्र कहते हैं। 18 सितंबर से शुरू होने वाले पांच दिवसीय विशेष सत्र के एजेंडे का खुलासा नहीं करने को लेकर कांग्रेस लगातार सरकार पर हमलावर है। रमेश ने पहले दावा किया था कि अतीत में हर विशेष सत्र का एजेंडा पहले से पता होता था और आरोप लगाया था कि यह केवल मोदी सरकार है जो संसदीय परंपराओं को तोड़ रही है। इससे पहले कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर देश की मौजूदा आर्थिक स्थिति समेत कई मुद्दों पर चर्चा और बहस की मांग की थी। पीएम को लिखे अपने पत्र में सोनिया ने कहा कि विपक्ष निश्चित रूप से विशेष सत्र में भाग लेना चाहता है क्योंकि इससे सार्वजनिक चिंता और महत्व के मामलों को उठाने का मौका मिलेगा। सत्र अन्य राजनीतिक दलों को साथ बिना किसी परामर्श के आयोजित किया जा रहा है और उनमें से किसी को भी सत्र के एजेंडे के बारे में पता नहीं है।

## आतंकियों से...

अगस्त को कुलगाम जिले के हलाण वनक्षेत्र के ऊंचाई वाले इलाके में सेना के जवानों पर हमला किया था, जिसमें तीन जवान शहीद हो गए थे। अधिकारियों ने बताया कि गारोल इलाके में आतंकियों के खिलाफ अभियान मंगलवार शाम को शुरू हुआ था, लेकिन रात में इसे रोक दिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि एक ठिकानों पर आतंकवादियों को देखे जाने की सूचना के बाद आज सुबह फिर उनकी (आतंकवादियों) की तलाश शुरू की गई। अपने दल का नेतृत्व करते हुए कर्नल सिंह ने आतंकवादियों पर हमला बोला। हालांकि, आतंकवादियों की गोलीबारी में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। 12वीं सिख लाइट इन्फेंट्री (एलआई) से संबद्ध कर्नल सिंह को सेना पदक से भी सम्मानित किया गया था। धोनैक 15वीं सिख एलआई से थे। अधिकारियों ने बताया कि धोनैक और भट को भी गोलियां लगीं जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। जीओसी 15वीं कोर लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह सहित सेना और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, स्थिति का आकलन करने के लिए मौके पर पहुंचे। इससे पहले कश्मीर जोन पुलिस ने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अपनी एक पोस्ट में कहा था, अनंतनाग के कोकेरनाग इलाके में मुठभेड़ शुरू हुई है। सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस के अधिकारी घायल हो गए हैं। विवरण बाद में मुहैया कराया जाएगा। कश्मीर स्थित 15वीं कोर ने भी जानकारी दी थी कि "आतंकवादियों की मौजूदगी की विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर 12-13 सितंबर की मध्यरात्रि को क्षेत्र गारोल, अनंतनाग में भारतीय सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस द्वारा एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया था। आमना-सामना होने पर गोलीबारी शुरू हुई। सेना के दो कर्मी और जम्मू कश्मीर पुलिस का एक जवान घायल हो गए। अभियान जारी है। शाम को, पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कश्मीर) विजय कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने शहीद पुलिस उपाधीक्षक को पुष्पांजलि अर्पित की। यह हमला ऐसे समय हुआ जब एक दिन पहले ही जम्मू क्षेत्र के राजौरी में पीर पंजाल के दक्षिण में एक मुठभेड़ में सेना का एक जवान शहीद हो गया था जबकि सेना की छह वर्षीय मादा लैब्राडोर भी अपने हैंडलर को बचाने के दौरान जान गंवा बैठी थी। राजौरी के सुदूर नारला गांव में हुई इस मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने अपनी संवेदना जताई। अब्दुल्ला ने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर पर) पोस्ट किया, जम्मू कश्मीर से व्यथित करने वाली खबर। सेना के एक कर्नल, एक मेजर और जम्मू कश्मीर पुलिस के उपाधीक्षक ने आज दक्षिण कश्मीर के कोकेरनाग इलाके में एक मुठभेड़ में सर्वोच्च बलिदान दिया। पुलिस उपाधीक्षक हुमायूं भट, मेजर आशीष धोनैक और कर्नल मनप्रीत सिंह ने आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में बलिदान दिया। उनकी आत्मा को शांति मिले और उनके प्रियजनों को इस कठिन समय में शक्ति मिले। पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि हिंसा के ऐसे कृत्यों के लिए कोई जगह नहीं है। पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष सज्जाद गनी लोन ने भी बहादुरों की शहादत पर शोक व्यक्त किया। तीनों शहीद अधिकारियों को श्रद्धांजलि देते हुए भारतीय जनता पार्टी नेता अल्ताफ ठाकुर ने कहा कि सुरक्षा बल जम्मू कश्मीर से आतंक को जड़ से खत्म करने को प्रतिबद्ध है।

## देशभर में...

भूमि पट्टी है जो दो या दो से अधिक व्यवहार्य आवास क्षेत्रों के बीच हाथियों की आवाजाही की सुविधा प्रदान करती है। व्यवहार्य निवास स्थान से जुड़े बिना जानवरों को वन निवास से दूर मानव क्षेत्र में ले जाने वाले गलियारे सच्चे हाथी गलियारे नहीं माने जाते हैं। हाथी गलियारा वह भू क्षेत्र है जो दो या दो से अधिक व्यवहार्य प्राकृतिक वास वाले क्षेत्रों के बीच हाथियों द्वारा आवाजाही के लिए प्रयुक्त किया जाता है। हाथी गलियारा विशाल जीव को मानव क्षेत्र में प्रवेश से रोकता है। वर्ष 2017 में की गई अंतिम गणना के अनुसार, भारत में लगभग 30,000 हाथी हैं, जो हाथियों की वैश्विक आबादी का 60 प्रतिशत है। नवीनतम रिपोर्ट भारतीय वन्यजीव संस्थान के तकनीकी सहयोग से केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय की हाथी परियोजना और राज्य वन विभागों के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास का परिणाम है। जनसांख्यिकीय अलगाव और आनुवंशिक व्यवहार्यता संबंधी चिंताएँ हाथियों की आबादी के विलुप्त होने का खतरा पैदा करती हैं। इसलिए, हाथी गलियारों की सुरक्षा एक प्रमुख संरक्षण रणनीति है, रिपोर्ट में कहा गया है कि गलियारा भूमि की एक पट्टी है जो दो या दो से अधिक व्यवहार्य निवास स्थानों के बीच हाथियों की आवाजाही की सुविधा प्रदान करती है। वर्ष 2017 में किए अनुमान के अनुसार, भारत में लगभग 30,000 हाथी हैं, जो जानवरों की वैश्विक आबादी का 60 प्रतिशत है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में सबसे अधिक हाथी गलियारों के मामले में पश्चिम बंगाल सबसे आगे है, जो देश में कुल ऐसे भूमि भूखंडों का 17 प्रतिशत से अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक जिन राज्यों में हाथियों ने हाल ही में अपनी सीमा का विस्तार किया है, उनमें छत्तीसगढ़ से सटे महाराष्ट्र का विदर्भ क्षेत्र, कर्नाटक से सटे दक्षिणी महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश जहां वर्तमान में हाथी बांधवगढ़ और संजय बाघ अभयारण्यों में पाए जाते हैं और उत्तरी आंध्र प्रदेश, जहां हाथी ओडिशा से आते हैं, शामिल हैं। इन राज्यों में, हाथियों की आबादी का समर्थन करने के लिए आवासों की दीर्घकालिक व्यवहार्यता का आकलन करना और गलियारों की पहचान करने के लिए आंकड़ों पर आधारित दृष्टिकोण अपनाना महत्वपूर्ण है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हाथियों की आवाजाही पर आंकड़े कई पूर्वोत्तर राज्यों में सीमित है जहां हाथियों की आबादी अपेक्षाकृत कम है।

# बालिका से दुष्कर्म व हत्या का आरोपी गिरफ्तार



**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**बालिका** जुनैरा की दुष्कर्म करने के बाद हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसपी विकास ने पुलिस लाइन सभागार में इस घटना का खुलासा किया है । बताते है कि थाना कंपिल के ग्राम कटिया निवासी नुरुल हक की 4 वर्षीय पुत्री जुनैरा थी। वह सुबह 9 बजे खाना खाकर घर से बाहर निकली थी। दोपहर को जुनैरा को न देखे जाने पर मां शहाना बेगम आदि परिजनों उसे पूरे गांव में तलाश किया था। बेटी का कोई पता न चलने पर नूर उल हक ने सायं 5 बजे थाने जाकर बेटी की गुमशुदगी दर्ज करने के लिए तहरीर दी थी।

उसी समय नूरुल हक को बताया गया कि तुम्हारी बेटी का शव मिला है। परिजन घटनास्थल पर पहुंचे जुनैरा का शव देखकर चीख पुकार मच गई। नुरुल हक ने मीडिया को बताया की बेटी का शव गांव के बाहर मुस्तकीम के अरहर खेत में पड़ा था। बेटी के शव पर किसी भले व्यक्ति ने कपड़ा डाल दिया था डेढ़ बजे घटनास्थल के निकट बकरी चराने वाले युवक ने बेटी के शव को पढ़ा देखा था। चरवाहे ने गांव के रईस आलम एवं एक महिला को शव पड़े होने की जानकारी गांव वालों को देने के लिए कहा था। रईस आलम ने मिलने के बावजूद बेटी के बारे में जानकारी नहीं दी। नूर उल हक ने बताया कि मैं दुकान पर था पत्नी ने घटना की जानकारी दी तो मैने भाई को बेटी को खोजने के लिए घर भेज दिया था। बेटी के गायब होने का ऐलान भी किया गया नुरुल हक ने बताया की कुत्तों ने बेटी के शव को नोचा है। उन्होंने पड़ोसी मुर्गी फार्म मलिक इकरार हुसैन के बेटे शाहिद पर बेटी के साथ रेप करने व हत्या करने का आरोप लगाया था। नूर उल हक ने बताया कि मेरी बेटी शाहिद के भांजो के साथ उसके घर चली गई थी।

# जनप्रतिनिधियों ने भेंट की चौबीस बच्चियों को बेबी किट

**फतेहपुर।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जिला चिकित्सालय में जहानाबाद विधायक राजेन्द्र पटेल, खागा विधायक कृष्णा पासवान, बिंदकी विधायक जय कुमार सिंह जैकी, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, जिलाधिकारी श्रुति, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अशोक कुमार एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में कन्या जन्मोत्सव के अवसर पर केक काटकर मां के माध्यम से बेबी किट भेंट कर अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# उत्तर कोरिया ने रूस के युद्ध को पूरा समर्थन जताया

**एपी।** सियोल

**उत्तर** कोरिया के नेता किम जोंग उन ने बुधवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के समक्ष उनके सुरक्षा हितों की रक्षा के लिए युद्ध (यूक्रेन युद्ध के संदर्भ) में अपने देश की ओर से पूर्ण समर्थन देने का संकल्प जताया और कहा कि उनका देश साम्राज्यवाद विरोधी मोर्चे पर हमेशा मॉस्को के साथ खड़ा रहेगा।

किम ने रूस के साथ उत्तर कोरिया के संबंध को पहली प्राथमिकता बताया। रूस और उत्तर कोरिया के नेताओं ने एक सुदूरवर्ती साइबेरियाई रॉकेट प्रक्षेपण केंद्र में मुलाकात की।

पुतिन ने अपने शुरुआती संबोधन में रूस में किम का स्वागत किया और कहा कि अपने देश में किम को देखकर उन्हें खुशी हो रही है। पुतिन ने दोनों नेताओं के बीच बातचीत के एजेंडे में आर्थिक सहयोग, मानवीय मुद्दों ओर क्षेत्र में स्थिति को शामिल किया है। क्रेमलिन (रूस के राष्ट्रपति कार्यालय) के प्रेस सचिव दिमित्री पेसकोव ने कहा कि दोनों नेताओं ने सोयूज-2 अंतरिक्ष रॉकेट प्रक्षेपण केंद्र का दौरा कर वोस्तोचनी कॉस्मोड्रोम (एक प्रमुख रूसी अंतरिक्ष यान प्रक्षेपण केंद्र) में यह बैठक शुरू की।

इस दौरान उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने रॉकेट के बारे में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से सवाल पूछे। इसके बाद पुतिन और किम ने अपने अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात की और फिर अकेले में बात की। इस मुलाकात से कुछ देर पहले उत्तर कोरिया ने समुद्र की दिशा में दो बैलिस्टिक मिसाइल दागे।

दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने तुरंत यह नहीं बताया कि उत्तर कोरिया की मिसाइलें कितनी दूर तक पहुंचीं। जापान के तट रक्षक ने तोक्यो के रक्षा मंत्रालय के हवाले से बताया कि मिसाइल संभवत: पहले ही समुद्र में गिर चुकी हैं लेकिन फिर भी



उन्होंने जहाजों से गिरने वाली वस्तुओं पर नजर रखने का आग्रह किया है।

रूस के सरकारी मीडिया ने बताया कि किम उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग से अत्याधुनिक सुविधाओं और भारी हथियारों से लैस ट्रेन से लाई गई लिमोजीन कार के जरिए वोस्तोचनी कॉस्मोड्रोम पहुंचे।

पुतिन ने कॉस्मोड्रोम के प्रवेश द्वार पर किम का स्वागत किया। दोनों नेताओं ने हाथ मिलाया और पुतिन ने कहा कि उन्हें किम को देखकर बेहद खुशी हो रही है। किम के दुभाषिए ने गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए पुतिन का धन्यवाद किया और अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बावजूद किम को आमंत्रित करने के लिए पुतिन का आभार जताया। कॉस्मोड्रोम में मुलाकात का दोनों नेताओं का फैसला यह दर्शाता है कि किम अपने सैन्य टोही उपग्रह विकसित करने के प्रयासों में रूस से तकनीकी सहायता चाहते हैं, जिसे वह अपनी परमाणु मिसाइल क्षमता में इजाफा करने के लिए महत्वपूर्ण मानते हैं। हाल के महीनों में उत्तर कोरिया अपने पहले सैन्य जासूसी उपग्रह को कक्षा में पहुंचाने में कई बार नाकाम रहा है।

आधिकारिक तस्वीरों में किम के साथ उत्तर कोरिया की अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी समिति के अध्यक्ष पाक थेई सोंग और नौसेना के एडमिरल किम म्योंग सिक भी नजर आ रहे थे, जो जासूसी उपग्रहों और परमाणु-सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियों को हासिल करने के उत्तर कोरिया के प्रयासों से जुड़े हैं।

क्या रूस उत्तर कोरिया को उपग्रह बनाने में मदद करेगा, इस सवाल पर रूस के सरकारी मीडिया ने पुतिन के हवाले से कहा, इसलिए हम यहां आए हैं। डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (डीपीआरके) (उत्तर कोरिया) के नेता रॉकेट प्रौद्योगिकी में गहरी रुचि रखते हैं और वे इस क्षेत्र में अपना स्थान बनाने की कोशिश कर रहे हैं। सैन्य सहयोग के बारे में पूछे जाने पर पुतिन ने कहा, हम बिना किसी जल्दबाजी के सभी मुद्दों पर बात करेंगे। अभी इसमें समय है।

पुतिन के लिए किम के साथ यह बैठक गोला-बारूद के भंडार को फिर से भरने का एक अवसर है जो 18 महीने के युद्ध के कारण खत्म होता प्रतीत हो रहा है। किम के लिए यह संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों और वर्षों के राजनयिक अलगाव से बचने का एक मौका है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक समाचार एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने बुधवार को बताया कि किम ने कहा कि अपनी पिछली यात्रा के चार साल बाद रूस जाने का उनका निर्णय दिखाता है कि उनका देश मॉस्को के साथ अपने संबंधों के रणनीतिक महत्व को प्राथमिकता दे रहा है। केसीएनए ने कहा कि इसके बाद किम अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए, लेकिन यह नहीं बताया कि वह कहां जा रहे हैं।

# प्रतिनिधि सभा को बाइडन के खिलाफ महाभियोग जांच शुरू करने का निर्देश

**एपी।** वाशिंगटन

**अमेरिकी** प्रतिनिधि सभा के स्पीकर केविन मैक्कार्थी ने मंगलवार को घोषणा की कि उन्होंने सदन को निर्देश दिया है कि वह राष्ट्रपति जो बाइडन के परिवार से जुड़े व्यापारिक सौदों को लेकर उनके खिलाफ महाभियोग जांच शुरू करे।

मैक्कार्थी ने कहा कि प्रतिनिधिसभा की अब तक की जांच बाइडन परिवार के इर्दगिर्द केंद्रित भ्रष्टाचार की संस्कृति की तस्वीर पेश करती है , क्योंकि रिपब्लिकन पार्टी डेमोक्रेटिक नेता बाइडन के राष्ट्रपति पद संभालने से पहले से ही उनके बेटे हंटर के व्यापारिक सौदों की जांच कर रही है।

मैक्कार्थी ने कहा, ए सत्ता के दुरुपयोग, व्यवधान और भ्रष्टाचार से जुड़े आरोप हैं, जिनकी प्रतिनिधि सभा द्वारा गहन जांच किए जाने की जरूरत है।

कैलिफोर्निया का प्रतिनिधित्व करने वाले मैक्कार्थी ने सदन में कहा कि वह प्रतिनिधि सभा की निगरानी समिति को राष्ट्रपति बाइडन के खिलाफ औपचारिक महाभियोग जांच शुरू करने का निर्देश देने की घोषणा करते हैं।

वहीं, व्हाइट हाउस ने मैक्कार्थी के कदम की आलोचना करते हुए राष्ट्रपति चुनाव अभियान के बीच में की गई इस कार्वाई को सबसे निचले स्तर की राजनीति बताया।

व्हाइट हाउस के प्रवक्ता इयान सैम्स ने कहा, प्रतिनिधि सभा के रिपब्लिकन नेता नौ महीने से राष्ट्रपति के खिलाफ जांच कर रहे हैं और उन्हें गलत कृत्यों के संबंध में कोई सबूत नहीं मिला है।

व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने मैक्कार्थी के पिछले बयानों की तरफ इशारा किया, जिनमें उन्होंने जोर देकर कहा था कि एक स्पीकर एकतरफा महाभियोग जांच शुरू नहीं कर सकता है या ऐसी जांच की कोई कानूनी वैधता नहीं होगी।

# एयरबस ने भारतीय वायु सेना को सौंपा सी295 विमान

**भाषा।** सेविले (स्पेन)

**एयरबस** डिफेंस एंड स्पेस कंपनी ने बुधवार को पहला सी295 परिवहन विमान भारतीय वायु सेना (आईएएफ) को सौंपा।

भारतीय वायु सेना को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से सरकार ने एयरबस डिफेंस एंड स्पेस कंपनी के साथ दो साल पहले 21,935 करोड़ रुपए में 56 सी295 परिवहन विमानों को खरीदने का सौदा किया था। स्पेन के सेविले शहर में बुधवार को आयोजित एक कार्यक्रम में भारतीय वायु सेना प्रमुख वी.आर. चौधरी को एयरबस कंपनी के उत्पादन संयंत्र में यह विमान सौंपा गया। इस समझौते के तहत एयरबस 2025 तक सेविले में शहर में अपने उत्पादन संयंत्र से फ्लाई-अवे (उड़ान के लिए तैयार) स्थिति में 16 सी295 विमानों की आपूर्ति करेगा। इसके बाद दोनों कंपनियों के बीच हुए एक औद्योगिक साझेदारी के हिस्से के रूप में शेष 40 विमानों का निर्माण और संयोजन भारत में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड(टीएएसएल) द्वारा किया जाएगा। पिछले साल अक्टूबर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वडोदरा में 295 विमानों की विनिर्माण सुविधा की आधारशिला रखी थी। यह किसी निजी संघ द्वारा भारत में निर्मित किया जाने वाला पहला सैन्य विमान होगा।

भारतीय वायु सेना (आईएएफ) छह दशक पहले सेवा में आए पुराने एवरो-748 विमानों के अपने बेड़े को बदलने के लिए सी295 विमान खरीद रही है। सी295 को एक बेहतर विमान माना जाता है, जिसका उपयोग 71 सैनिकों या 50 पैराट्रूपर्स के सामरिक परिवहन के लिए किया जाता है। इसके अलावा इसका इस्तेमाल उन स्थानों पर सैन्य साजो-सामान और रसद पहुंचाने के लिए किया जाता है,



जहां मौजूदा भारी विमानों के जरिए नहीं पहुंचा जा सकता।

सी295 विमान पैराशूट के सहारे सैनिकों को उतारने और सामान गिराने के लिए काफी उपयोगी हो सकता है। इसका उपयोग किसी हादसे के पीड़ितों और बीमार लोगों को निकालने के लिए भी किया जा सकता है। यह विमान विशेष अभियानों के साथ-साथ आपदा की स्थिति और समुद्री तटीय क्षेत्रों में गश्ती कार्यों को पूरा करने में सक्षम है।

पिछले साल इस समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद एयरबस ने कहा कि सी295 कार्यक्रम के तहत कंपनी अपने औद्योगिक भागीदारों के सहयोग से विमान निर्माण और उनके रख-रखाव की विश्व स्तरीय सुविधाएं भारत में लाएगी। भारत के लिए निर्मित पहले सी295 विमान ने मई में सेविले में अपनी पहली उड़ान सफलतापूर्वक पूरी की थी। दूसरे विमान का निर्माण सेविले उत्पादन संयंत्र में अंतिम चरण में है और इसे अगले साल मई में भारतीय वायुसेना को सौंपा जाना तय है। भारतीय वायुसेना के छह पायलट और 20 तकनीशियन पहले ही सेविले सुविधा केंद्र में व्यापक प्रशिक्षण ले चुके हैं। वडोदरा में सी295 विमान के लिए निर्माण एवं उत्पादन संयंत्र अगले साल नवंबर में चालू होने वाला है। अधिकारियों ने कहा कि भारतीय वायु सेना सी295 विमानों की दुनिया की सबसे बड़ी संचालक होगी।

# वियतनाम की राजधानी में इमारत में आग लगने से 56 लोगों की मौत

**एपी।** हनोई

**वियतनाम** की राजधानी हनोई में नौ मंजिला इमारत में आग लगने से चार बच्चों सहित कम से कम 56 लोगों की मौत हो गई, जबकि 37 अन्य झुलस गए। सरकारी मीडिया ने पुलिस के हवाले से यह जानकारी दी।

सरकारी वियत नाम न्यूज ने बुधवार की शाम बताया कि जिन 56 लोगों की मौत हुई है, उनमें से पुलिस ने 39 पीड़ितों की पहचान कर ली है।

मृतकों की संख्या के बारे में प्रारंभिक रिपोर्ट स्पष्ट नहीं थी क्योंकि घायलों को शहर के विभिन्न अस्पतालों में ले जाया गया था।

पुलिस ने बताया कि आग मंगलवार मध्यरात्रि के आसपास लगी और सुबह इस पर काबू पा लिया गया। पुलिस ने इमारत के मालिक को हिरासत में ले लिया है। राष्ट्रीय टेलीविजन चैनल वीटीवी ने कहा कि मरने वालों में चार बच्चे भी शामिल हैं। यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो सका कि इमारत का कितना हिस्सा जल गया है। अपार्टमेंट में लगभग 150 लोग रहते थे और वहां से निकाले गए 70 में से 54 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं।

Application Forms are available for
Management Seats in
D.EL.Ed. & DPSE Course
for Session 2023-2025
At the Institute reception for eligible candidates as per SCERT norms from 13.09.2023 to 27.09.2023 from 9:00 am to 3:00 pm on working days and can be deposited upto 27th September' 2023 till 4:00 pm.
JAIN BHARTI INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION
E-Block, Sector-16, Rohini, Delhi-110085

सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरा पक्षकार विशाल आनंद मूल आवंटी और मालिक हैं,फ्लैट नंबर 73बी,प्रथम तल,पाकेट-6,चरण-1,द्वारका,नई दिल्ली।, विशाल आनंद के पक्ष में आवंटन पत्र सह मांग पत्र दिनांक 23.11.2009 खो गया है,और एफआईआर पहले से ही एलआर संख्या 862536/2023 के साथ निष्पादित है,तथा यह सूचित किया जाता है की उक्त विलेख के आधार पर किसी प्रकार की कोई भी इकरार, बिक्री, बंधक आदि, मान्या नही होगा.तथा अगर किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति मे किसी प्रकार का अधिकार या दावा करना चाहता है तो वह नीचे लिखे न. पर इस प्रकाशन के 08 दिन के अंदर संपर्क कर अपने अधिकार या आपत्ति का की जानकारी दे दे. तथा उक्त कॉगजो को वापस कर दे
एडरेम लिगल सल्यूशन
चेंबर न. ६६०, द्वारका कोर्ट, सेक्टर-१०,द्वारका, नई देहली- मो. न. ९८११०१३९१८

P.M.C. COLLEGE OF EDUCATION
(Affiliated to SCERT, New Delhi)
Pratap Vihar,Kirari Extn., Nangloi, Delhi -110086
Ph:7290037803, 7290037804
Email: pmc_coll@yahoo.com
Admissions available under Management Quota Seats in D.EL.Ed & DPSE
Based on merit basis. Eligibilty 12th Passed with 50%. Forms are available and submit in the college office from 13.09.2023 to 27.09.2023 at 10.00 am to 4.00 pm. (Chairman)

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given on behalf of the M/s Shivalik Apartment Residents Welfare Association, which has its Registered Office at Shivalik Tower, Kaushambi, Ghaziabad-201010 who had on 17-07-2023, issued Legal Notices for the recovery of dues to the defaulters of the Society, but the same have not been responded to or returned undelivered, and therefore, by this notice, all concerned defaulters are directed to settle or pay the overdue amount immediately. If the defaulters fail to pay or settle the amount within 14 days of the publication of this notice, the Shivalik Apartment Residents Welfare Association shall take legal action as per law against them. The list of defaulters of owners of fallowing properties in Shivalik Tower, Kaushambi, Ghaziabad 201010 is given below:
1. M/s. Chaudhary & Sons (1204),
2. Mr. Kamlesh Tyagi (301)
3. Mr. S K Shams (506)
4. MS. Sonia Daga (202)
5. Ms. Sunita Sharma (306)
6. Mr T K Sharma (404)
Sd/- For Shivalik Apartment Residents Welfare Association (REGD)

PUBLIC NOTICE
This is to inform the Public at large that Smt. Arti Krishnan D/o. Sh. Krishnan Veerappan is the 'Title Holder' in possession of ' DDA Built Up Free hold Property Bearing Flat No. 125, Second and Third Floor (Duplex), Block-B, Kalkaji Residential Scheme, Kalkaji New Delhi-110019' with Car Garage (hereinafter referred to as 'Said Property') vide Sale Deed duly registered as Regn. No. 19736, Book No. 1, Vol. No. 5701, pp. 59-67 on 23.12.2005 in the Office of the Sub Registrar–V, Mehrauli, New Delhi. That the original documents i.e. (i) Allotment Letter, (ii) 5th and Final Installment letter and (iii) Agreement to Sell dated 03.07.93, have been lost, misplaced and are untraceable as on date, in lieu of which Information Report dated 12.09.2023 bearing LR No. 874967/2023 has been filled with Delhi Police. This notice is thus issued to Public at large, i.e. any Person(s), Company(ies), Authority(ies), Society(ies), Organisation(s), Financial Institution(s), Bank(s), HUFs etc., having any knowledge, custody or possession of the above mentioned lost/ misplaced original documents or otherwise having any claims, rights, title, interests, possession etc. in the Said Property, by way of Ownership, Succession, Inheritance, Sale, Mortgage, Exchange, Charge, Lien, Gift, Trust, Encumbrance etc. or objection to the sale of the Said Property by the Title Holder, may come forward with supporting documents, to be delivered to the undersigned within 10 days from the date of this Publication, post expiration of which, any claim(s) or objection(s), if raised or received, shall be treated as null & void and as waived, and the Title Holder shall proceed to sell the Said Property, as is presently intended.
Parvesh Kumar (Advocate)
Office Address: 27, Basement, Shreshtha Vihar, Delhi-92
Chamber Address: 363, Saket Cantt, New Delhi
Cont. No : 9999228185

## माली में हिंसा में 10 सुरक्षाबलों की मौत

**बमाको (माली)।** उत्तरी माली में सशस्त्र विद्रोहियों के हमले में मंगलवार को कम से कम 10 सैनिक मारे गए। सुरक्षा बलों ने यह जानकारी दी। पूर्व विद्रोहियों के संगठन परमानेंट स्ट्रैटजिक फ्रेमवर्क फॉर पीस, सिक्योरिटी एंड डेवलप्मेंट ने गाओ क्षेत्र के बौरेम शहर में हुए इस हमले की जिम्मेदारी ली है और कहा कि उन्होंने शहर के कुछ हिस्सों पर कब्जा कर लिया है। यह घटनाक्रम 2015 के उस समझौते की विफलता को दर्शाता है, जिस पर पूर्व विद्रोहियों ने माली के अधिकारियों के साथ हस्ताक्षर किए थे। माली के सशस्त्र बलों के प्रवक्ता कर्नल सुलेमान डेम्बेले द्वारा जारी एक बयान के अनुसार सुरक्षा बलों ने बौरेम इलाके में आतंकवादियों के बड़े हमले को नाकाम कर दिया। उन्होंने कहा कि घटना में 13 सैनिक घायल हुए, जबकि 46 हमलावर मारे गए। मंगलवार को जारी एक बयान में हमले की जिम्मेदारी लेते हुए पूर्व विद्रोहियों ने यह भी कहा कि उन्होंने बौरेम में कई स्थानों पर कब्जा कर लिया है।


# इमरान की न्यायिक हिरासत 26 तक बढ़ी

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** की एक विशेष अदालत ने बुधवार को सरकारी गोपनीय दस्तावेज लीक मामले में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की न्यायिक हिरासत 26 सितंबर तक बढ़ा दी। आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम, 1923 से संबंधित मामलों की सुनवाई के लिए नवगठित विशेष अदालत के न्यायाधीश अबुल हसनत जुल्करनैन ने अटक जेल के अंदर गोपनीय दस्तावेज लीक मामले की सुनवाई की, जहां पूर्व प्रधानमंत्री वर्तमान में बंद हैं।

पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को भी उनकी 14 दिन की न्यायिक हिरासत की अवधि पूरी होने के बाद बुधवार को अदालत में पेश किया गया।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के 70 वर्षीय अध्यक्ष तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में



दोषी ठहराए जाने के बाद पांच अगस्त से जेल में हैं। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) ने 29 अगस्त को उनकी सजा निलंबित कर दी थी, लेकिन गोपनीय दस्तावेज मामले में वह अब भी अटक जेल में हैं। मामले में विशेष अदालत ने उनकी रिमांड 13 सितंबर तक बढ़ा दी है। क्रिकेटर से नेता बने खान पर वाशिंगटन में पाकिस्तान के दूतावास से गोपनीय राजनयिक सूचना के लीक होने के संबंध में आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के उल्लंघन का आरोप है। मामले की सुनवाई कर रही विशेष अदालत ने खान की रिमांड 26 सितंबर तक बढ़ा दी।

खान की पार्टी ने व्हाट्सएप पर एक संक्षिप्त संदेश में कहा, पीटीआई अध्यक्ष इमरान खान की न्यायिक हिरासत 26 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। अदालत ने कुरैशी की न्यायिक हिरासत भी 26 सितंबर तक बढ़ा दी। इससे पहले कानून मंत्रालय ने मंगलवार को एक अधिसूचना जारी की जिसमें जेल में मुकदमा चलाने पर कोई आपत्ति नहीं जताई गई। इसमें कहा गया कि विशेष अदालत के न्यायाधीश अबुल ने अनुरोध किया कि कार्यवाही सुरक्षा कारणों से अटक जेल में की जाए। सुनवाई 14 दिन की न्यायिक रिमांड के अंत में हो रही है जिसका आदेश अदालत ने उसी जेल में हुई पिछली सुनवाई पर दिया था।

## यूक्रेन के हमले के बाद क्रीमिया में प्रमुख पोत कारखाने में आग लगी

**मॉस्को।** रूस के कब्जे वाले क्रीमिया में बुधवार को यूक्रेन के हमले के बाद एक अहम पोत कारखाने सेवास्तोपोल में आग लग गई, जिससे 24 लोग घायल हो गए। रूस की ओर से नियुक्त एक स्थानीय अधिकारी ने यह जानकारी दी।

क्रीमिया प्रायद्वीप में बंदरगाह शहर सेवास्तोपोल के गवर्नर मिखाइल रज़्वोझाएव ने बुधवार को टेलीग्राम पर कहा कि पोत कारखाने में मिसाइल हमले के बाद आग लगी।

अधिकारी ने एक तस्वीर साझा की, जिसमें कारखाने से धुआं उठता दिखाई दे रहा है। सेवास्तोपोल पोत कारखाना रूस के लिए रणनीतिक रूप से महत्व रखता है, क्योंकि काला सागर के लिए उसके बेड़े के जहाजों की मरम्मत वहीं होती है।

ICICI Home Finance
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, अंधेरी – कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई–400059, भारत
शाखा कार्यालय : द्वितीय तल, एससीओ–319, सेक्टर–29, गुरूग्राम, हरियाणा–122001
[नियम 8 (6) का परंतुक देखें]
अचल आस्तियों की बिक्री हेतु सूचना
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, "जैसी है जहां है", जैसी है जो भी है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी :

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/सह–कर्जदारों/गारंटरों/कानूनी वारिसों का नाम ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि | सुरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | अवदेश कुमार (कर्जदार), मोनिका शर्मा (सह–कर्जदार) ऋण खाता सं. एलएचजीयूआई00001325125 | आवासीय अपार्टमेंट नंबर जी–1001, 10वां तल, टावर जी, रहेजा अथर्व एवं शिल्लास, सेक्टर–109, ग्राम पावला खुसरूपुर, तहसील कादीपुर, जिला गुरूग्राम | रू. 83,15,183/– 11–09–2023 | रू. 68,89,949/– / रू. 6,89,000/– | 18–09–2023 को पूर्वा. 11. 00 बजे से अप. 03.00 बजे तक | 29–09–2023 को अप. 2.00 बजे से अप. 3. 00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ग्लोब टेक की वेबसाइट (यूआरएल लिंक – https://BestAuctionDeal.com) पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती को 28–09–2023 के अप. 5.00 बजे से पूर्व कुल बकाया उस पर आगे ब्याज सहित चुकाने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को धरोहर राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कालम ई देखें) आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, द्वितीय तल, एससीओ–319, सेक्टर–29, गुरूग्राम, हरियाणा–122001 में 28–09–2023 को अथवा पूर्व अप. 04.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को पंजीकरण प्रपत्र एवं बोली के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, द्वितीय तल, एससीओ–319, सेक्टर–29, गुरूग्राम, हरियाणा–122001 में 28–09–2023 को अथवा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। धरोहर राशि जमा हेतु डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड–नीलामी" के पक्ष में गुरूग्राम में देय होना चाहिए।
निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड से 7021072869 पर अथवा हमारे सेल्स एवं मार्केटिंग पार्टनर नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड से सम्पर्क करें।
प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।
बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया देखें : https://www.icicihfc.com/
तिथि : 14–09–2023
स्थान : गुरूग्राम
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

## आईफोन 12 से बहुत अधिक विकिरण होता है, इसे बाजार से वापस लिया जाए: फ्रांसीसी एजेंसी

**एपी।** पेरिस



**फ्रांस** की एक सरकारी निगरानी एजेंसी ने यह कहते हुए एप्पल को फ्रांसीसी बाजार से आईफोन 12 को वापस लेने का आदेश दिया है कि इसके विद्युत-चुंबकीय विकिरण का स्तर बहुत अधिक है।

नेशनल फ्रीक्वेंसी एजेंसी ने मंगलवार को एक बयान में एप्पल से पहले से उपयोग में लाए जा रहे फोन के वास्ते इस गड़बड़ी को शीघ्र दूर करने के लिए सभी उपलब्ध उपाय करने को कहा। यह एजेंसी लोगों पर रेडियो-इलेक्ट्रिक फ्रीक्वेंसी तथा विद्युत-चुंबकीय विकिरण के प्रभाव की निगरानी करती है।

एजेंसी ने एक बयान में कहा कि आईफोन 12 के संबंध में सुधार के जो भी कदम उठाए जाएंगे, उनकी वह निगरानी करेगी और यदि ए कारगर नहीं पाए जाएंगे तो पहले ही बेचे जा चुके फोन एप्पल को वापस लेने होंगे।

लेकिन एप्पल ने भिन्न राय प्रकट करते हुए कहा कि उसका उपकरण विकिरण से संबंधित सभी विनियमों के पैमाने पर खरा उतरता है।

एजेंसी ने कहा कि उसने हाल में आईफोन 12 समेत 141 मोबाइल फोन की विद्युत-चुंबकीय तरंगों को लेकर जांच की थी। इसने कहा कि जांच में पाया गया कि हाथ में या जेब में रखे होने की स्थिति में फोन के परीक्षण के दौरान विद्युत-चुंबकीय ऊर्जा अवशोषण 5.74 वाट प्रति किलोग्राम था जो यूरोपीय संघ के चार वाट प्रति किलोग्राम के मानक से अधिक है। इसने कहा कि आईफोन 12 में भी विकिरण अधिक पाया गया। वहीं, अमेरिकी कंपनी एप्पल ने कहा कि उसके आईफोन 12 को कई अंतरराष्ट्रीय निकायों से प्रमाणित किया गया है तथा यह दुनियाभर में विकिरण के मान्य विनियमों और मापदंडों पर खरा उतरता है। इसने कहा कि उसने कंपनी और तृतीय पक्ष की प्रयोगशालाओं द्वारा किए गए विभिन्न परीक्षणों के परिणाम फ्रांसीसी कंपनी को सौंपे हैं।

# पूर्वी लीबिया में बाढ़ से कम से कम 30 हजार लोग विस्थापित हुए: संयुक्त राष्ट्र

**एपी।** डर्ना

**लीबिया** के एक शहर में बाढ़ से मची तबाही के बाद बचावकर्मियों को मलबे से बुधवार तक दो हजार से अधिक शव मिले हैं और कम से कम 30 हजार लोग विस्थापित हुए हैं।

भूमध्यसागर से उठे तूफान डेनियल के कारण रविवार रात हुई बारिश से अचानक आई बाढ़ ने पूर्वी लीबिया के कई शहरों में भारी तबाही मचाई है, लेकिन डर्ना शहर में सबसे अधिक नुकसान हुआ। डर्ना में भारी बारिश और बाढ़ की वजह से बांध टूट गए, जिनका पानी आसपास के इलाकों में घुस गया। संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी ने बताया कि बाढ़ के कारण तटीय शहर डर्ना में बुनियादी ढांचे को काफी नुकसान हुआ और कम से कम 30,000 लोग विस्थापित हुए। अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन ने बताया कि बाढ़ के कारण डर्ना शहर में बुनियादी ढांचे को काफी नुकसान हुआ है। उसने बताया कि प्रभावित क्षेत्र में पहुंचना मानवीय सहायताकर्मियों के लिए काफी कठिन काम है। पूर्वी लीबिया के स्वास्थ्य मंत्री उस्मान अब्दुल जलील ने कहा कि बुधवार सुबह तक दो हजार से अधिक शव मिले हैं और उनमें से आधे से अधिक शवों को डर्ना में सामूहिक कब्रों में दफनाया गया। उन्होंने बताया कि बचाव दलों ने कुछ शव समुद्र से बरामद किए। संयुक्त राष्ट्र की प्रवासन एजेंसी के अनुसार डर्ना में बाढ़ के कारण कई सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं या नष्ट हो गईं।

इसके अनुसार शहर के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों को जोड़ने वाले डर्ना नदी पर बने पुल भी ढह गए हैं।

लीबिया में रेड क्रॉस अंतरराष्ट्रीय कमेटी के प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख यान फ्राइडेज ने फ्रांस24 को बताया कि डर्ना शहर में बाढ़ से जबरदस्त तबाही मची है। उन्होंने बताया कि सैनिकों, सरकारी कर्मचारियों, स्वयंसेवियों और निवासियों सहित स्थानीय आपात सेवाओं से जुड़े लोग बचाव अभियान में शामिल हैं।

लीबिया के पड़ोसी देशों मिस्र, अल्जीरिया और ट्यूनीशिया, साथ ही तुर्किए और संयुक्त अरब अमीरात ने बचाव दल और मानवीय सहायता भेजी हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि अमेरिका राहत संगठनों को आपात वित्तीय सहायता भेज रहा है और अतिरिक्त मदद प्रदान करने के लिए लीबिया के अधिकारियों और संयुक्त राष्ट्र के साथ समन्वय कर रहा है। सरकारी समाचार एजेंसी के अनुसार, पूर्वी लीबिया के आंतरिक मंत्रालय के प्रवक्ता मोहम्मद अबू-लामोशा ने मंगलवार को डर्ना में मरने वालों की संख्या 5,300 से अधिक बताई थी।

## डर्ना शहर में बाढ़ से मरने वालों की संख्या लगभग 5,200 हुई

**डर्ना (लीबिया)।** पूर्वी लीबिया के डर्ना शहर में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 5,202 हो गई है। एक स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारी ने यह जानकारी दी। पूर्वी लीबिया में एम्बुलेंस एवं आपात केंद्र के प्रवक्ता ओसामा अली ने कहा कि पूरे क्षेत्र में मरने वालों की संख्या कम से कम 5,202 हो गई है। अली ने बुधवार को एसोसिएटेड प्रेस को फोन पर बताया कि डर्ना में 7,000 से अधिक लोग घायल हुए और इनमें से ज्यादातर लोगों का इलाज सहायता एजेंसियों द्वारा वहां स्थापित अस्पतालों में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तटीय डर्ना शहर में मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है क्योंकि बचाव एवं राहत दल को अब भी सड़कों, इमारतों और समुद्र से शव मिल रहे हैं।

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नं. 23, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005
सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा–सह–ई–नीलामी
[नियम 8(6) का परंतुक देखें]
अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना
अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई–नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।
सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :–

| क्र. सं. | कर्ज़दार (रों)/ सह–कर्ज़दारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्तियों निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई–नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | मेकशॉट इंजीनियर्स– मनोज कुमार, रिया रानी, रजनीश सिंह, अवंतिका कुशवाहा, खाता संख्या– 629405042934 | वाणिज्यिक स्थान नं. 405 ए चौथी मंज़िल, वाणिज्यिक परिसर जिसे ऑर्बिट प्लाजा के नाम से जाना जाता है, प्लॉट नंबर सी–2 क्रॉसिंग्स रिपब्लिक डूंडाहेड़ा, एनएच–24, गाजियाबाद, सुपर एरिया 487 वर्ग फुट। | रु. 33,42,191/- (सितंबर 02, 2023 तक) | रु. 24,30,000/- / रु. 2,43,000/- | सितंबर 26, 2023 को सु. 10:30 बजे से दोप. 12:30 बजे तक | अक्टूबर 11, 2023 को सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई–नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **अक्टूबर 10, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/ इन संरक्षित संपत्ति/यों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नं. 23, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005** में **अक्टूबर 10, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज, **अक्टूबर 10, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नं. 23, शाल टॉवर, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **अक्टूबर 10, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **दिल्ली** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।
संपत्ति अवलोकन, ई–नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9372730494/8584874809** पर संपर्क करें।
कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड व 3. हेक्टा प्रॉपटेक प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है।
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।
तिथि : सितंबर 14, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 14 सितम्बर 2023



# ई-अदालत परियोजना के तीसरे चरण को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्रीय क्षेत्र की योजना के तहत ई-अदालत परियोजना के तीसरे चरण को बुधवार को अपनी मंजूरी प्रदान की। परियोजना के इस चरण पर करीब चार वर्षों में 7,210 करोड़ रुपए की लागत आएगी। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। उन्होंने कहा कि ई-अदालत मिशन प्रारूप परियोजना प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की दृष्टि के अनुरूप प्रौद्योगिकी का उपयोग कर न्याय को सुगम एवं सुलभ बनाने की एक पहल है। ठाकुर ने बताया कि ई-अदालत का उद्देश्य ऑनलाइन और कागजरहित अदालतों की स्थापना करना है, ताकि न्यायिक व्यवस्था को सुलभ व पारदर्शी बनाया जा सके। इसके तहत अदालत परिसरों में 4400 ई-सेवा केंद्रों की स्थापना की जाएगी।



सरकारी बयान के अनुसार, इसके प्रथम चरण और द्वितीय चरण के लाभों को अगले स्तर पर ले जाते हुए, ई-कोर्ट चरण-3 का उद्देश्य विरासत रिकॉर्ड सहित पूरे न्यायालय रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण के माध्यम से डिजिटल, ऑनलाइन और पेपरलेस कोर्ट की दिशा में आगे बढ़ते हुए न्याय की अधिक से अधिक आसान व्यवस्था शुरू करना है। इसमें कहा गया है कि अदालती प्रक्रियाओं में उभरती प्रौद्योगिकियों का उपयोग उन्हें अधिक कुशल और प्रभावी बना देगा, जिससे लंबित मामलों को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

## उज्ज्वला योजना में 75 लाख नए गैस कनेक्शन देने के लिए 1,650 करोड़ रुपए स्वीकृत

**नई दिल्ली।** सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत तीन साल में महिलाओं को 75 लाख नए एलपीजी कनेक्शन देने के लिए सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों को 1,650 करोड़ रुपए जारी करने की बुधवार को मंजूरी दे दी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए इस फैसले की जानकारी दी। ठाकुर ने कहा कि मंत्रिमंडल ने उज्ज्वला योजना के तहत वित्त वर्ष 2025-26 तक तीन वर्षों में 75 लाख नए रसोई गैस कनेक्शन देने पर सहमति जताई। इसके साथ ही इस योजना के तहत लाभान्वित होने वाली कुल महिलाओं की संख्या बढ़कर 10.35 करोड़ हो जाएगी। इसपर कुल 1,650 करोड़ रुपए का खर्च आएगा जिसका बोझ केंद्र सरकार उठाएगी। यह राशि सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों को जारी की जाएगी।

सरकार उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को पहले से ही 14.2 किलो के गैस सिलेंडर पर 200 रुपए की सब्सिडी दे रही है। उन्हें यह लाभ सालभर में अधिकतम 12 बार मिलेगा। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरुआत मई, 2016 में प्रधानमंत्री मोदी ने की थी। इस योजना के तहत गरीबी रेखा के नीचे के परिवारों की महिलाओं को मुफ्त में गैस कनेक्शन दिए जाते हैं। लाभार्थियों को पहली बार गैस सिलेंडर और एक गैस चूल्हा मुफ्त में दिया जाता है। मंत्रिमंडल के इस निर्णय के बारे में जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, कुछ पात्र परिवारों के पास अब भी एलपीजी कनेक्शन नहीं हैं। अगस्त के अंत तक 15 लाख नए उज्ज्वला गैस कनेक्शनों की मांग आ चुकी थी। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने इस योजना के तहत नए गैस कनेक्शन जारी करने का फैसला किया है। हालांकि, एक रसोई गैस सिलेंडर की दिल्ली में इस समय कीमत 903 रुपए है लेकिन उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को यह 703 रुपए में ही मिल जाता है। इसकी वजह यह है कि उन्हें सरकार से प्रति सिलेंडर 200 रुपए की सब्सिडी मिलती है। उज्ज्वला योजना शुरू होने के बाद से देशभर में एलपीजी सिलेंडर का प्रसार 62 प्रतिशत से बढ़कर अब स्थिरता के स्तर पर पहुंच चुका है।

# राहुल गांधी अप्रासंगिक नेताः कविता

**भाषा।** हैदराबाद

**भारत राष्ट्र समिति की नेता ने कहा, राष्ट्रीय स्तर पर बीआरएस कांग्रेस की विकल्प**

**कांग्रेस कार्यकारी** समिति की यहां होने वाली बैठक से पहले भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता तथा विधान परिषद की सदस्य के कविता ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्हें अप्रासंगिक नेता करार दिया जिनका तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर से कोई मुकाबला नहीं है। बीआरएस पार्टी की जगतियाल में बैठक के दौरान कविता ने कहा जब बात रोजगार के अवसर प्रदान करने, प्रति व्यक्ति आय, सांप्रदायिक सद्भाव, कृषि उत्पादन, महिला विकास और निवेश आकर्षित करने की हो तो तेलंगाना की गिनती भारत के अव्वल राज्य में होती है।उन्होंने कहा, हाल में यहां खरगे जी (कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे) आए थे और उन्होंने कहा था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आती है (तेलंगाना) तो वे पोडु भूमि के लिए पट्टे जारी करेंगे। हमने पहले ही ऐसा कर दिया है।क्या वे अद्यतन जानकारी नहीं रखते। मैं कांग्रेस नेताओं से कहती हूं कि आपके राहुल गांधी अप्रासंगिक नेता हैं। वह केसीआर की गति का मुकाबला नहीं कर सकते। कविता ने दावा किया कि चूंकि राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रभावशाली तरीके से मुकाबला नहीं कर सकते इसलिए राष्ट्रीय स्तर पर बीआरएस कांग्रेस का विकल्प बन गई है।

कविता ने कहा कि वह 16 और 17 सितंबर को होने वाली सीडब्ल्यूसी की बैठक के लिए यहां आ रहे गांधी परिवार से पूछना चाहती हैं कि क्या जो वादे वे तेलंगाना में कर रहे हैं उन्हें कांग्रेस शासित राज्यों में क्रियान्वित किया गया है। कविता ने कहा, मैं सोनिया गांधी मैडम और राहुल गांधी जी से पूछ रही हूं। मुझे जवाब दीजिए। महिला आरक्षण बिल कहां है... आप पहले इसका जवाब दीजिए फिर तेलंगाना आइए। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में जो विकास हो रहा है वह मुख्यमंत्री के प्रयासों का नतीजा है।कविता ने कहा, केसीआर का अर्थ दयालु (काइंडहार्ट), प्रतिबद्ध (कमिटड) तथा जिम्मेदार (रिसपांसिबल) नेता है। केसीआर जैसे नेता बेहद कम हैं। कविता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपनी एससी, एसटी घोषणा में बीआरएस सरकार द्वारा पहले से ही लागू की जा रही योजनाओं के तहत लाभार्थी राशि में बढ़ोतरी की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जहां बीआरएस सरकार की दलित बंधु योजना के तहत 10 लाख रुपए दिए जा रहे हैं, वहीं कांग्रेस ने तेलंगाना में एससी, एसटी घोषणा में 12 लाख रुपए देने का वादा किया है। उन्होंने दावा किया कि यह बिना किसी रचनात्मकता या प्रतिबद्धता ज्यों का त्यों किया गया काम है।

# कारों में छह एयरबैग के नियम को अनिवार्य नहीं करेगी सरकारः गडकरी

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि सरकार यात्री कारों में छह एयरबैग अनिवार्य नहीं करेगी। सरकार ने पिछले साल यात्री वाहनों में छह एयरबैग अक्टूबर, 2023 से अनिवार्य करने का प्रस्ताव रखा था। यह सुरक्षात्मक कदम सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों का आंकड़ा कम करने के लिए उठाया गया था। हालांकि, वाहन कंपनियां इसके अनुपालन को अनिवार्य किए जाने के पक्ष में नहीं थीं। उनका कहना था कि छह एयरबैग को अनिवार्य करने से खासकर छोटी कारों की लागत बढ़ जाएगी।

गडकरी ने यहां एक कार्यक्रम में शिरकत करते हुए एयरबैग पर सरकार का रुख साफ करते हुए कहा, हम कारों के लिए छह एयरबैग का नियम अनिवार्य नहीं बनाना चाहते हैं। एयरबैग किसी दुर्घटना की स्थिति में यात्री को वाहन के ठोस हिस्सों से सीधी टक्कर से बचाने में अहम भूमिका निभाता है। हादसे की स्थिति में यह गुब्बारे की तरह खुलकर यात्री को सीधी टक्कर से रोकता है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने पिछले साल एक बयान में कहा था कि मोटर वाहनों को यात्रियों के लिए अधिक सुरक्षित बनाने को सुरक्षा खासियतों को बढ़ाने का फैसला किया गया है। इसके लिए केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 में संशोधन भी किए गए। कारों की अगली दोनों सीट के लिए एयरबैग को एक अप्रैल, 2021 से ही अनिवार्य किया जा चुका है।

# राजनीति में भी महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ना चाहिएः राष्ट्रपति

**भाषा।** गांधीनगर

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कागज रहित कामकाज को बढ़ावा देने के लिए गुजरात विधानसभा की राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन (एनईवीए) परियोजना का उद्घाटन किया और कहा कि जब महिलाएं हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं तब राजनीति में भी उनका प्रतिनिधित्व बढ़ना चाहिए। राष्ट्रपति ने बुधवार को शुरू हुए गुजरात विधानसभा के चार दिवसीय मानसून सत्र के दौरान विधायकों को भी संबोधित किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, जब महिलाएं हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं, चाहे वह विज्ञान और प्रौद्योगिकी हो, रक्षा या खेल हो, तो राजनीति में भी उनका प्रतिनिधित्व बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश भर के शैक्षणिक संस्थानों के दौरे के समय उन्होंने लड़कियों में जीवन में आगे बढ़ने और देश और समाज के लिए कुछ करने की आकांक्षा देखी और महिलाओं को उचित अवसर मिले तो वे पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकती हैं।



मुर्मू ने कहा कि देश के समग्र विकास के लिए आधी आबादी की भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण है। जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन के गठन का जिक्र करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा आत्मनिर्भरता के लिए अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन के बाद यह भारत के नेतृत्व में उठाया गया एक और महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यह गुजरात जैसे राज्य के लिए एक अच्छा अवसर है, जो ऊर्जा के नवीन और गैर-पारंपरिक स्रोतों को बढ़ावा देता है।

मुर्मू ने कहा कि प्रौद्योगिकी लोगों के जीवन को आसान बनाने का एक महत्वपूर्ण साधन है और ई-विधान विधायकों को लोगों से जुड़े रहने में और मदद करेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि विधायक संसदीय मर्यादा और गरिमा को बरकरार रखते हुए इस सदन में जन कल्याण की चर्चा के नए मानक स्थापित करेंगे। राष्ट्रपति ने उम्मीद जताई कि विधायकों के प्रयास न केवल गुजरात को और अधिक समृद्ध राज्य बनाने में बल्कि वर्ष 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने में भी महत्वपूर्ण होंगे।

मुर्मू ने कहा कि आज ई विधानसभा का उद्घाटन एक महत्वपूर्ण कदम है तथा राष्ट्रीय ई विधान एप्लीकेशन के जरिए यह विधान सभा एक डिजिटल सदन में बदल जाएगी। उन्होंने कहा कि इस एप्लीकेशन के जरिए इस सदन के सदस्य, देश की संसद और अन्य विधान सभाओं और विधान परिषदों के सर्वश्रेष्ठ चलन को देख सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा, मुझे विश्वास है कि एक राष्ट्र, एक एप्लीकेशन के लक्ष्य से प्रेरित यह कदम गुजरात विधान सभा के काम-काज में और अधिक गति एवं पारदर्शिता लाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य की आर्थिक उन्नति में उसके मानव संसाधन की अहम भूमिका होती है। मुर्मू ने कहा कि मानव संसाधन के विकास के लिए जनता को अच्छी स्वास्थ्य व्यवस्था, गुणवत्ता-पूर्ण शिक्षा, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि गुजरात सरकार ने इन विषयों पर भरपूर ध्यान दिया है।

# राजस्थान के कोटा में एक और छात्रा ने आत्महत्या की

**कोटा (राजस्थान)।** राजस्थान के कोटा में राष्ट्रीय प्रवेश सह पात्रता परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रही झारखंड की एक छात्रा ने अपने छात्रावास के कमरे में कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने मृतक छात्रा की पहचान ऋचा सिन्हा (16) के रूप में की है और वह झारखंड के रांची की रहने वाली थी। पुलिस ने बताया कि छह महीने से भी कम समय पहले कोटा आई छात्रा नीट की तैयारी कर रही थी और मंगलवार देर रात अपने छात्रावास के कमरे में फांसी के फंदे से लटकी हुई पाई गई। इस साल कोटा में किसी विद्यार्थी की आत्महत्या का यह 23वां मामला है। पिछले साल यह संख्या 15 थी। विज्ञान नगर पुलिस थाने के सहायक उप-निरीक्षक अमर चंद ने बताया कि पुलिस को एक निजी अस्पताल से मंगलवार रात लगभग 10.30 बजे छात्रा की मौत की खबर मिली।

चंद ने कहा कि छात्रा के कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है और पुलिस आत्महत्या के कारण की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए एमबीएस अस्पताल भेज दिया गया है। छात्रावास वार्डन अर्चना राजावत ने कहा कि छात्रा ने कल रात अस्वस्थ होने की शिकायत की और उसे दवाएं दी गईं। उन्होंने कहा, इससे पहले उसमें तनाव के कोई लक्षण नहीं थे। वह अपने दोस्तों के साथ अच्छी तरह घुलमिल जाती थी, समय पर खाना खाती थी। इंजीनियरिंग के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) और मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए नीट जैसी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सालाना 2.5 लाख से अधिक छात्र कोटा आते हैं। छात्रावास मालिकों ने कहा कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कई कदम उठाए गए हैं।

## सीबीआई ने गिरफ्तार रेलवे अधिकारी के परिसर से 2.61 करोड़ रुपए जब्त किए

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी के परिसर से 2.61 करोड़ रुपए नकद बरामद किए हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर के प्रधान मुख्य सामग्री अधिकारी के.सी. जोशी को मंगलवार शाम को एक ठेकेदार से कथित तौर पर तीन लाख रुपए रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया। ठेकेदार ने सीबीआई से संपर्क कर शिकायत की थी कि उसकी कंपनी पूर्वोत्तर रेलवे (एनईआर) को उत्पाद और सेवाएं प्रदान करती है और उसे अनुबंध के आधार पर तीन ट्रकों की आपूर्ति का ठेका मिला था, जिसके लिए उसे प्रति ट्रक प्रति माह 80,000 रुपए मिलने थे। अधिकारियों के मुताबिक, उसने (ठेकेदार ने) आरोप लगाया कि जोशी सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) वेबसाइट से उनकी फर्म का पंजीकरण रद्द करने और उनका अनुबंध खत्म करने की धमकी देकर सात लाख रुपए की रिश्वत मांग रहे थे।

## श्रीलंका राष्ट्रपति ने ममता से पूछा, क्या वह विपक्षी गठबंधन इंडिया का नेतृत्व करेंगी

**कोलकाता।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने बुधवार को दुबई में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुस्कुराते हुए पूछा कि क्या वह विपक्षी दलों के गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) का नेतृत्व करने जा रही हैं। दुबई हवाई अड्डे पर विक्रमसिंघे से मुलाकात करने वाली बनर्जी भी इस सवाल से हैरान थीं। उन्होंने जवाब दिया, यदि लोग हमारा समर्थन करते हैं, तो हम कल इस स्थिति (सत्ता) में हो सकते हैं। मुख्यमंत्री दुबई और स्पेन की 12 दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में एकजुट होकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का मुकाबला करने के लिए 24 से अधिक विपक्षी दलों ने इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस का गठन किया है।

बनर्जी ने कहा कि विक्रमसिंघे ने उन्हें हवाई अड्डे के लाउंज में देखकर कुछ विषय पर चर्चा के लिए बुलाया।

बनर्जी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने मुझे दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लाउंज में देखा और कुछ चर्चा के लिए बुलाया। मैं उनके अभिवादन से अभिभूत हूं और उन्हें कोलकाता में बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट 2023 (बीजीबीएस) में आमंत्रित किया है। बनर्जी ने कहा कि विक्रमसिंघे ने उन्हें श्रीलंका का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया है। बनर्जी मंगलवार शाम को दुबई पहुंचीं और आज सुबह विमान से स्पेन जाने के लिए वहां हवाई अड्डे पर थीं। इस वर्ष का बीजीबीएस 21-22 नवंबर को निर्धारित है। बनर्जी मंगलवार सुबह दुबई और स्पेन के दौरे पर रवाना हुईं, इस दौरान वह राज्य में निवेश आकर्षित करने के लिए बिजनेस शिखर सम्मेलन में भाग लेंगी।

## असम में 1.56 लाख से ज्यादा अवैध विदेशियों का पता लगाया गया, 30 हजार को वापस भेजा गया : मंत्री

**गुवाहाटी।** असम के मंत्री अतुल बोरा ने बुधवार को राज्य विधानसभा को बताया कि 1985 के असम समझौते के प्रावधानों के अनुसार राज्य में 1.56 लाख से अधिक अवैध विदेशियों का पता लगाया गया है, जबकि उनमें से 30,000 से अधिक को अब तक वापस भेजा जा चुका है। समझौते के विभिन्न खंड कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं और इस पर सरकार को सलाह देने के लिए एक उप-समिति बनाई गई है। असम गण परिषद (एजीपी) के विधायक रामेंद्र नारायण कालिता के एक सवाल का जवाब देते हुए बोरा ने कहा कि समझौता नियमों के अनुसार, 31 जुलाई, 2023 तक राज्य में1,56,651 अवैध विदेशियों की पहचान की गई है। छह साल लंबे आंदोलन के बाद अगस्त 1985 में असम समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। इसमें यह भी कहा गया है कि 25 मार्च, 1971 को या उसके बाद असम आने वाले विदेशियों के नाम का पता लगाया जाएगा।

# भरतपुर में बस हादसे में 12 यात्रियों की मौत, 11 घायल

**भाषा।** जयपुर/दिल्ली

**राजस्थान** के भरतपुर जिले में बुधवार तड़के हुए एक बस हादसे में इसमें सवार 12 यात्रियों की मौत हो गई जबकि 11 अन्य घायल हुए। पुलिस ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हादसे पर शोक जताया है। प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। भरतपुर जिले के लखनपुर थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के यह हादसा उस समय हुआ जब एक ट्रक ने एक बस को पीछे से टक्कर मार दी। बस में सवार गुजरात के 12 यात्रियों की मौत हो गई जबकि 11 अन्य घायल हो गए। लखनपुर के थानाधिकारी रामावतार ने बताया कि बस गुजरात के यात्रियों को उत्तर प्रदेश के मथुरा ले जा रही थी, तभी वह तड़के करीब साढ़े चार बजे राजस्थान के भरतपुर के लखनपुर थाना क्षेत्र के हंतरा पुलिया पर हादसे का शिकार हो गई।

उन्होंने बताया कि बस फ्लाईओवर पर रुकी थी, तभी तेज गति के एक 10 चक्का ट्रक ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि हादसे में बस में सवार पांच पुरुष और छह महिला यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड दिया, जिसके बाद हादसे में मरने वालों की संख्या 12 हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 11 घायलों में से चार गंभीर घायलों को जयपुर भेजा गया है, वहीं एक घायल को परिजन सैनिक अस्पताल ले गए। वहीं एक अन्य घायल को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है।

पुलिस नियंत्रण कक्ष के अनुसार, मृतकों की पहचान अंतू, नंदराम, लल्लू, भरत, लालजी, उसकी पत्नी मधुबेन, अंबाबेन, कंबुबेन, रामूबेन, अंजूबेन और अरविंद नामक यात्री की पत्नी मधुबेन के रूप में हुई है। अस्पताल में उपचाराधीन कल्लू बेन (60) की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सभी मृतक गुजरात के भावनगर जिले के दिहोर के रहने वाले थे। राष्ट्रपति ने हादसे पर दुख प्रकट किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुर्मू के हवाले से राष्ट्रपति भवन ने एक्स पर पोस्ट में कहा, गुजरात से उत्तर प्रदेश जा रही श्रद्धालुओं से भरी बस के राजस्थान के भरतपुर जिले में दुर्घटनाग्रस्त होने और अनेक यात्रियों की मृत्यु के समाचार से मुझे गहरा दुख पहुंचा है। राष्ट्रपति ने कहा, शोक-संतप्त परिवारों के प्रति मैं संवेदना व्यक्त करती हूं और घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूँ। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि देने की मंजूरी दी है। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र व मुख्यमंत्री ने भी हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की।

## वैज्ञानिकों ने बड़ी आंत के कैंसर के लिए नए आनुवंशिक जोखिमों का पता लगाया

**नई दिल्ली।** शोधकर्ताओं ने कई ऐसे नए जीन्स का पता लगाया है, जिनकी वजह से लोगों को बड़ी आंत और मलाशय के कैंसर का खतरा होता है। इस नवीनतम शोध के जरिए बड़ी आंत के कैंसर जैसी जानलेवा एवं घातक बीमारी की रोकथाम और उपचार के प्रयासों में सहायता मिल सकती है। अमेरिका में वेंडरबिल्ट-इनग्राम कैंसर सेंटर के शोधकर्ताओं ने वंशाणुओं (जीन्स) की खोज को मजबूत करने के लिए एक बड़ा ट्रांसक्रिप्टोमिक-वाइड एसो. अध्ययन (टीडब्ल्यूएएस) किया और इसके लिए स्प्लिसिंग-टीडब्ल्यूएएस नामक वैकल्पिक दृष्टिकोण रखा गया। टीडब्ल्यूएएस एक आनुवंशिक पद्धति है, जिसका उपयोग वंशाणु के आनुवंशिक घटकों और किसी लक्षण के आनुवंशिक घटकों की तुलना करने के लिए किया जा सकता है ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि दोनों घटकों के बीच कोई संबंध मौजूद है या नहीं।

# मैंने राजनीति नहीं छोड़ी है, मैं अगला चुनाव भी लड़ूंगीः उमा भारती

**भाषा।** सागर

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) की तेज-तर्रार नेता एवं मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने कहा कि लोग भले ही कुछ भी कहें, लेकिन उन्होंने राजनीति नहीं छोड़ी है और वह अगला चुनाव लड़ेंगी। केंद्रीय मंत्री रह चुकी भारती ने यह बात सोमवार को बुंदेलखंड क्षेत्र के सागर जिले में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा, मैंने 2019 का (लोकसभा) चुनाव लड़ने से इसलिए इनकार कर दिया था, क्योंकि मैं लंबे समय से काम कर रही थी। मैंने पांच साल का ब्रेक लेने की सोची। लोगों को लगा कि मैंने राजनीति छोड़ दी है, लेकिन मैं यह कहते-कहते थक गई हूं कि मैंने राजनीति नहीं छोड़ी है।

भारती ने कहा, मैं चाहे 75 साल की हो जाऊं या 85 साल की, राजनीति की दुनिया में सक्रिय रहूंगी और अगला चुनाव लड़ूंगी। मुझे राजनीति बहुत पसंद है। केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना और ललितपुर-सिंगरौली रेल लाइन समेत कई बड़ी विकास परियोजनाओं का जिक्र करते हुए भाजपा नेता ने कहा कि वह राजनीति में थीं, इसलिए ए परियोजनाएं हकीकत बन सकीं।

भारती ने कहा कि उन लोगों ने राजनीति को बर्बाद कर दिया है, जो इसे विलासिता का साधन मानते हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, मेरा जीवन धन्य हो गया, क्योंकि मैंने राजनीति को ही भगवत प्राप्ति का माध्यम समझा। मैं राजनीति कभी नहीं छोड़ूंगी। जब तक लोगों की जरूरतें बनी रहेंगी, उन्हें पूरा करने के लिए राजनीती करती रहूंगी। मध्य प्रदेश में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं, जबकि लोकसभा चुनाव अगले साल प्रस्तावित हैं। भारती ने आखिरी बार 2014 में झांसी (उत्तर प्रदेश) से लोकसभा चुनाव लड़ा था। जीत के बाद वह नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में मंत्री पद पर काबिज हुई थीं।

## सनातन पर बहस बंद कर केंद्र की विफलताओं पर ध्यान केंद्रित करेंः स्टालिन

**चेन्नई।** द्रविड़ मुनेत्र कषगम के अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने बुधवार को अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को सलाह देते हुए कहा कि उन्हें सनातन धर्म पर बहस से बचना चाहिए और भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घेरना चाहिए। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ दल के प्रमुख ने एक बयान में कहा कि कुछ दिन पहले पीएम द्वारा अपने मंत्रिमंडल सहयोगियों से सनातन धर्म की रक्षा करने के लिए कहा जाना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि वह इस विवाद से राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं। हर दिन किसी न किसी केंद्रीय मंत्री द्वारा लोगों का ध्यान भटकाने के लिए जानबूझकर सनातन को चर्चा का मुद्दा बनाने की कोशिश की जाती है। विफलताओं को छिपाने की भाजपा की इस चाल में नहीं फंसना चाहिए। मुख्यमंत्री ने भारत माला और द्वारका एक्सप्रेसवे परियोजनाओं सहित केंद्रीय योजनाओं में 7.50 लाख करोड़ रुपए की कथित अनियमितताओं का जिक्र किया।

# टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी बंगाल स्कूल भर्ती घोटाले में ईडी के समक्ष पेश हुए

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद अभिषेक बनर्जी पश्चिम बंगाल में कथित स्कूल भर्ती घोटाले की जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश हुए। अधिकारियों ने बताया कि टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव बनर्जी पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे कोलकाता में ईडी के कार्यालय पहुंचे और उनसे नौ घंटे पूछताछ की गयी। ईडी के एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, बनर्जी को स्कूल भर्ती में कथित अनियमितताओं के संबंध में साक्ष्य प्रदान करने के लिए कहा गया है। हमारे अधिकारियों द्वारा उनसे घोटाले के संबंध में कुछ सवाल भी पूछे जाने की संभावना है।

डायमंड हार्बर से सांसद बनर्जी को बुधवार को दिल्ली में विपक्षी दलों के गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की समन्वय समिति की बैठक में शामिल होना था, लेकिन ईडी अधिकारियों के सामने पेश होने के चलते वह इस बैठक में शिरकत नहीं कर पाए। ईडी के अधिकारी ने पूछताछ के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि तीन अधिकारी कथित तौर पर घोटाले में शामिल कंपनी लीप्स एंड बाउंड्स के साथ बनर्जी की भूमिका और संलिप्तता के बारे में उनसे पूछताछ कर रहे है। उन्होंने कहा,"बनर्जी से कंपनी के साथ उनके जुड़ाव और क्या वह अब भी निदेशक पद पर काबिज से जुड़ी जानकारी मांगी गई। पूछताछ अब भी जारी है और यह तब तक जारी रह सकती है जब तक हमारे अधिकारी संतुष्ट नहीं हो जाते। यह पूछे जाने पर कि क्या बनर्जी ईडी के अधिकारियों के साथ सहयोग कर रहे हैं, तो अधिकारी ने हां में जवाब दिया।

उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, वह सहयोग कर रहे हैं। लेकिन कुछ बाते हैं जो स्पष्ट नहीं हैं। हमारे अधिकारी उससे उनसे जवाब लेने की कोशिश कर रहे हैं। पूछताछ अभी जारी है। बनर्जी ने मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के समक्ष एक पूरक हलफनामा दायर किया था जिसमें दावा किया गया कि जब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के पहले के समन को चुनौती देने वाला उनका पुनरीक्षण आवेदन लंबित है तो एजेंसी का नया समन कानूनी रूप से वैध नहीं है। हलफनामे में कहा गया है कि टीएमसी सांसद को बुधवार को"साक्ष्य देने के लिए" बुलाया गया है। बनर्जी ने उच्च न्यायालय के समक्ष दायर एक पुनरीक्षण याचिका में न केवल पूरी जांच को चुनौती दी है, बल्कि एजेंसी द्वारा उन्हें जारी किए गए पिछले समन को भी चुनौती दी है।

## रामदेव को धार्मिक भावनाएं आहत करने संबंधी मामले में जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने का आदेश

**जोधपुर।** राजस्थान उच्च न्यायालय ने योग गुरु रामदेव को कथित तौर पर धार्मिक भावनाएं आहत करने के संबंध में दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में पूछताछ के लिए पांच अक्टूबर को बाड़मेर के चोहटन थाने में पेश होने का निर्देश दिया है। अदालत ने उनकी गिरफ्तारी पर लगी रोक बढ़ा दी है। अदालत ने रामदेव को जांच अधिकारी के बुलाए जाने पर उनके समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया और सरकारी वकील को 16 अक्टूबर को अदालत में केस डायरी पेश करने का भी निर्देश दिया। अदालत ने तब तक रामदेव की गिरफ्तारी पर लगी रोक बढ़ा दी। न्यायमूर्ति ने सोमवार को रामदेव के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द करने का अनुरोध करने संबंधी आपराधिक विविध याचिका पर सुनवाई करते हुए ए निर्देश दिए। आदेश में कहा गया है, याचिकाकर्ता को पांच अक्टूबर को पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे पूछताछ के लिए जांच अधिकारी के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है। याचिकाकर्ता को यह निर्देश भी दिया जाता है कि जब भी जांच अधिकारी उन्हें पूछताछ के लिए बुलाएं तो वह उनके समक्ष उपस्थित हो। अदालत ने पिछली सुनवाई के दौरान रामदेव की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी और उन्हें 20 मई या उससे पहले पूछताछ के लिए जांच अधिकारी के सामने पेश होने का निर्देश दिया था, लेकिन वह जांच अधिकारी के सामने पेश नहीं हुए। दो फरवरी को बाड़मेर में एक धार्मिक कार्यक्रम में मुसलमानों के खिलाफ टिप्पणी करने के आरोप में पठाई खान नामक व्यक्ति ने पांच फरवरी को योग गुरु के खिलाफ बाड़मेर के चोहटन थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। खान ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि रामदेव ने जानबूझकर टिप्पणी की ताकि इस्लाम के खिलाफ नफरत की भावना पैदा हो।

